रांची, सोमवार
27:02:2023

देश/विदेश 11 जेल भी जाना पड़े तो परवाह नहीं .. ..
झारखंड 9 लोक गायिका नेहा सिंह को नोटिस .. ..
अभिव्यक्ति 6 अब मोदी और मनमोहन की .. .. ..
14 साल बाद सामने आयी 10

अखबार जो बदल दे नजरिया
राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 057 epaper.rashtriyakhabar.com फाल्गुन, शुक्लपक्ष अष्टमी, विक्रम संवत 2079

चाणक्य नीति

शाकेन रोगा वर्धन्ते पयसा वर्धते तनु: ।
घृतेन वर्धते वीर्यं मांसान्मासं प्रवर्धते ॥

भावार्थ : साग खाने से रोग बढ़ते हैं, दूध से शरीर मोटा होता है, घी से वीर्य की वृद्धि होती है और मांस से मांस बढ़ता है।

रांची पारा अपडेट

मैक्सिमम	मिनीमम
31.00 °C	15.00 °C

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .50 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 06 .12 बजे

दीमापुर में लगी भीषण आग, 80 परिवार हुए बेघर

कोहिमा : नागालैंड के दीमापुर के कुडा गांव की घनी आबादी वाली मास्टर कॉलोनी में शनिवार शाम भीषण आग लग गई जिसमें 20 से ज्यादा घर जल कर राख हो गये और 80 परिवार बेघर हो गये। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, आग कल शाम लगभग सात बजे एक घर से लगी और आसपास के घरों में फैल गई। आग कैसे लगी इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है और आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। आग बुझाने के लिए सात दमकलों को लगाया गया था लेकिन लगभग 10 एलपीजी सिलेंडरों के फटने से आग बेकाबू हो गई जिसपर बड़ी मुश्किल से दो घंटे में काबू पाया गया। संपत्ति के नुकसान का आकलन किया जा रहा है और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

बारुदी सुरंग विस्फोट में एक जवान शहीद

जगदलपुर : छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के तहत नारायणपुर जिले में आज बारुदी सुरंग विस्फोट के कारण एक जवान शहीद हो गया। वहीं कल शाम कांकेर जिले में नक्सलियों ने एक आरक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। पिछले दो दिनों में बस्तर संभाग में पांच जवान शहीद हो गए। नारायणपुर पुलिस अधीक्षक पुस्कर शर्मा ने बताया कि ओरछा विकासखंड के थाने से छत्तीसगढ़ आर्म्स और जिला पुलिस के जवान की संयुक्त टीम नक्सली प्रभावित क्षेत्र में गश्त के लिए निकली थी। इसमें लगभग पचास जवान शामिल थे। थोड़ी दूर पहुंचने के बाद बटटूमपारा के पास नक्सलियों द्वारा बिछायी गयी बारुदी सुरंग में विस्फोट होने पर 16वीं वाहिनी का प्रधान आरक्षक संजय लकड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए ओरछा अस्पताल तक पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शहीद प्रधान आरक्षक संजय लकड़ा मूल रूप से जशपुर जिला निवासी हैं। इधर कांकेर के पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने बताया कि सेना का एक जवान मोतीराम अंचला अवकाश पर अपने गृहग्राम आमाबेड़ा आया हुआ था।

एनएलएफटी के आतंकवादी को पूछताछ के लिए लाया गया

अगरतला : सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जरिए शनिवार की रात बंगलादेश से यहां लाए गए नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के एक कट्टर आतंकवादी को दक्षिण असम के करीमगंज जिले के सुतरकंडी सीमा चौकी पर भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। आतंकवादी की पहचान बिधु देबबर्मा (51) के रूप में हुई, जो खोवाई के सीमावर्ती गांव देवेंद्र चौधरीपारा का रहने वाला है। देबबर्मा ने दावा किया कि उसने 2015 में उत्तरी त्रिपुरा के पानीसागर में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस बीच 2019 में वह बंगलादेश चला गया, जहां उसे ढाका पुलिस ने गिरफ्तार कर बंदी बना लिया। देबबर्मा को हाल ही में बंगलादेश की जेल से रिहा किया गया था और प्रोटोकॉल के अनुसार बंगलादेश बॉर्डर गाड्र्स (बीजीबी) ने उन्हें बीएसएफ को सौंप दिया था।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

कार्रवाई दिल्ली के आबकारी घोटाले की जांच के सिलसिले में सीबीआई की कार्रवाई

आठ घंटे की पूछताछ के बाद मनीष सिसोदिया गिरफ्तार

- आम आदमी पार्टी ने पहले ही कहा था ऐसा होगा
- राजघाट पर श्रद्धांजलि देने के बाद दफ्तर पहुंचे थे
- पार्टी ने कहा डराने की किसी कार्रवाई का विरोध होगा

राष्ट्रीय खबर

नई दिल्ली : दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई लगभग आठ घंटे की पूछताछ के बाद दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया है। वैसे खुद श्री सिसोदिया तथा आम आदमी पार्टी ने पहले ही इस गिरफ्तारी का एलान कर दिया था। खुद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि उन्हें अंदरखाने से इस बात की जानकारी मिल चुकी है। दूसरी तरफ सिसोदिया ने भी आज सुबह सीबीआई कार्यालय जाने के पहले ही कार्यकर्ताओं से कह दिया था कि वह सात आठ माह के लिए जेल जाने वाले हैं। सिसोदिया सुबह करीब 11.10 बजे जांच में शामिल हुए। सीबीआई के अधिकारियों की एक टीम उनसे पूछताछ कर रही थी। आबकारी विभाग के एक आईएएस अफसर ने पूछताछ के दौरान सिसोदिया का नाम लिया था। अफसर ने कहा- सिसोदिया ने ऐसी शराब नीति बनाई थी, जिससे सरकार को मुनाफा नहीं हो, व्यापारियों को मोटा फायदा हो। इसी बयान के आधार पर सिसोदिया से पूछताछ की गई थी।

पूछताछ के लिए जाने से पहले दिल्ली के उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वह झूठे आरोपों को लेकर जेल जाने से भयभीत नहीं हैं। सिसोदिया ने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे। इससे पहले सिसोदिया राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सीबीआई कार्यालय पहुंचे थे।सीबीआई ने सिसोदिया को पिछले रविवार को तलब किया गया था। हालांकि बजट की तैयारियों का हवाला देते हुए सिसोदिया ने इसे टालने का अनुरोध किया था। इसके बाद, सीबीआई ने उन्हें 26 फरवरी को पेश होने को कहा था। सीबीआई की

›› पेज 2 भी देखें

सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा था कि

सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा था कि यह भी आरोप है कि आबकारी नीति में बदलाव, लाइसेंसधारकों को अनुचित लाभ देना, लाइसेंस शुल्क में छूट/कमी, अनुमोदन के बिना एल-1 लाइसेंस का विस्तार आदि सहित अनियमितताएं की गईं। प्रवक्ता ने कहा था कि आरोप है कि इन कृत्यों से मिले अवैध लाभ को निजी पक्षों ने अपने बहीखातों में गलत प्रविष्टियां दर्ज करके संबंधित लोक सेवकों तक पहुंचाया था। सिसोदिया के समर्थन में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उतर गए हैं। केजरीवाल ने कहा कि देश और समाज के लिए जेल जाना अभिशाप नहीं, बल्कि गर्व का विषय है। केजरीवाल ने एक ट्वीट में कहा, ह्यह्यभगवान आपके साथ है मनीष। लाखों बच्चों और उनके माता-पिता की दुआ आपके साथ है। जब आप देश और समाज के लिए जेल जाते हैं तो जेल जाना दूषण नहीं, भूषण होता है। प्रभु से कामना करता हूँ कि आप जल्द जेल से लौटें। दिल्ली के बच्चे, उनके माता-पिता और हम सब आपका इंतजार करेंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली के उपमुख्यमंत्री सत्य के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं और पूरा देश उनके साथ है।

कूटनीति और चुनावी राजनीति के मुद्दे पर रॉ के पूर्व प्रमुख का बयान

लगता है नरेंद्र मोदी पाकिस्तान की मदद करेंगे

- भारत को कूटनीति के पेंच को समझना होगा
- रूस, चीन और ईरान हमारे काफी करीब है
- हमारा नया दोस्त अमेरिका काफी दूर है

राष्ट्रीय खबर

कोलकाता: आर्थिक संकट से जूझते पाकिस्तान की मदद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। वहां के घटते विदेशी मुद्रा भंडार, राष्ट्रव्यापी बिजली संकट, राजनीतिक अस्थिरता और गिरते पाकिस्तानी रुपये ने पहले ही पड़ोसी राज्य को आईएमएफ से बेलआउट पैकेज लेने के लिए प्रेरित किया है। रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के पूर्व प्रमुख अमरजीत सिंह दौलत का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल के अंत में किसी न किसी स्तर पर पाकिस्तान की ओर रुख कर सकते हैं और राजनीतिक और आर्थिक संकट का सामना कर रहे पड़ोसी राज्य को उबार भी दे सकते हैं। उनका यह बयान ठीक आरएसएस के एक वरिष्ठ नेता के उस बयान के बाद आया है, जिसमें यह कहा गया था कि शत्रु होने के बाद भी भारत को ऐसी परिस्थिति में पाकिस्तान की जनता की मदद करनी चाहिए और वहां कमसे कम पर्याप्त गेंहू भेजना चाहिए। श्री दौलत ने यह कहते हुए ईरान-रूस-चीन धुरी के अत्यंत मजबूत होने की चेतावनी दी और कहा कि कि भारत का नया सहयोगी यूएसए दूर है। भौगोलिक तौर पर दूसरे खेमा के लोग हमारे पड़ोसी हैं और काफी निकट हैं। एक समाचार एजेंसी को दिये गये साक्षातकार में रॉ के पूर्व निदेशक ने कहा कि पाकिस्तान से बात करने के लिए हर समय सबसे अच्छा समय होता है। हमें अपने पड़ोसियों को व्यस्त रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि थोड़ा और सार्वजनिक जुड़ाव के साथ बातचीत को खुला रखना अनिवार्य

›› पेज 2 भी देखें

कांग्रेस महाधिवेशन के अंतिम दिन देश विदेश के मुद्दों पर बोले राहुल गांधी

चीन और अडानी को लेकर मोदी सरकार पर किया सवाल

- सत्ता के लिए वे कुछ भी कर सकते हैं
- अडाणी को ईस्ट इंडिया कंपनी की तरक्की से समझें
- फर्जी कंपनियों का पता चलने पर भी चुप है केंद्र सरकार

राष्ट्रीय खबर

शहीद वीर नारायण सिंह नगर(रायपुर) : पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने चीन और अडानी को लेकर मोदी सरकार एवं भाजपा पर करारा हमला करते हुए कहा हैं कि सत्ता के लिए वह कुछ भी कर सकते है,किसी से मिल सकते हैं तो किसी से झुक सकते है। श्री गांधी ने आज यहां कांग्रेस के 85 वें अधिवेशन में कहा कि ये सावरकर की विचारधारा के लोग है। इनका तरीका है कि ताकतवर है तो सिर झुका लो,कमजोर है तो मारो। महात्मा गांधी ने सत्ता के विरोध के लिए सत्याग्रह नाम दिया लेकिन यह सत्ताग्राही है।उन्होने विदेश मंत्री जयशंकर का नाम लिए बगैर उनके चीन को लेकर दिए साक्षात्कार पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि,,वह कहते है कि चीन की अर्थव्यवस्था बड़ी है भारत उनसे कैसे लड़ सकता है। उन्होने पूछा कि जब अंग्रेज भारत पर राज करते थे तो क्या उनकी अर्थव्यवस्था हमसें छोटी थी। उन्होने अडानी समूह की तुलना ईस्ट इंडिया कम्पनी से करते हुए कहा कि संसद में जब अडानी के दुनिया में 609वें स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचने का सवाल उठाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस समूह का रिश्ता पूछा तो पूरी सरकार एवं मंत्री अडानी की रक्षा करने के लिए खड़े हो गए। शेल

›› पेज 2 भी देखें

जलदापाड़ा में नाराज गेंडों ने उलट दी पर्यटकों की गाड़ी

राष्ट्रीय खबर

अलीपुरदुआर: जलदापाड़ा अभयारण्य में एक अजीब किस्म की घटना बीते शनिवार की घटी। इस किस्म की घटना को कोई पूर्व रिकार्ड इस जंगल में नहीं रहा है। वहां जंगली जानवरों को देखने निकले पर्यटकों की एक गाड़ी पर अचानक नाराज गेंदा ने हमला कर दिया। गाड़ी पर सवार और इस जंगल सफारी पर निकले पर्यटक भी गेंडा को अपने कैमरे में कैद कर रहे थे। इनमें से किसी को भी यह अंदाजा भी नहीं था कि अचानक यह राइनो इतनी नाराजगी के साथ गाड़ी की तरफ दौड़ पड़ेगा। इन पर्यटकों से मिली जानकारी के मुताबिक जंगल सफारी पर निकले लोगों को जंगल में आपस में लड़ते दो राइनो नजर आये थे। वहां गये पर्यटक इनकी तस्वीर ले रहे थे। अचानक उन दोनों के करीब एक जंगल सफारी की जिप्सी गाड़ी पहुंच गयी। इस गाड़ी के करीब आने से दोनों अत्यधिक नाराज हो गये। दोनों गेंडों ने इस गाड़ी पर जोरदार टक्कर मार दी। विशाल आकार के इन जानवरों की टक्कर से यह गाड़ी सड़क के बगल के एक नाले में गिर गयी। चूंकि वहां दूसरे वाहन भी मौजूद थे, इसलिए

›› पेज 2 भी देखें

राष्ट्रपति जेलेंस्की से हुई वार्ता के बाद तुर्किया के राष्ट्रपति की पहल

एर्दोगन ने फिर से पुतिन से फोन पर बात की

राष्ट्रीय खबर

अंकारा: तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक के बाद रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर बात की। तुर्की सरकार की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह बातचीत 6 फरवरी को तुर्की और सीरिया में आए भूकंपों के साथ-साथ रूस के पूर्ण पैमाने पर युद्ध पर केंद्रित थी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार एर्दोगन ने मानव हताहतों और विनाश को रोकने के लिए एक उचित शांति प्राप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। यह जानकारी तब सामने आयी है जबकि पहला प्रस्ताव नामंजूर किये जाने के बाद भी चीन ने दोबारा यूक्रेन का युद्ध समाप्त करने की दिशा

›› पेज 2 भी देखें

ड्रोन हमले के बाद व्यवधान उत्पन्न हो गया था

तुर्की की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि पूर्व में हुए समझौते को पुनर्जीवित करने के लिए तुर्की की गंभीर इच्छा व्यक्त करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि उनका देश इस मामले में सभी प्रकार का समर्थन प्रदान करने के लिए तैयार है। इस बीच, क्रेमलिन के बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपतियों ने अनाज समझौते पर चर्चा की। तुर्की की पहल पर ही रूस ने यूक्रेन को अनाज निर्यात का अनुमति दी थी। जिसमें रूसी नौसेना पर हुए ड्रोन हमले के बाद व्यवधान उत्पन्न हो गया था। इससे पहले 24 फरवरी को, एर्दोगन ने कहा था कि उनके पास जेलेंस्की के साथ एक फोन कॉल आया था, जिसके दौरान उन्होंने शांति के लिए कोई भी योगदान देने और संघर्ष विराम और वार्ता के आधार पर स्थिति को निपटाने के लिए तुर्की की तत्परता की घोषणा की। अंकारा ने बार-बार रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम की माहौल बनाने की दिशा में सभी देशों को प्रयास करने इच्छा व्यक्त कर रहा है। एर्दोगन के प्रवक्ता इब्राहिम कलिन ने कहा कि तुर्की यूक्रेन में स्थानीय युद्धविराम और छोटे स्थानीय डी-एस्केलेशन के लिए जोर देने को तैयार है। 20 जनवरी को जेलेंस्की के साथ एक कॉल में, एर्दोगन ने कथित तौर पर कहा कि तुर्की अपनी तरफ से रूस और यूक्रेन के बीच स्थायी शांति की स्थापना के लिए एक सूत्रधार और मध्यस्थ की भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

अनुसंधान टोक्यो विश्वविद्यालय के शोधकताओं ने इलेक्ट्रानिक्स में कमाल किया

एक आणविक स्वीच बनाया, जिसका उपयोग बहुआयामी

- प्रयोग सफल लेकिन अभी काफी समय लगेगा
- लेजर किरणों पर आधारित था यह अनुसंधान
- हर इलेक्ट्रानिक उपकरणों का आकार छोटा करेगा

राष्ट्रीय खबर



रांची: पहली बार टोक्यो विश्वविद्यालय एवं शोधकताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने एक ट्रांजिस्टर के समान एक स्विच का प्रदर्शन किया है, जो फुलेरीन नामक एकल अणु से बना है। सावधानी से ट्यून की गई लेजर पल्स का उपयोग करके, शोधकर्ता आने वाले इलेक्ट्रॉन के पथ को अनुमानित तरीके से बदलने के लिए फुलेरीन का उपयोग करने में सक्षम हैं। उपयोग की गई लेजर संकेतों के आधार पर, यह स्विचिंग प्रक्रिया माइक्रोचिप्स में स्विच की तुलना में तीव्रता के तीन से छह गुणा तेज हो सकती है। एक नेटवर्क में फुलेरीन स्विच इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजिस्टर के साथ जितना संभव हो उससे परे एक कंप्यूटर का उत्पादन कर सकते हैं, और वे सूक्ष्म इमेजिंग उपकरणों में अभूतपूर्व स्तर के रिजॉल्यूशन भी पैदा कर सकते हैं। सैद्धांतिक तौर पर कई अल्ट्राफास्ट इलेक्ट्रॉन स्विच को एक एकल अणु में जोड़ा जा सकता है, यह कम्प्यूटेशनल कार्यों

›› पेज 2 भी देखें

इलेक्ट्रॉन उत्सर्जन ने ऐसे पैटर्न बनाए जो जिज्ञासा को लुभाते थे

आज से करीब 70 साल पहले, भौतिकविदों ने पाया कि अणु विद्युत क्षेत्रों की उपस्थिति में इलेक्ट्रॉनों का उत्सर्जन करते हैं। इलेक्ट्रॉन उत्सर्जन ने ऐसे पैटर्न बनाए जो जिज्ञासा को लुभाते थे लेकिन वैज्ञानिक व्याख्या से दूर थे। इस प्रोजेक्ट के शोधकर्ता हिरोफुमी यानागिसावा और उनकी टीम ने सिद्धांत दिया कि विशिष्ट प्रकार के लेजर प्रकाश के संपर्क में आने पर फुलेरीन के उत्तेजित अणुओं से इलेक्ट्रॉनों का उत्सर्जन कैसे व्यवहार करना चाहिए, और उनका आकलन परीक्षण करते समय पाया कि वे सही पाये गये थे। यानागिसावा ने कहा कि हम यहां क्या करने में कामयाब रहे हैं, जिस तरह से एक अणु लाल लेजर प्रकाश की एक बहुत ही छोटी स्पंदन का उपयोग करके आने वाले इलेक्ट्रॉन के पथ को नियंत्रित करता है। प्रकाश की इसी तकनीक के आधार पर, इलेक्ट्रॉन या तो अपने स्थापित दिशा पर पर रह सकता है या उसे पुनर्निर्देशित किया जा सकता है। इसलिए, यह ट्रेन ट्रैक पर स्विचिंग पॉइंट्स या इलेक्ट्रॉनिक ट्रांजिस्टर की तरह है लेकिन इसके काम करने की गति बहुत तेज है। परीक्षण सफल होने के बाद शोध दल को लगता है कि वे पारंपरिक ट्रांजिस्टर की तुलना में 1 मिलियन गुना तेजी से स्विचिंग गति प्राप्त कर सकते हैं। कंप्यूटिंग की दुनिया में इतनी तेज गति सब कुछ को बदल देगी क्योंकि फुलेरीन अणु को एक ही समय में कई तरीकों से स्विच करने के लिए लेजर को ट्यून कर सकते हैं समय, यह एक अणु में कई सूक्ष्म ट्रांजिस्टर होने जैसा हो सकता है। यह किसी प्रणाली के भौतिक आकार को बढ़ाए बिना उसके काम करने की क्षमता को बढ़ा सकता है।

संगठित अपराधी गिरोह के दो हजार कैदी मेगा जेल में भेजे गये

राष्ट्रीय खबर

सैन सल्वाडोर: अल सल्वाडोर की सरकार ने शुक्रवार को गिरोह के हजारों संदिग्ध सदस्यों को एक नई मेगा जेल में स्थानांतरित कर दिया। देश में लगातार बढ़ते अपराध की रोकथाम की दिशा में सरकार ने यह कड़ा कदम उठाया है। मध्य अमेरिकी देश की सरकार के इस कदम से नई बहस का जन्म हुआ है और इस फैसले पर विवाद भी हो रहा है। फिर भी इतने बड़े पैमाने पर जेलों में बंद कैदियों को इस तरीके से हटाकर जेल के अंदर से संचालित होने वाले अपराधों को रोकने की दिशा में सरकार ने यह कठोर फैसला लिया है। राष्ट्रपति नायब बुकेले ने ट्विटर पर लिखा,यह उनका (कैदियों का) नया घर होगा, जहां वे आबादी को और

›› पेज 2 भी देखें

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र राजनीति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर >> अपडेट

आदिवासी सरना समिति की बैठक

रांची: रांची में 5 मार्च की महारैली को लेकर शनिवार को मोरहाबादी स्थित टैगोर हिल के पास पद्मश्री डॉ राम दयाल मुंडा स्मारक भवन में केन्द्रीय आदिवासी सरना समिति का बैठक की गयी। इसकी अध्यक्षता डॉ रामदयाल मुंडा अखड़ा के संरक्षक अमित मुंडा ने की। समिति के संयोजक डब्लू मुंडा ने कहा कि टीआरआई की रिपोर्ट्स के आधार पर यह स्पष्ट हो चुका है कि कुरमी एक अनुसूची जनजाति होने के मापदंडों को पूरा नहीं करता है। कुरमी झारखंड राज्य में पहले से ओबीसी लिस्ट में सूचीबद्ध है। एसटी लिस्ट में शामिल होने की इनकी मांग व्यर्थ तथा राजनीतिक षड्यंत्र प्रतीत होती है। बैठक में संयोजक अरुण पहान, बिजय मुंडा,अनिल मुंडा, लखन, उरांव, प्रवीण उरांव, बिक्की मुंडा, अजीत लकड़ा, रिंकी नायक, बिरसा विकास जनकल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव शामिल हुए।

बजट आज से झारखंड विधानसभा का बजट सत्र

एक लाख ग्यारह हजार करोड़ से ज्यादा के बजट पेश होने की उम्मीद

राष्ट्रीय खबर

रांची: वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट सत्र 27 फरवरी से शुरू हो रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में इस बार (2023-24) ज्यादा राशि का प्रावधान बजट में होने की उम्मीद है। पिछले दफा 1.01 लाख करोड़ का बजट पेश किया गया था। इस बार उम्मीद जतायी जा रही है कि 1 लाख 11 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट आ सकता है।

इधर, इस बार के बजट में एक दिलचस्प केस यह देखने को मिलेगा कि बतौर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव चौथी बार बजट पेश करेंगे। इससे पहले लगातार पांच बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड पूर्व सीएम सह वित्त मंत्री रघुवर दास के नाम था। आनेवाले बजट को लेकर लोगों की निगाहें सरकार पर है। लोग उम्मीद लगाये बैठे हैं कि बढ़ती महंगाई और चुनौतियों के बीच सरकार जनाकांक्षा के अनुरूप बजट लायेगी। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में आने वाले बजट में क्या खास होगा, यह सबके लिये उत्सुकता का विषय बना हुआ है। ऐसे में सबकी नजरें 3 मार्च को विधानसभा पटल पर पेश होने वाले बजट पर लग गयी है।राज्य सरकार ने इस वर्ष के बजट की तैयारी से पहले और लोगों के सेंटीमेंट से जोड़ने को बजट का नामकरण हमीन कर बजट किया था। विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य की तीन चौथाई आबादी खेती-किसानी पर आश्रित है। इसे ध्यान में रखते हुए और हमीन कर बजट पर मिले सुझाव के मुताबिक इस सेक्टर पर ज्यादा फोकस दिखा सकती है।

साथ ही वित्तीय मामलों के एक्सपर्ट के अनुसार एक बैलेंस बजट तभी बन सकता है जब ढांचागत विकास पर बजट का आधा हिस्सा खर्च हो। शेष 50 प्रतिशत हिस्से में 30 प्रतिशत राज्य की जरूरतों और 20 प्रतिशत को अन्य देनदारियों में खर्च करना चाहिए।बजट सत्र को लेकर सत्तारूढ़ महागठबंधन के नेताओं की बैठक हुई।

बैठक शाम चार बजे मुख्यमंत्री आवास में हुई। इसमें कांग्रेस, झामुमो और राजद के मंत्रियों के अलावा विधायक और अन्य प्रमुख नेता भी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की बजट पेश करने की तैयारियों के अलावा सदन में विपक्षी दलों के सवालों और रणनीतियों की तोड़ निकालने पर भी मंथन किया गया। जानकारी के मुताबिक यह बजट सत्र सरकार के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित होने वाला है। सरकार के स्तर से कहा गया था कि बजट सत्र की अवधि में नयी नियोजन नीति लायी जायेगी। पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। उसके बाद बजट सत्र में सरकार नियोजन नीति पर विधेयक ला सकती है। इसके अलावा स्थानीयता को लेकर भी फिर से सदन मे विधेयक लाया जा सकता है।

बाहर से आए पार्टी कार्यकताओं को जिला छोड़ने का आदेश

रामगढ़ में निषेधाज्ञा लागू

राष्ट्रीय खबर

रांची: 27 फरवरी को रामगढ़ उपचुनाव के लिए वोटिंग होनी है। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से चुनाव प्रचार संबंधी प्रचार-प्रसार पर भारत निर्वाचन आयोग ने प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसे में अब चुनाव प्रचार भी 25 फरवरी की शाम को थम गया। साथ ही रामगढ़ जिला प्रशासन ने जिले में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा आदेश जारी कर दिया है। रामगढ़ में उपस्थित विभिन्न दलों के ऐसे कार्यकताओं को बाहर चले जाने को कहा है जो दूसरे जिलों से आए हैं और यहाँ के वोटर नहीं हैं। पांच या इससे अधिक व्यक्ति एक साथ कहीं भी जमा नहीं होंगे। हालांकि एसडीओ, रामगढ़ ने जारी आदेश में यह भी कहा है कि 27 फरवरी को शादी, बारात पार्टी, शव यात्रा, अस्पताल ले जा रहे व्यक्तियों, स्कूल, महाविद्यालय जा रहे स्टूडेंट्स पर लागू नहीं होगा।एसडीओ के मुताबिक अब रामगढ़ में चुनाव होने तक किसी भी राजनीतिक दल के द्वारा सभा, जुलूस, धरना या प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। अब सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक डोर टू डोर संपर्क दलों के प्रतिनिधि, कैंडिडेट कर सकते हैं। 25 फरवरी की शाम 5 बजे से जिले में ड्राइ डे लागू है जो 27 फरवरी की शाम 5 बजे तक लागू रहेगा। कोई भी व्यक्ति लाइसेंसी हथियार, तीर-धनुष, लाठी, भाला और अन्य कोई घातक हथियार लेकर नहीं घुमेगा।

प्रधानमंत्री और गौतम अडानी को एक बताने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया

राहुल गांधी के किस बयान पर भड़के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश

राष्ट्रीय खबर

रांची:अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी का तीन दिवसीय रायपुर महाधिवेशन समाप्त हो गया है। इस 85वें महाधिवेशन के अंतिम दिन रविवार अध्यक्षीय भाषण से ठीक पहले राहुल गांधी ने कार्यकताओं के बीच जोशीला भाषण दिया। राहुल गांधी के भाषण पर महाधिवेशन में खूब तालियां बजीं तो राहुल गांधी फिर एक बार भाजपा नेताओं के निशाने पर आ गए। भारतीय जनता पार्टी के झारखंड अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने राहुल गांधी के संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी को एक बताने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि दुनिया ने जिसे विश्व का सर्वोच्च नेता माना, उस पर जनता द्वारा नकारे गए नेता राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं। दीपक प्रकाश ने कहा कि भारत के विकास की रफ्तार को तेज करने, यहां की आर्थिक स्थिति को दुरुस्त करने, कोरोना के कालखंड में भी गंभीरता से काम कर राज्य और देश के कोरोना मुक्त करने में जो भूमिका पीएम मोदी ने निभाई है यह उसी का परिणाम है। भारत जोड़ो के नाम पर भारत तोड़ने वाले के साथ हाथ मिलाने वाले राहुल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बोलने का अधिकार नहीं है। दीपक प्रकाश ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो कार्यक्रम में टुकड़े टुकड़े गैंग के सदस्य चल रहे थे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि रायपुर में राहुल गांधी अगर थोड़ा समय निकाल कर छतीसगढ़ में हो रहे भ्ष्टाचार, शराब घोटाले और कोयला घोटाले पर कुछ बोलते तो रायपुर की जनता का भला हो जाता। दीपक प्रकाश ने कहा कि देश में सबसे अधिक भ्ष्टाचार और प्राकृतिक संसाधनों की लूट छतीसगढ़ और झारखंड में हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं के यहां छापेमारी में एऊको करोड़ों रुपये मिल रहे हैं। इस पर भी राहुल गांधी को कुछ बोलने की जरूरत थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता द्वारा नकारे हुए लोगों के प्रभाव में देश की जनता नहीं आने वाली है। रायपुर में कांग्रेस के 85 वें महाधिवेशन के अंतिम दिन अपने संबोधन में राहुल गांधी ने अडानी प्रकरण का जिक्र करते हुए सीधा हमला पीएम मोदी पर किया और कहा कि अडानी-मोदी एक ही हैं।

पूर्व कांग्रेसी नेता ऐनुल हक अंसारी ने थामा झारखंड पार्टी का दामन

राष्ट्रीय खबर

रांची: पूर्व कांग्रेसी नेता ऐनुल हक अंसारी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ रविवार को रांची डिबडीह स्थित होटल कार्निवाल में झारखंड पार्टी (झापा) का दामन थामा। मौके पर झारखंड पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अजीत कुमार और महासचिव अशोक कुमार ने ऐनुल हक अंसारी को बुके दे कर और माला पहना कर पार्टी में स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने के बाद ऐनुल हक अंसारी ने कहा कि, लगभग 25 वर्ष तक कांग्रेस पार्टी से जुड़ा रहा। विभन्न पदों पर भी रहकर जिम्मेदारी संभाली। लेकिन वर्तमान में कांग्रेस पार्टी जनमुद्दों से भटक चुकी है। कांग्रेस पार्टी में काम करने वाले कार्यकर्ताओं वर्तमान में नजरअंदाज किया जा रहा है। हालत ऐसी हो चुकी है कि यहां पर खुद कार्यकर्ता जन मुद्दों को लेकर आवाज नहीं उठा सकते। लोग चाटुकारी कर पार्टी के शीर्ष पदों पर काबिज है।

झारखंड में कांग्रेस पार्टी दलालों की चुंगल में है। लोगों का भरोसा अब सिर्फ और सिर्फ झारखंड पार्टी से है। झारखंड पार्टी झारखंडियों के हित की लड़ाई और उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए है। वर्तमान में रामगढ़ उपचुनाव हो रहा है। झारखंड पार्टी के भी प्रत्याशी मैदान पर है। निश्चित तौर पर झारखंड पार्टी रामगढ़ उपचुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेगी। झारखंड के लोग भाजपा, कांग्रेस, झामुमो, आजसू सभी को राज्य चलाने के लिए मौका दिया। पर सभी ने राज्य को सिर्फ लूटने का काम किया। यहाँ की खनिज संपदा को बेचने का काम किया। 3 साल से भी ऊपर हो गए है कांग्रेस, झामुमो, राजद गठबंधन की सरकार की।

प्रधानमंत्री से मिले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन

विचारधारा रायपुर में आयोजित कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन में बंधु तिर्की ने कहा

भाजपा की विचारधारा अदिवासियों को स्वीकार नहीं

राष्ट्रीय खबर

रांची:झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने भाजपा और आरएसएस को निशाने पर लिया। रायपुर में आयोजित कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने केवल और केवल शब्दों के मायाजाल में आदिवासियों सहित सभी लोगों को फंसा रखा है। उन्हें आदिवासियों के हित का ध्यान नहीं है। न ही आदिवासियों के लिये उन्होंने कोई काम किया है। भाजपा की विचारधारा आदिवासियों को बिल्कुल भी स्वीकार नहीं है। भारत में अबतक आदिवासियों के उन्नयन और उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास का ध्यान सिर्फ कांग्रेस ने ही रखा है। इस दौरान अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसीवेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य नेताओं की भी उपस्थिति थे। श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस ने ही आदिवासियों के हित में पेसा कानून, जनजातियों के लिए उप योजना (ट्राइबल सब प्लान), वनाधिकार कानून आदि के साथ ही संविधान पांचवीं और छठी अनुसूची के प्रावधान सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये। लेकिन अपने 8-9 वर्षो के शासनकाल में भारतीय जनता पार्टी ने केवल और केवल शब्दों के भ्रमजाल में आदिवासियों के साथ ही सभी को भरमाया है। आदिवासी भोले-भाले होते हैं। वे इस तरीके के मकड़जाल में फंस जाते हैं लेकिन अब आदिवासी हकीकत समझ रहे हैं।अधिवेशन में सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्ताव प्रारूप समिति में शामिल श्री तिर्की ने कहा कि देश में विभिन्न जातियों और समुदायों की तरह ही आदिवासियों के नाम पर भी आदिवासी रेजिमेंट का गठन किया जाना चाहिये। इससे देश का विशाल जनजातीय समुदाय भावनात्मक रूप से न केवल मजबूत होगा बल्कि इससे झारखण्ड के स्वतंत्रता सेनानियों और आजादी के बाद विभिन्न युद्ध में अपना सर्वोच्च बलिदान और योगदान करनेवाले आदिवासियों की ओर भी देश का ध्यान जायेगा। वह गौरवान्वित हो सकेगा।

पेज एक का शेष

आठ घंटे की पूछताछ .. ..

प्राथमिकी में आरोपी संख्या एक के रूप में सिसोदिया का जिक्र किया है। इससे पहले पिछले साल 17 अक्टूबर को पूछताछ की गई थी। इसके एक महीने बाद, पिछले साल 25 नवंबर को एजेंसी ने अपना आरोपपत्र दाखिल किया था। सिसोदिया से आबकारी नीति के विभिन्न पहलुओं, शराब कारोबारियों और राजनेताओं के साथ उनके कथित संबंधों तथा गवाहों के बयानों में किये गये दावों के बारे में पूछताछ होनी है। आम आदमी पार्टी ने यह दलील भी दी है कि जिस आबकारी नीति को दिल्ली में लागू करने का विरोध किया गया, उसी नीति को पंजाब में लागू कर वहां की सरकार ने पहले के मुकाबले अधिक राजस्व कमाया है।

लगता है नरेंद्र मोदी . .. .

था। उन्होंने कहा कि मेरा अनुमान है कि इस साल मोदी जी पाकिस्तान को राहत देंगे। कोई अंदर की जानकारी नहीं है, लेकिन यह मेरा अनुमान है। श्री दौलत, जिन्होंने अपने दिनों में रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के प्रमुख के रूप में माना जाता है कि उन्होंने पड़ोसी देश में कई गहरी पैठ वाले खुफिया अभियान चलाए हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि अतीत में इसी तरह के संकट से निपटने का पाकिस्तान का तरीका जहां उसने अपनी भू-राजनीतिक स्थिति का लाभ उठाया है और वैश्विक भागीदारों से किराया वसूला है, अब काम नहीं कर रहा है और इसलिए यह भारत के साथ शांति और व्यापार पर बात करने के लिए अधिक खुला हो सकता है। पूर्व जासूस प्रमुख ने बताया कि चीन के लिए भारत की ओर से कूटनीतिक प्रयास अधिक खुली कूटनीति होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आप अपनी चीन की तरफ पीठ मोड़ लेते हैं और ट्रम्प का स्वागत करते हैं, जो चीनियों के साथ अच्छा नहीं होता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि एक मजबूत धुरी विकसित हो रही है, जो ईरान-रूस-चीन है।

चीन और अडानी को लेकर .. ..

कम्पनियों से हजारों करोड़ रूपए हिन्दुस्तान भेजा जा रहा है ,यह पैसा किसका है। अडानी रक्षा क्षेत्र में भी काम करते है। यह गंभीर मामला है देश की सुरक्षा से जुड़ा है। जांच क्यों नही करवाते,जेपीसी क्यों गठित नही करते। श्री गांधी ने प्रधानमंत्री पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी और अड़ानी एक है। देश का पूरा पूरा धन एक व्यक्ति को जा रहा है।संसद में अडानी पर पूरी की पूरी स्पीच रिकार्ड से हटा दी जाती है। उन्होने चुनौती भरे लहजे में कहा कि अडानी के बारे में संसद में हजारों बार पूछेंगे और जब तक अड़ानी की सच्चाई नही निकलेगी हम चुप नही बैठेंगे। ईस्ट इंडिया कम्पनी यहीं करती थी।इतिहास रिपीट हो रहा है। भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होने कहा कि इस यात्रा से उन्हे बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। श्री गांधी ने कहा कि देश के सर्वाधिक आतंकवाद प्रभावित इलाकों में हजारों हजार कश्मीरी युवकों के हाथ में तिरंगा देखना और सड़क से लेकर पहाड़ों तक तिरंगा लहराता देखना उनके लिए बहुत ही सुखद अनुभूति थी।जिस जगह पर सुरक्षा बलों को दो हजार लोगो के जुटने का अनुमान तक जब 40 हजार लोग आ गए तो उनकी व्यवस्था ही ध्वस्त हो गई।उन्होने कहा कि कश्मीरी युवकों के जज्बात और उनके हाथों में तिरंगा देखकर सीआरपीएफ के लोगो ने उनसे कहा कि..यहां मैंने कभी ऐसा नही देखा। उन्होने कहा कि मोदी जी कहते है कि मैंने भी लाल चौक पर झंडा फहराया था 15-20 लोगो के साथ जाकर। मैं कहता हूं कि हमनें हजारों लोगो के साथ जाकर झंडा फहराया और उनके दिलों में तिरंगे और हिन्दुस्तान की भावना डाल दी जिसे आपने छीन लिया था। श्री गांधी ने कहा कि कांग्रेस तपस्पियों की पार्टी है न कि पुजारियों की। यह तपस्या बन्द नही होनी चाहिए।कार्यक्रम होतो रहने चाहिए। उन्होने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से कहा कि तपस्या का कार्यक्रम वह बनाए और बताए,उसमें वह अपना खून पसीना देंगे और तपस्या में खड़े हो जायेंगे।वह ही नही बल्कि देश खड़ा हो जायेंगा।

जलदापाड़ा में नाराज गेंडों ... .

उस गाड़ी के सभी लोगों को आनन फानन में दूसरे गाड़ियों में लादा गया। सभी गाड़ियों को वहां से निकाल लिया गया। जंगली गेंडा के हमले से सात लोग घायल हुए हैं। इनमें उस जिप्सी का चालक भी शामिल है। सभी को पास के मादारीहाट अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका ईलाज हुआ। वैसे इस अभयारण्य के विभागीय अधिकारी भी इसे अजीब घटना मान रहे हैं। उनके मुताबिक इससे पहले कभी ऐसी घटना नहीं हुई थी।

एर्दोगन ने फिर से पुतिन .. ..

में पहल करने की अपील की है।
इस बीच चीन ने यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने की अपनी योजना जारी रखने की बात कही है। संयुक्त राष्ट्र ने चीनी प्रस्तावों पर सतर्क आशावाद व्यक्त किया, विशेष रूप से परमाणु हथियारों के उपयोग से बचने के लिए दस्तावेज के आह्वान पर। जेलेंस्की ने एक मौन प्रतिक्रिया की पेशकश करते हुए कहा कि यूक्रेन को चीन के साथ काम करनेह्व की आवश्यकता है ताकि साल भर पुराने युद्ध को समाप्त किया जा सके।

एक आणविक स्वीच बनाया .. ..

को पारंपरिक माइक्रोचिप्स की तुलना में बहुत तेजी से करने के लिए केवल फुलेरीन स्विच का एक छोटा नेटवर्क लेगा। लेकिन इस चुनौती को दूर करने के लिए कई बाधाएं हैं, जैसे कि लेजर के प्रयोग को कम कैसे किया जाए। यह ऐसे किसी नये स्विच को बनाने तथा उसके एक नये प्रकार की एकीकृत सर्किट को बनाने के लिए आवश्यक होगा। इसलिए, हमें फुलेरीन स्विच-आधारित स्मार्टफोन देखने में अभी भी कई साल लग सकते हैं। स्विच में अंतर्निहित फुलेरीन अणु शायद थोड़ा अधिक प्रसिद्ध कार्बन नैनोट्यूब से संबंधित है, हालांकि एक ट्यूब के बजाय, फुलेरीन कार्बन परमाणुओं का एक गोला है। इसे इस तरीके से सजाया गया था कि फुलेरीन एक निश्चित तरीके से उन्मुख होता है ताकि वे इलेक्ट्रॉनों को अनुमानित रूप से निर्देशित कर सकें। बहुत ही कम समय में यह इलेक्ट्रॉनों के उत्सर्जन को ट्रिगर करने के लिए फुलेरीन अणुओं पर केंद्रित होते हैं। यह पहली बार है जब किसी अणु से इलेक्ट्रॉनों के उत्सर्जन को इस तरह नियंत्रित करने के लिए लेजर प्रकाश का उपयोग किया गया है। यानागिसावा ने कहा कि यह तकनीक उसी तरह है जैसे एक फोटोइलेक्ट्रॉन उत्सर्जन माइक्रोस्कोप छवियों का उत्पादन करता है। हालांकि, वे लगभग 10 नैनोमीटर, या एक मीटर के दस-बिलियनवें हिस्से में संकल्प प्राप्त कर सकते हैं। फुलेरीन स्विच इसे बढ़ाता है और लगभग 300 पिकोमीटर, या एक मीटर के तीन-सौ-ट्रिलियनवें के स्तर पर काम करता है। इससे इसके छोटे आकार की कल्पना की जा सकती है।

संगठित अपराधी गिरोह .. ..

अधिक नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे। लगभग 2,000 आरोपी गिरोह के सदस्यों को 40,000 व्यक्ति-क्षमता वाली जेल में ले जाया गया। इस जेल को पूरे महाद्वीप का सबसे बड़ा जेल माना जाता है। केले द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में, कैदियों को सफेद शॉर्ट्स में उतार दिया जाता है, उनके सिर मुंडाए जाते हैं। वीडियो में उन्हें जेल के सेलों की तरफ भागते हुए दिखाया गया है। इनमें से अधिकांश के बदन पर वहां के कुख्यात भालू गिरोह के टैटू बने हुए हैं। बुकेले ने अपने सहयोगियों से पिछले साल अपवाद की स्थिति पारित करने के लिए कहा था। जिसे तब से कई बार बढ़ाया गया है, जो हिंसक गिरोहों के लिए जिम्मेदार हत्याओं में नाटकीय वृद्धि के बाद कुछ संवैधानिक अधिकारों को निलंबित करता है। तब से, 64,000 से अधिक संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इस नियम के तहत गिरफ्तारी वारंट के बिना की जा सकती है और बंदियों को अब वकील का अधिकार नहीं है। मानवाधिकार संगठनों का तर्क है कि नीति में निर्दोष लोगों को पकड़ा गया है, जिनमें कम से कम दर्जनों पुलिस हिरासत में मारे गए हैं। लेकिन बुकेले का गैंग-विरोधी अभियान सल्वाडोर के वासियों के बीच व्यापक रूप से लोकप्रिय हो गया है। देश के सुरक्षा मंत्री ने रॉयटर्स से कहा कि यह तब तक जारी रहेगा जब तक कि सभी अपराधियों को पकड़ नहीं लिया जाता।

शहर ›› अपडेट

बच्चियों में बांटा वेडिंग किट

रांची: जेसीआई रांची समाज को बेहतर दिशा में ले जाने के लिए हमेशा अग्रसर रहता है और इसी क्रम में 26 फरवरी 2023 रविवार को अनगड़ा प्रखंड के राजा डेरा पंचायत में समाजसेवी शिवचरण महतो एवं राजेश महतो जी के सहयोग से 15 ऐसी बच्चियां जिनकी आने वाले समय में शादी होने वाली है उनके बीच वेडिंग किट का वितरण किया। इस किट में शादी एवं शादी के बाद जरूरत पड़ने वाले नये सामान दिया गया। किट में साड़ी, लहंगा, कुर्ती, बेडशीट, आयरन, मिक्सी, मेकअप किट, मसाला डब्बा, कैसरोल, बर्तन सहित 50 से अधिक सामान थे।

नोटिस नगर निगम की ओर से नोटिस जारी

ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया है तो कैंपस होगा सील

राष्ट्रीय खबर

रांची: राजधानी में किसी भी तरह के मार्केट या भवन में कारोबार करने के लिए ट्रेड लाइसेंस (म्यूनिसिपल लाइसेंस) लेना जरूरी है। लेकिन नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किए जाने के बाद भी दुकानदार और भवन मालिक गंभीर नहीं है। ऐसे लोगों से निपटने को लेकर रांची नगर निगम सख्त हो गया है। अब जिन दुकानदारों के पास ट्रेड लाइसेंस नहीं होगा, उनके कैंपस को सील कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं झारखंड म्यूनिसिपल एक्ट 2011 के तहत उनपर कार्रवाई के साथ फाइन भी वसूला जाएगा।नगर निगम की ओर से फरमान जारी किया गया है। जिसमें साफ कहा गया है कि जिन भवनों में दुकान या प्रतिष्ठान का संचालन हो रहा है उसका ट्रेड लाइसेंस है या नहीं यह भवन मालिक को सुनिश्चित करना है। अगर किसी ने लाइसेंस नहीं लिया है तो उसे लाइसेंस लेने के लिए जागरूक करें। जिससे कि वे निगम की कार्रवाई से बच सकेंगे।नगर निगम की ओर से जारी नोटिस में यह भी कहा गया है कि शहर में जितने में प्रतिष्ठान या दुकान है उन्हें ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। वहीं अब लाइसेंस को डिसप्ले में लगाकर रखना है। जिससे कि लोगों को भी जानकारी मिल सके कि दुकान रजिस्टर्ड है। वहीं निगम की टीम के इंस्पेक्शन के दौरान इसकी जानकारी मिल सके।कारोबार के लिए नगर निगम से ट्रेड लाइसेंस जागरूक व्यवसायी ले रहे है। इससे रांची नगर निगम को चालू वित्तीय वर्ष में 2।5 करोड़ की वसूली की गई है। जबकि एक बड़ा तबका अब भी इससे दूर है। ऐसे सभी दुकानदारों और व्यवसायियों को लाइसेंस देकर उनसे राजस्व की वसूली की जाएगी। जिसका इस्तेमाल शहर के विकास में रांची नगर निगम करेगा।

न्यूज फटाफट

लैंप लाइटिंग एवं कैपिंग सेमिनार का आयोजन

रांची: इरबा स्थित फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में 19वां लैंप लाइटिंग और कैपिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ। अजित कुमार सिन्हा, साइबर सेल की एसपी यशोधरा, डॉ। अमर कुमार चौधरी, जीनत कौसर थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। नर्सिंग छात्रों को नर्सिंग कैप पहनाकर उन्हें नर्स की शपथ दिलायी गई। इसके साथ ही कॉलेज के यूनिवर्सिटी टॉपर अर्पणा तिर्की के साथ ही अंकिता दास एवं सुजाता कुमारी को भी सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि अजित कुमार सिन्हा ने कहा कि आप सभी अपने ऊपर गर्व करें कि आपने ऐसा प्रोफेशन को चुना है, जहाँ आपको लोगों के आंसू पोंछने का मौका मिला हैं। नर्सिंग एक ऐसा क्षेत्र है, जो सीधे इंसानियत की सेवा से जुड़ा है। नर्स अस्पतालों में मरीजों की देखभाल करके मरीज के जीवन में खुशी लाने का काम करती है। विशिष्ट अतिथि यशोधरा ने कहा कि सेवा और समर्पण का दूसरा नाम नर्स है। जिस तरह से एक बच्चे की देखभाल मां द्वारा की जाती है उसी तरह से जब हम बीमार पड़ जाते हैं और इलाज के लिए अस्पताल में जाते हैं, तब नर्स ही एक माँ की तरह बीमार दुखी व्यक्ति की सहायता की जाती है। विशिष्ट अतिथि डॉ। अमर कुमार चौधरी ने कहा कि इस कॉलेज के संस्थापक हाजी एहसान अंसारी जी ने जिस सोच के साथ इस नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की, उनका परिवार उनके सपनों को साकार करने में कड़ी मेहनत कर रहा है। संस्थान के निदेशक डॉ। शाहीन कौसर ने कहा कि नर्सिंग प्रोफेशन आज की दुनिया में एक चुनौतीपूर्ण प्रोफेशन है, यहां हर मोड़ पर कुछ नयी बाधा आती रहती है और उन बाधाओं को पार करते हुए आगे बढ़ना होता है।

श्री महावीर मंडल ने किया होली मिलन समारोह आयोजित

रांची: श्री महावीर मंडल रांची के तत्वावधान में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन श्री दुर्गा मंदिर बड़ा तालाब में किया गया। समारोह में मुख्य रूल से श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, श्री डैम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह, श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक, समाजसेवी रमेश सिंह, नकुल तिर्की, हिन्दू जागरण मंच के सुजीत सिंह, महावीर मंडल रांची के कार्यकारी अध्यक्ष राज किशोर उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित ने की एवं संचालन मंत्री कैलाश केसरी ने की। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री राहुल सिन्हा चंकी ने किया। समारोह में भाग लेने वाले श्री महावीर मंडल के सभी अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओ का स्वागत मंडल के पदाधिकारियों के द्वारा अबीर - गुलाल लगाकर किया गया। समारोह में श्री मिश्रा ने सभी अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओ का अभिवादन किया एवं सभी से श्री रामनवमी मोहत्सव 2023 को ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया। श्री मिश्रा ने सभी से श्री रामनवमी मोहत्सव 2023 की तैयारी शरू करने का आवाहन किया एवं होली के बाद प्रथम मंगलवार को मंगलवारी जुलूस की तैयारी करने का आवाहन किया एवं अपने अपने अखाड़ा में झंडा स्थापित करने को कहा। समारोह में डॉ जीवाधन प्रसाद, राम अनुज सिंह, प्रकाश साहू, बृंद साहू, प्रकाश चंद्र सिन्हा, अमरदीप साहू, पीयूष आनंद, सुनील शर्मा, राकेश सिंह, सोनू भारद्वाज, श्रवण कुमार, ओम प्रकाश, आशीष बर्णवाल, शुभम केसरी, मनीष सिन्हा, धनराज साहू सहित सैकड़ों अखाड़ाधारी एवं नेतृत्वकर्ता उपस्थित थे।

वायु प्रदूषण रोकने के लिए जागरूकता अभियान

राष्ट्रीय खबर

रांची: रांची के मोरहाबादी मैदान में वॉक फॉर क्लीन एयर का आयोजन रविवार को किया गया। यह कार्यक्रम क्लीन एयर हब की ओर से किया गया। इसमें वायु प्रदूषण पर काम करने वाली संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रही। वॉक फॉर क्लीन एयर बापू वाटिका से शुरू किया गया। क्लीन एयर हब के सदस्यों नें मोरहाबादी मैदान में 2 किमी तक एक सामूहिक जागरुकता अभियान चलाया। मॉर्निंग वॉकरों के बीच सेंसर के जरिए एक्यूआई, पीएम 10 जैसी वायु गुणवत्ता संबंधी बुनियादी बातों और इनकी गणना के तरीकों के बारे में बताया।क्लीन एयर हब के हुसैन इमाम फातमी ने कहा शहरी जीवन में किसी खास बात पर ध्यान देना मुश्किल हो जाता है। लोग अक्सर काम पर या स्कूल-कॉलेज जाने की जल्दी में होते हैं और उनका ध्यान प्रदूषण के विभिन्न श्रोतों पर नहीं जाता, जिनमें से अधिकांश बिखरे हुए स्रोत होते हैं। बिखरे हुए श्रोत भी शहर की वायु गुणवत्ता को खराब करते हैं।अक्सर उनकी अनदेखी की जाती हैं। क्योंकि उनकी निगरानी करना मुश्किल होता है। सरकार शिकायतों के निपटारे लिए लोक शिकायत निवारण पोर्टल (पीजीआरपी) का भी संचालन करती है, लेकिन आम लोगों की सहभागिता के बिना यह उपयोगी नहीं हो सकता है।क्लीन एयर हब के बिनोद कुमार ने कहा आगे चल कर वायु गुणवत्ता बनाये रखने में सामुदायिक भागीदारी को सुनिश्चित करने में भी यह वॉक अहम भूमिका निभा सकती है। इस वॉक में अर्बन खेती के प्रकाश कुमार, स्पार्क संस्था की सुषमा पांडे,एसजीवीवी संस्था के राजन कुमार, अर्थ आइडिया के शाहनवाज ने वॉक नेतृत्व किया। यह वॉक आने वाले रविवार को भी जारी रहेगा। साथ ही इस वॉक में शिक्षाविद शामिल हुए।

झारखंड ने हरियाणा को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता

रांची: आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप खेली जा रही है। रविवार को तीसरे और चौथे स्थान के लिये खेले गये मैच में झारखंड की महिला टीम ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी हरियाणा को 2-1 गोल से पराजित कर कांस्य पदक जीता। झारखंड टीम की ओर से रोशनी डुंगडुंग 25वें मिनट में तथा रेशमा सोरेंग ने 59 वें मिनट में 1-1 फील्ड गोल किये। जबकि हरियाणा की ओर से मैच के अंतिम मिनट के अंतिम पल में देविका सेन ने फील्ड गोल कर जीत के अंतर को कम करते हुए 2-1 कर दी। अलबेला रानी टोप्पो को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला।बता दें अलबेला रानी को खेले गये पांच मैचों में तीन मैचों में मिला प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला है। रविवार के मैच में काकीनाडा स्टेडियम पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह भारतीय टीम की चयनकर्ता असुंता लकड़ा, विजय शंकर सिंह, रणधीर कुमार उपस्थित होकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहन कर रहे

होली का त्यौहार आने में अब कुछ ही दिन बचे

होली के रंगों में रंगने लगी रांची, तैयारी शुरू

राष्ट्रीय खबर

रांची: होली का त्यौहार आने में अब कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में लोग होली की तैयारी में जुट गए है। और काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। वैसे होली का त्यौहार ही ऐसा है जिसका लोग काफी बेसब्री से इंतजार करते हैं जो लोग अपने घरों से दूर रहते है वे अपने घर वापसी की खुशी मनाते है क्योंकि वे अपने परिवारों के साथ होली मनाने वाले होते है। होली को लेकर अगर हम राजधानी रांची की बात करें तो यहां के बाजार अभी से ही होली के रंगों में रंगने लगे हैं। लोगों ने होली की तैयारी अभी से ही शुरू कर दी है। बजारों में अगर नजर दौड़ाई जाए तो चारो तरफ लोगों को लुभाने के लिए दुकानें सज-धज कर तैयार है। जहां अनेकों तरह के मुखोटा और तरह-तरह के गुलाल दिख रहे हैं। बच्चों को लुभाने के लिए होली के बाजारों में स्पाइडर मैन करेक्टर वाले गन, मोनो फिश वाटर टैंक, पब्जी गन, कैप्टेन अमेरिका और मेजिकल गन दिख रहे हैं इसके अलावे छोटे और बड़े पिचकारी भी बाजार में उपलब्ध हैं बाजार में मौजूद इन पिचकारी की कीमत 40 से 1600 रुपयों के बीच है। बाजार में थंडर मटका गुलाल भी मौजूद है जिसकी कीमत 1300 रूपए से शुरू होता है मजे की बात है कि इस मटके को दबाने पर कलरफूल गुलाल निकलते हैं। मेजिक गन गुलाल की कीमत 300 रूपए है। इसके साथ ही कलर स्मोक हैंड पायरो गन की कीमत 1100 रूपए से शुरू है। लोगों की डिमांड पर डरवाने मास्क और मलिंगा बाल भी बाजार में उतारे गए हैं।

छिनतई व छेड़छाड़ से परेशान डॉक्टर्स

राष्ट्रीय खबर

रांची: रिम्स में ना सिर्फ झारखंड बल्कि पड़ोसी राज्यों से भी मरीज बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं। यहां सैकड़ों की संख्या में चिकित्सक, पारा मेडिकल और एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले छात्र रहते हैं। ऐसे में इनकी सुरक्षा सबसे अहम है। सुरक्षित वातावरण रहने पर चिकित्सक मरीजों का इलाज बेहतर ढंग से कर सकते हैं। लेकिन हाल के दिनों में चिकित्सकों के साथ छेड़खानी व छिनतई की घटना हो रही है। इससे रिम्स में कार्यरत डॉक्टरों में भय का माहौल है।गौरतलब है कि रिम्स हॉस्टल परिसर से होकर बरियातू के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी और आयार्पूरी में रहने वाले लोग आना-जाना करते हैं। मोहल्ले के लोग लंबे समय से इस रास्ते का प्रयोग अस्पताल आने जाने के अलावा बैंक, पोस्ट ऑफिस, बिजली ऑफिस, स्कूल-कॉलेज के लिए भी करते हैं। लेकिन बढ़ती घटनाओं को देखते हुए हॉस्टल परिसर के पास के रास्ते में गड्ढा खोद दिया था। इसकी वजह से वाहनों का आवागमन अवरुद्ध हो गया। वहीं बैरिकेडिंग कर सुरक्षाकर्मियों की भी तैनाती की गयी।

16 टीमें दिखाएंगी जलवा

रांची: 13 मार्च से रांची में ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टेर टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट होगा। इसमें 16 टीमें भाग लेंगी। कोल इंडिया क्रिकेट टीम की घोषणा भी कर दी गई है। टीम के कप्तान प्रकाश गहलोत बनाए गये हैं। कप्तान चुने गये जाने के बाद प्रकाश ने 25 फरवरी को सीसीएल के डीपी (निदेशक कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र से मुलाकात की थी। इस पर निदेशक (कार्मिक) ने उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। कोल इंडिया क्रिकेट टीम को प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।गौरतलब है कि इस वर्ष सीसीएल द्वारा रांची में आयोजित होने वाले इस टूनार्मेंट में 16 टीमें शामिल हो रही हैं।

सहायता सांसद ने इसके लिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया

सांसद संजय सेठ की अनुशंसा पर मरीज को इलाज के लिये मिले 21 लाख

राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड में रांची के सांसद संजय सेठ की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री राहत कोष से रांची के 10 नागरिकों को असाध्य रोग से उपचार के लिए 8 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। इस कार्य के लिए सांसद श्री सेठ ने इसके लिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया है। सभी 10 असाध्य रोगियों और उनके परिजनों को सांसद श्री सेठ ने रविवार को अपने केंद्रीय कार्यालय अरगोड़ा चौक बुलाकर चेक प्रदान किया। इनमें 6 लोगों को 1-1 लाख और चार लोगों को 50-50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री राहत कोष से उपचार के लिए जिन्हें राशि मिली है, उनमें आशा देवी को एक लाख, राजकुमार सिह को एक लाख, किशोर महतो को एक लाख, निवेदिता सिह को एक लाख, अजीत चौधरी को एक लाख, नमिता सिन्हा को एक लाख, मानमति देवी को 50 हजार, रुपेश्वर चौधरी को 50 हजार, अंशु प्रिया को 50 हजार और अमित कुमार को 50 हजार की राशि प्रदान की गई है।सांसद ने चेक लेने आए नागरिकों से उनके परिजनों का हाल-चाल लिया। सबके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सांसद श्री सेठ ने कहा कि मेरी अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ने मेरे लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों के उपचार के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से राशि प्रदान की है, उनकी सहृदयता का परिचायक है। वहीं सांसद श्री सेठ की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से जनवरी 2023 से अभी तक लगभग 2 महीने में 5 लोगों को 13 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति सांसद श्री संजय सेठ ने आभार जताया है। सांसद ने कहा कि यह प्रधानमंत्री की सहृदयता है कि वह देश के एक-एक नागरिक का ख्याल रख रहे हैं और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष को जनता के लिए अधिक से अधिक उपयोगी बना रहे हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से रांची लोकसभा क्षेत्र के जिन नागरिकों को उपचार के लिए राशि स्वीकृत की गई है, उनमें सृष्टि प्रिया को 3 लाख रुपए, श्रुति प्रियांशु तिर्की को 3 लाख रुपए, अंजली श्रीवास्तव को 3 लाख रुपए, स्वस्तिका लाल को 3 लाख रुपए और शहनाज बानो को 1 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है।



शहर ›› अपडेट

झिकलप्पा में सरहुल 9 मार्च को

तुपकाडीह : तुपकाडीह से सटे कनारी पंचायत के झिकलोपा गांव में रविवार को मांझी हडाम सोहन मांझी की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। तथा आगामी 9 मार्च को होने वाले सरहुल पूजा भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम सफल बनाने के लिए सर्व समिति से आदिवासी सरना सुसारिया समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रासिक हेंब्रम, सचिव लाल मोहन हेंब्रम, कोषाध्यक्ष दुर्गा हेंब्रम, मांझी बाबा सोहन मांझी, नायके बाबा खाडेराम मांझी, जोग मांझी मनिजर मांझी को चुना गया। वहीं संरक्षक मिहीलाल हेंब्रम बनाए गए। मौके पर डोमन हेंब्रम, डोमन मांझी, सुंदर लाल हेंब्रम, चैतू मांझी, होपना मांझी, सुखदेव मांझी, मुकेश हेंब्रम, राजाराम मांझी, महावीर मांझी, सीताराम मांझी मौजूद थे।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

पिछड़ा वैश्य मोर्चा केन्द्रीय समिति की मिलन समारोह

तमाड़ : पिछड़ा वैश्य मोर्चा केन्द्रीय समिति की मिलन समारोह सह वन भोज का आयोजन रविवार को तमाड़ ?वन विश्रामागर किया गया । संगठन को मजबूत करने का विचार विमर्श किया गया साथ ही एक कमेटी का भी गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष मथुरा प्रसाद साहू चुने गए महासचिव अरुण कश्यप बनाये गये कमेटी का विस्तार किया जाएगा पूरे झारखंड में इसका विस्तार होगा होली के बाद संगठन के पांच डेलीगेट मुख्यमंत्री झारखंड से मिलेगा और अपनी समस्या से अवगत कराएगा अगली बैठक बुंडू में होगी इस अवसर पर मुख्य रूप से रांची से दिलीप सोनी पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा व महेश सोनी विक्रांत विश्वकर्मा उपस्थित हुए । इस अवसर पर अनिल साहू सत्यनारायण गुप्ता मनोज गुप्ता सिद्धार्थ गुप्ता सुरेश गुप्ता राजेंद्र साहू उदय कुमार साहू दीपक साहू प्रदीप साहू सचिता गुप्ता प्रेम गुप्ता आशीष गुप्ता राजू साहू बंटी गुप्ता प्रीतम गुप्ता निक्कू साहू प्रकाश साहू रमेश भगत मनोज भगत सुमित उर्फ गोलू चितरंजन जायसवाल सहित सैकड़ों मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

पिंड्राजोड़ा : रोटरी क्लब बोकारो और आरसीसी उलगोड़ा के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को आशा की किरण प्ले स्कूल उलगोड़ा में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बोकारो के जाने माने अनुभवी व विशेषज्ञों चिकित्सकों ने हिस्सा लेकर लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया। आरसीसी उलगोड़ा के सदस्यों द्वारा प्रचार वाहन के सहयोग से काफी जोर शोर से प्रचार प्रसार और जानकारियां दी गई। चिकित्सकों में मुस्कान हॉस्पिटल चास के प्रमुख रूप से डॉ. एसी मुंशी, डॉ. उषा सिंह, डॉ. एके झा, डॉ. इरफान अंसारी, डॉ. सहनवाज अनवर, डॉ.मनोज कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विशाल मिश्रा, डॉ. जाहिद श्याम सुंदर दास चीनी वास, नारायण महतो का विशेष योगदान रहा।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

होली मिलन समारोह आयोजित

बुढ़मू : रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के तत्वाधान में रविवार को चुटिया स्थित नन्हे बचपन प्ले स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कार्तिक केशरी ने किया। कार्यक्रम में आगामी अप्रैल महीने में समाज द्वारा आयोजित होने वाले केशरवानी वैवाहिक परिचय सम्मेलन सह मिलन समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर उपस्थित समाज के सभी सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दिया। मौके पर उमेश कुमार केशरी,तपेश्वर केशरी,प्रेमसागर केशरी,रूपेश केशरी,स्वाति केशरी,नेहा केशरी,अनिल केशरी,तपेश्वर केशरी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम

भाजपा बिजुलिया मंडल के कार्यसमिति की बैठक संपन्न

सबका साथ सबका विकास हमारा मूल मंत्र : अमर बाउरी

›› भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है: बाउरी

›› आगामी लोकसभा चुनाव पर फतेह हासिल करना हमारा लक्ष्य है

राष्ट्रीय खबर

तालगड़िया : चास प्रखंड के बिजुलिया स्थित अमर शक्ति मेमोरियल स्कूल में भाजपा बिजुलिया मंडल के कार्यसमिति की बैठक हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजीव चौबे ने की। बैठक में बुथ सशक्तिकरण एवं पुनर्गठन पर विशेष बल दिया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश के हरि प्रकाश लाटा ने बुथ स्तरीय सशक्तिकरण से संबंधित जानकारी दी।

विधायक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। सबका साथ सबका विकास हमारा मूल मंत्र है। कहा कि आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव पर फतेह हासिल करना हमारा लक्ष्य है।

इसके लिए सभी कार्यकताओं को अभी से ही कमर कसना होगा। कहा कि अब समय के साथ काम करना होगा। अब हमारा फोकस एरिया बुथ है। बूथ स्तरीय सशक्तिकरण से ही हम लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की ओर अग्रसर है। आजादी के बाद पूर्ण बहुमत की एनडीए की सरकार से लोगों को लाभ मिल रहा है। चंदनकियारी में 85 फीसदी लोगों को चांवल मिल रहा है जो मोदी का देन है।

मौके पर दर्जनों लोगों ने विभिन्न पार्टी छोड़ कर भाजपा का दामन थामा। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री जयदेव राय, पूर्व जिला अध्यक्ष अंबिका खवास, गोउर रजवार, संटु राय, प्रकाश दास, संदीप महतो, रजनीकांत महतो, श्याम पैतण्डी, मुकेश बाउरी, हारू देशवाली, दिलीप सिंह, अभिजीत खवास, सोनम दूबे समेत अन्य थे।

न्यूज फटाफट

ट्रेन ठहराव संघर्ष मोर्चा का हुआ गठन

चांडिल : चांडिल स्टेशन में एक्स्प्रेस ट्रेनों की ठहराव की मांग, पैसेंजर ट्रेनों में एक्सप्रेस का भाड़ा ना लेने आदि मांगों को लेकर चांडिल डाक बंगला परिसर चांडिल में रविवार को एक बैठक अनंत कुमार महतो की अध्यक्षता में किया गया। आंदोलन को मजबूती दिलाने व तेज करने के लिए एक जन कमेटी का निर्माण किया गया जिसका नाम ट्रेन ठहराव संघर्ष मोर्चा रखा गया। एवं सर्वसम्मति से ट्रेन ठहराव संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अनूप महतो, उपाध्यक्ष युनुस खान, सचिव अनंत महतो, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश चौड़ा, सलाहकार जवाहर लाल महतो, सचिव मंडलिय सदस्य मनोज वर्मा, आशु देव महतो, नेपाल किस्कू, विशेश्वर महतो, मोहम्मद शईद मंसूरी, मीडिया प्रभारी प्रभात महतो साथ ही इसके अलावा पंद्रह लोगो को कमिटी सदस्य रखा गया। तथा बाद में इस कमिटी का विस्तार किया जाएगा। नव निर्मित कमिटी के अध्यक्ष अनूप महतो ने कहा कि आद्रा डिवीजन के डीआरएम को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

ब्रेक थ्रू साइंस सोसाइटी के द्वारा चौका में स्काई वाचिंग प्रोग्राम का हुआ आयोजन

चांडिल : चौका में रविवार को ब्रेक थ्रू साइंस सोसाइटी झारखंड चैप्टर की ओर से छात्रों के बीच वैज्ञानिक परिचर्चा तथा स्काई वाचिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में डा कन्हाई बारिक और डा संजेश तिवारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आज के समाज में जिस तरह से लोगों के बीच अंधविश्वास कुरीति फैल रही है, एवं इस से लोगों को जो शोषण हो रहा है, इसका एकमात्र मुक्ति का रास्ता वैज्ञानिक चिंतन पद्धति है। विज्ञान हमें सोचने समझने एवं निरीक्षण परीक्षण कर सही निष्कर्ष को पहुंचने में सटीक मदद करते हैं। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार महतो ने किया। साथ ही चौका में एक साइंस क्लब का भी गठन किया गया जिसका नाम गैलीलियो साइंस क्लब चौका रखा गया।जिसका अध्यक्ष मनोज कुमार महतो, उपाध्यक्ष गुणाधर प्रमाणिक एवं परवीन दास तथा सचिव चेतन महतो को चुना गया।इस अवसर पर चेतन महतो, बिरेन महतो, अनादि कुमार, गोवर्धन बेसरा, रूपचंद महतो, गुणाधार प्रमाणिक, सोनी उरांव, पार्वती महतो, चांदना महतो आदि उपस्थित थे।

सिल्ली के 10 तीरंदाजों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

सिल्ली :- सिल्ली के 10 तीरंदाजों का चयन 42 वीं एनटीपीसी सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। ये प्रतियोगिता आगामी 8 से 18 मार्च तक गुजरात के एकता नगर मे आयोजित किया गया है। चयनित तीरंदाजों में बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी के मधुमिता कुमारी, दीप्ति कुमारी, सिम्पी कुमारी, अनिता कुमारी, भावना कुमारी, रोहित कुमार, साझा तीरंदाजी केंद्र से अघनी कुमारी, वर्षा खालको कृष्चंद्र देव,डे बोडिंग जोन्हा से लक्ष्मी कुमारी शामिल हैं। इनके चयन पर बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो और झारखंड तीरंदाजी संघ की वरीय उपाध्यक्ष सह रांची जिला तीरंदाजी संघ सह बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी की अध्यक्ष श्रीमती नेहा महतो और खेल निदेशक सोरोजनी लकड़ा समेत तीरंदाजी संघ के अधिकारी एवं पदाधिकारीयों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

सिल्ली पॉलिटेक्निक ने गांवों में चलाया उच्च शिक्षा अभियान

सिल्ली : सिल्ली पॉलीटेक्निक कॉलेज के शिक्षकों द्वारा रविवार को सिल्ली के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा अभियान चलाया। प्राचार्य समीर शर्मा के नेतृत्व में कालेज के शिक्षकों ने गांवों के क्षात्र क्षात्राओं एवं उनके परिजनों को जिवन में शिक्षा का महत्व को समझाते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में चल रहे विज्ञान सप्ताह के तहत इस कार्यक्रम को चलाया गया। अभियान के दौरान बच्चो से पुछे गए सवाल का सही उत्तर देने पर उन्होंने सम्मानित भी किया गया। वहीं प्राचार्य ने कहा कि गांव के दूर दराज इलाको मे रहने वाले बच्चे जो आज भी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं एवं शिक्षा का महत्व नहीं समझ पाते है उन बच्चो को अभियान से लाभ होगा। अभियान दल में प्राचार्य समीर शर्मा, सुमित कुमार, शबनम पूर्ति, पंकज कुमार रवि, सुनील कुमार महतो , राजकुमार आदि शामिल थे।

राष्ट्रीय मंत्री का विधायक ने किया स्वागत

बोकारो : भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री हरीश द्विवेदी के बोकारो से रांची जाने के क्रम में रविवार को बोकारो विधायक बिरंची नारायण के आवासीय कार्यालय में स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं के साथ विचार विमर्श किए। फिर रांची के लिए रवाना हो गए। स्वागत करने में जिलाध्यक्ष भरत यादव मुकुल ओझा, दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय, संजय त्यागी, माथुर मंडल महेंद्रराय, धीरज कुमार, विनय किशोर, हरीश सिंह, पन्नालाल कांन्दू, मनोज ठाकुर, टिंकू तापड़िया, अनिल सिंह, सुजीत चक्रवर्ती, मंतोष ठाकुर, प्रकाश चटर्जी, सुभाष सिंह, राजीव मालाकार, सतेंद्र, प्रकाश प्रामाणिक, अविनाश झा, मनजीत सिंह, गोलू उपाध्याय, झंतु दे, निमाई महथा, प्रकाश नायक, दीपक सिंह, मनजीत सिंह, संदीप टुन्ना, आदि मौजूद थे।

विवाद की वजह से बेघर हुये मल्टी निवासी बबलू का परिवार

राष्ट्रीय खबर

नामकुमः प्रखंड के कुटियातु पंचायत अंतर्गत मल्टी गांव के अखरा में भूमि विवाद को लेकर मुखिया निशा उरांव के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया । बता दें कि बीते वर्षा ऋतु में प्रथम पक्ष बबलू कच्छप जोसेफ कच्छप गुड्डू कच्छप बिरसा कच्छप राम श्रीमोन श्रीरील कच्छप मिट्टी के बने आवास में रहतें थे बीते वर्षा ऋतु में भारी वारिश के कारण दीवाल टूट गया था किसी तरह उसी में त्रिपाल ढककर रह रहें थे मौसम को देखते हुए नया दीवाल खड़ा करने के उद्देश्य से टूटा हुआ दीवाल के स्थान को खोदकर दीवाल बनाना था किंतु द्वितीय पक्ष उनके गोतिया गणेश कच्छप महाबीर कच्छप बिरसा दिलीप राजदेव व रघु कच्छप के द्वारा घर बनाने व दीवाल देने से मना किया गया फिर प्रथम पक्ष द्वारा पंचायत को इसकी सूचना दिया गया जिसको लेकर रविवार को बैठक किया गया । पंचायत के द्वारा द्वितीय पक्ष को बार बार समझाया गया किन्तु द्वितीय पक्षों के सदस्यों के द्वारा पंचायत के सुझाव मानने से इनकार किया गया प्रथम पक्ष को घर बनाने नहीं देना चाहतें हैं आलम ये है कि प्रथम पक्ष के सदस्य इस समय बेघर की स्थित में आ गया है यदि घर निर्माण करने नहीं दिया जाता है तो प्रथम पक्ष बेघर हो जाएगा । अंततः पंचायत के अनुनय पर द्वितीय पक्ष के सदस्यों ने पंचायत से चार दिनों का समय मांगा है । मौके पर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर पंचायत समिति सदस्य रोजलीन मिंज मरियम लकड़ा रॉबर्ट लकड़ा शुशीलभुटकुंवर शारदा टोप्पो प्रदीप तिर्की समेत सैंकड़ो ग्रामीण मौजूद थे ।

होली मिलन समारोह को सफल बनाने को लेकर बैठक

राष्ट्रीय खबर

बोकारो : सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान में अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल का भावी रणनीति और संगठन के विस्तार तथा जिला होली मिलन समारोह का सफल आयोजन को लेकर बैठक संपन्न हुआ। अध्यक्षता एनजीओ का जिलाध्यक्ष महेंद्र तिवारी एवं संचालन जिला महासचिव मिथिलेश कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महासचिव अशोक अग्रवाल आजाद ने कहा कि उद्योग और व्यापार नं सिर्फ जीवन का बल्कि राष्ट्र के विकास का रक्त वाहिनी है। इसलिए सरकार इसे संरक्षण दे और उद्योग जो कागजों पर चल रहा है। उसे सफलतापूर्वक संचालन के लिए प्रयास होना चाहिए। उद्योग क्षेत्र में अधिक से अधिक नौजवानों को बहाल करना होगा। बोकारो में ठेकेदारी प्रथा बंद हो और मजदूरों को सम्मानजनक वेतन और सुविधाएं मिलनी चाहिए। प्रदेश महासचिव श्री आजाद ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरफ से डालमिया सीमेंट कंपनी में सुपरवाइजर अजीत कुमार राय की आकस्मिक मृत्यु हुई और बिचौलियों के मार्फत पीड़ित परिवार के बीच समझौता हुई वह दुखद है। उन्होंने डालमिया सीमेंट कंपनी के प्रबंधक की संदिग्ध भूमिका की जांच की मांग किया। वहीं होली मिलन कार्यक्रम की सफलता के लिए जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में 5 सदस्य टीम की घोषणा की गई।

तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर

ओम ध्वनि एक ब्रह्मास्त्र : डॉ श्रीमंत

राष्ट्रीय खबर

चंद्रपुरा : आध्यात्मिक संस्थान जीवन जीने का एक सकारात्मक सोच होता है। सकारात्मक सोच ही जीवन जीने का सही दिशा देता हूं। जीवन जीने का पद्धति का ज्ञान मिलता है। उक्त बातें शिव शक्ति सेवा संस्थान के अंतरराष्ट्रीय प्रेरक योग मेडिटेशन प्रशिक्षक ओम मंडली के डॉ श्रीमंत कुमार साहू ने चंद्रपुरा के तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में कहीं। डॉ श्रीमंत ने कहा कि ओम ध्वनि एक ब्रह्मास्त्र है। शिव की रचना ओम से करते हैं और यही पारिवारिक व सामाजिक सकारात्मक सोच बनती है। अध्यात्मिक व सकारात्मक सोच से प्रभु के साथ केंद्रित होता है। ओम का उच्चारण सभी धर्मों में अपने अपने रूप में लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मन को एकाग्रचित करना ही योग है। योग से गंभीर बीमारियों का ठीक होना संभव होता है। डॉ श्रीमंत कहते हैं आज की दौर में हार्ट अटैक, ब्लड प्रेशर, तेज रफ्तार से बढ़ रहा है।

साझा मंच का एक दिवसीय विस्थापित मंथन शिविर

राष्ट्रीय खबर

बोकारो : सेक्टर 9 स्थित हटिया मोड़ में विस्थापित साझा मंच के तत्वाधान में एक दिवसीय विस्थापित मंथन शिविर आयोजित की गई। अध्यक्षता साधुशरण गोप व छोटेलाल रजवार ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें विस्थापितों के नियोजन की गौरवशाली विरासत की रक्षा, खाली जमीन की वापसी, पुनर्वास क्षेत्रों के विस्थापितों को अतिरिक्त जमीन आबंटन, डीपीएलआर और विशेष भू-अर्जन विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक, बीएसएल के पट्टा को रद्द करवाकर जमीन बिक्री पर रोक लगाना, उत्तरी विस्थापित क्षेत्र के गांवों को पंचायत का दर्जा दिलवाना पर विस्तारित चर्चा परिचर्चा की गई। उपरोक्त सवालों को लेकर आगामी 19 मार्च को विस्थापित महापंचायत करने का निर्णय लिया गया। संचालन व धन्यवाद ज्ञापन राज कुमार गोरांई ने किया। शिविर में रितुडीह, वैदमारा, शिबुटांड, कुण्डौरी, बास्तेजी, भतुआ, पालबहियार, डुमरो, महेशपुर, जमुनियांटाड़, चौफांद, टुपकाडीह, रानीपोखर, कमार्टांड़, टांड़मोहनपुर, महुआर, संथालडीह, बांसगोड़ा, भर्रा, पिपराटांड़, कनफटा, बांधगोड़ा, आदि गांवों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शिविर का समापन शांति भारत के संबोधन से हुआ। मौके पर मुख्य रूप से इश्तियाक अंसारी, मोतीलाल महतो, अजय हेंब्रम, अरविंद कुमार, प्रेम कुमार, विनोद राय, मो. अब्बास, संतोष सिंह, गणेश चंद्र डे, अयुब अंसारी, सुरेंद्र कुमार महतो आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

आयोजन बोकारो रक्तवीर परिवार के तरफ से सिटी पार्क वनभोज स्थल में

रक्तवीर परिवार ने होली मिलन सह रक्तदाता सम्मान समारोह

राष्ट्रीय खबर

बोकारो : बोकारो रक्तवीर परिवार के तरफ से सिटी पार्क वनभोज स्थल में होली मिलन सह रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बोकारो रक्तवीर परिवार के सदस्यों के अलावा आसपास के जिलों के सदस्य भी शामिल हुए। आसनसोल से शिवम भगत, गोमो से कन्हैया, धनबाद से आलोक वर्णवाल, रांची से जयंत एवं हनी भाई उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिटी थाना प्रभारी महेश प्रसाद सिंह, हरला थाना प्रभारी संतोष कुमार, बीजीएच ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ श्रवण, केएम मेमोरियल ब्लड बैंक के प्रभारी राजेंद्र एवं अमर झा, रेडक्रॉस ब्लड बैंक के राजकुमार मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा रक्तदान के महत्व के बारे में बताया गया। वहीं मुख्य अतिथि ने रक्त वीरों को सम्मान किया गया। संस्था के संयोजक एवं वरीय समाजसेवी मनोज सिंह के द्वारा परिवार के सदस्यों का हौसला अफजाई किया गया। संस्था के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि वैसे तो संस्था के सदस्य हमेशा सेवा को तत्पर रहते हैं पर एक दूसरे से मिल नहीं पाते है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के रजनीश तिवारी, विनय कुमार, राजा सिंह, शानु, कमल नारायण, अजित, दीपक, रोहित, अमरदीप, मनोज कुमार, माधव सहित अन्य लोगों का सराहनीय सहयोग रहा।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर >> अपडेट

साप्ताहिक संगोष्ठी का आयोजन

चितरपुर : चितरपुर महाविद्यालय, चितरपुर के उर्दू विभाग में एक शनिवार को साप्ताहिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सेमिनार की शुरूवात शफकत जहां ने तिलावत कुरआन से की उसके बाद हुरे लुका इकबाल के द्वारा हमद वा नात का नजराना अकीदत पेश किया गया। साप्ताहिक संगोष्ठी में विद्यार्थियों द्वारा अपने अपने सेमेस्टर के पाठक्रम अनुसार शोधपत्र प्रस्तुत किए जाते हैं।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

कॉलेज में नेक की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न

बेरमो : शनिवार को देर शाम केबी कॉलेज बेरमो में नैक की तैयारी के संबंध में प्राचार्य कक्ष में समीक्षा बैठक बुलाई गई। जिसमें नैक की तैयारी के लिए गठित सभी समिति के सदस्य उपस्थित हुए। ज्ञात हो कि उच्च शिक्षा विभाग झारखंड सरकार द्वारा बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के अंतर्गत वैसे सभी महाविद्यालयों को नैक ग्रेडिंग के लिए चिट्ठी भेजा गया है जिसमें नैक का पहला साइकल समाप्त हो गया है। कॉलेज के आइक्यूएसी के कोऑर्डिनेटर डॉ० ए०के० राय महतो के द्वारा नैक की तैयारी की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गई तथा। इस बैठक में आइक्यूएसी, नैक, तथा विभिन्न समितियों के सदस्य एवं कोऑर्डिनेटर प्रो० एल० एन० राय, प्रो० गोपाल प्रजापति, डॉ व्यास कुमार, डॉ वासुदेव प्रजापति, डॉ अलीशा वंदना लकड़ा, प्रो साजन भारती, प्रो नीला पूर्णिमा तिर्की, प्रो मधुरा केरकेट्टा, प्रो नितिन चेतन तिग्गा, प्रो मनोहर मांझी, प्रो अमित कुमार रवि, प्रो पीपी कुशवाहा एवं कर्मचारी संघ के बड़ा बाबू रविंद्र कुमार दास, दुर्गा पासवान, दीपक कुमार, पुरुषोत्तम चौधरी, संतोष राम, राजेश्वर सिंह, कलावती, सुसारी, भगन, बालेश्वर आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

कांग्रेस के युवा प्रत्याशी के विरुद्ध भाजपा उतार सकता है कोई नया प्रत्याशी

बेरमो : बेरमो विधानसभा क्षेत्र के कर्मठ विधायक कुमार जयमंगल के विरुद्ध कोई युवा प्रत्याशी देने पर भाजपा नेतृत्व काफी गंभीरता से चिंतन-मनन कर रहा है। भाजपा में बेरमो से टिकट के दावेदारो की भरमार है। लेकिन इसमें जो नाम प्रमुखता से उभर कर सामने आया है वह है राजेश सिंह। इन नामों पर भाजपा का राज्य नेतृत्व काफी गंभीरता से चिंतन-मनन और सर्वे करा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश सिंह मूल रूप से बेरमो विधानसभा क्षेत्र के तांतरी निवासी है और भाजपा में किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर हैं। वह क्षेत्र में वर्ष 2019 से काफी सक्रिय हैं। जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री, कंबल, कृषि कार्य में उपयोग होने वाले उपकरण तथा होली, दीपावली के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच अबीर, रंग, दिया आदि बांटने का काम करते रहते हैं। हाल ही में उन्होंने एक योजनाबद्ध तरीके से गरीब ग्रामीणों के बीच लगभग 5000 कंबल बांटने का कार्य किया। जहां जरूरत है वहां ग्रामीणों को समरसेबल पंप उपलब्ध करा रहे हैं। जिसके कारण जमीनी स्तर पर उनकी पकड़ मजबूत हो रही है। वह जनसंपर्क तथा सेवा कार्य के माध्यम से लोगों में अपनी पकड़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा नेतृत्व में भी इनकी पहुंच है। जिसके कारण बेरमो विधानसभा क्षेत्र में आगामी 2024 के विधानसभा चुनाव में बेरमो से उन्हें प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा है। कांग्रेस के वर्तमान विधायक तथा 2024 के कांग्रेस के सम्भावित उम्मीदवार कुमार जयमंगल को कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। बेरमो में भी भाजपा अपने बड़े भाई होने का प्रमाण पेश करेगा और छोटे भाई को बेरमो विधानसभा सीट गठबंधन के तहत आजसू को दे देगा। सीट मिलने पर ही आजसू अपने उम्मीदवार की घोषणा कर सकता है।

हत्याकांड

अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन पर सड़क जाम हटा

विधायक प्रतिनिधि हत्याकांड को लेकर सौंदा बस्ती में सड़क 10 घंटे जाम

- पोड़ा गेट पर भी जाम, सीसीएल की ट्रांसपोर्टिंग घंटों प्रभावित
- विधायक अंबा प्रसाद की उपस्थिति में हुई द्विपक्षीय वार्ता

राष्ट्रीय खबर

भुरकुंडा : भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा बस्ती में शनिवार की शाम विधायक अंबा प्रसाद के प्रतिनिधि बितका बाउरी की हत्या से लोगों में खासा आक्रोश रहा। रविवार की अहले सुबह स्थानीय लोगों और कांग्रेसी कार्यकताओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में लोग सड़क पर जम गये और पतरातू-भुरकुंडा सड़क को जाम कर दिया गया। लोग बितका बाउरी के हत्यारों की गिरफ्तारी और परिजनों को मुआवजा देने की मांग करने लगे। हत्या के विरोध में पोड़ा गेट को भी स्थानीय लोगों ने जाम कर दिया। जिससे सीसीएल में कोयले का ट्रांसपोर्टिंग प्रभावित हुआ। ट्रांसपोर्टिंग कई घंटे ठप रहने से सीसीएल को लाखों का नुकसान हुआ है वहीं मामले को लेकर पतरातू, बासल और भुरकुंडा की पुलिस सौंदा बस्ती में जमी रही। लेकिन लोग पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों पर अड़े रहे। दोपहर बाद विधायक अंबा प्रसाद सौंदा बस्ती पहुंचीं।

यहां उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आक्रोशित लोगों को शांत कराया। मुआवजे और अपराधियों की धरपकड़ को लेकर भुरकुंडा ओपी में द्विपक्षीय वार्ता हुई। जिसमें पतरातू एसडीपीओ बीरेन्द्र चौधरी ने हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। वहीं अंबा प्रसाद ने मृतक के परिजनों हर संभव आर्थिक सहयोग दिलाने की बात कही। आश्वासन मिलने के बाद शाम 03:30 बजे जाम हटा लिया गया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सड़क सुबह लगभग छह बजे से शाम 3:30 बजे तक जाम रहा। आवागमन ठप होने से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

रेंजर से लेकर मुख्यमंत्री तक की शिकायत, फिर भी नहीं हुई सुनवाई

तीन साल से चौकीदार सूर्यदेव को नहीं मिला मानदेय

राष्ट्रीय खबर

बेरमो : गोमिया वन क्षेत्र अन्तर्गत वन विश्रामागार में चौकीदार के पद पर कार्यरत सूर्यदेव यादव पिछले तीन वर्षो से मानदेय नहीं मिलने के कारण भुखमरी की स्थिति में हैं। सूर्यदेव वर्ष 1983 से इस विभाग में कार्यरत हैं। वर्तमान में 2004 से गोमिया में पदस्थापित हैं। उन्होंनें बताया कि पिछले दो साल से मानदेय भुगतान के लिए पत्राचार कर रहे हैं। मगर इस पर भी बात नहीं बनी। सूर्यदेव यादव योगदान से लेकर अब तक के सभी कागजातों को दिखाते हुए कहते हैं कि मुख्यमंत्री से लेकर विभाग के छोटे से बडे अधिकारी को पत्र लिख चुके हैं, लेकिन ढ़ाक के तीन पात ही साबित हुआ। परिवार में पत्नी और दो बेटा और दो बेटी है। महंगाई के इस दौर में परिवार का गुजारा मुश्किल हो रहा है। सूर्यदेव यादव ने बताया कि जब 01 अप्रैल 2020 से लगातार तीन माह गुजर जाने के बाद मानदेय भुगतान नहीं हुआ तो उसी समय मौखिक रूप से उन्होंने अपने बडे अधिकारियों को सूचित किया। धीरे-धीरे 6 महार बीत गये मगर भुगतान नहीं हुआ। 22 फरवरी 2021 को मुख्यमंत्री और श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के मंत्री को स्पीड पोस्ट से पत्र भेजा। इस पर भी सुनवाई नहीं हुआ तो फिर 8 जुलाई 2021 को फॉरेस्ट झारखण्ड कम्पलेन या सजेशन मैनेजमेंट सिस्टम में अपनी पीड़ा दर्ज कराई गई। फिर 18 नवंबर 2021 को वन प्रमण्डल पदाधिकरी बोकारो को लिखित आवेदन दिया। 15 फरवरी 22 को वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रांचीं के अपर सचिव को पत्र दिया। फिर 16 दिसंबर 2022 को वन प्रमण्डल पदाधिकारी बोकारो, इसके बाद 4 जनवरी 2023 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक रांची को भी मेल किया। इसी महीने का 17 फरवरी को टोल फ्री नंबर पर बात कर अपनी पीडा साझा की, लेकिन नतीजा सिफर रहा।

ह्यूमेन ट्रैफिकिंग के संदेह में पुलिस ने महिला व नाबालिग को रोका

राष्ट्रीय खबर

बेरमो : बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत फुसरो बाजार के कश्मीर ड्रेस कलेक्शन के निकट से काम कराने बैंगलुरु ले जाए जा रहे बचियों को पुलिस ने रोका। एक व्यक्ति अमरजीत सिंह और फूलो देवी नाम की महिला को बेरमो थाना लाकर एसआई मनोज झा पूछताछ कर रहे हैं। उन दोनों पर हजारीबाग जिले की गिंधीनिया गांव के रामलाल मांझी की 15 वर्षीय नाबालिग बेटी अनिता कुमारी और हजारीबाग जिले के ही नरकी के निकट गझंडी निवासी कुंजलाल टुडू की पत्नी सीतामुनी कुजूर को बैंगलुरु ले जाने का आरोप है। हालांकि अनिता कुमारी और सीतामुनि कुजूर ने स्वेच्छा से काम करने जाने की बात कही। थाना पहुंचे बाल कल्याण समिति के डॉ.शशिकांत सिंह ने बताया कि नाबालिग होने के कारण अनिता कुमारी के परिजनों को बुलाया गया है। समाचार लिखे जाने तक सभी से पूछताछ की जा रही थी।

बुंडू मुखिया को एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी ने भेजा नोटिस

बेरमो /गोमिया : बेरमो के एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी अनंत कुमार ने पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत की मुखिया निहारिका सुकृति को नोटिस भेजा है। एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी ने 3 मार्च को अनुमंडल पदाधिकारी डीसीके न्यायालय में मुखिया निहारिका सुकृति को उपस्थित होकर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। उन्होंने यह भी कहा है कि क्यों नही पंचायत राज अधिनियम 2001 के तहत अग्रेतर कार्रवाई की जाये। एसडीओ ने नोटिस जारी कर कहा है कि बुंडू पंचायत की पुष्पा कुमारी और रिंकी कुमारी जायसवाल ने लिखित शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि निहारिका सुकृति जो उस समय मुखिया पद की उम्मीदवार थी ने जान बुझकर नामाकंन पत्र के साथ समर्पित शपथ पत्र में कई साक्ष्यों को छुपाया। शपथ पत्र में मुकदमा लंबित होने और मुकदमा से संबंधित मामला के कॉलम में मुकदमा का जिक्र नहीं है। जबकि उनके विरूद्ध अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी वडोदरा गुजरात के न्यायालय में एक मुकदमा (कांड सं. 4020/2021) लम्बित था। इसके अलावा शपथ पत्र में चल अचल सम्पति का विवरण गलत दिया गया है। जबकि वह मेसर्स मनभावन इन्टरप्राइजेज की प्रोपराइटर थी। शिकायत में कहा गया है कि उनके पति अनेक फर्म के व्यवसायी है, किन्तु नामांकन पत्र के साथ दाखिल किये गये शपथ पत्र में परिसम्पति का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। इन आधार पर उनकी मुखिया पद के निर्वाचन को चुनौती देते हुए निर्वाचन को रद्द करने की मांग की गई है।

सीसीएल कर्मी का 28 दिन बाद भी नहीं मिला कोई सुराग

बेरमो : बेरमो थाना क्षेत्र के करगली तीन नंबर दौड़ा निवासी सीसीएल कर्मी महेंद्र यादव पिछले 28 दिन से लापता है। पिता की कोई भी खोज खबर नही मिलने से घर वाले काफी परेशान है। परिजन बेरमो थाना पुलिस से पिता की तलाश करने के लिए गुहार लगा रहे हैं। महेंद्र यादव के पुत्र सूरज यादव ने बताया कि उसके पिता सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र के कारो परियोजना में ब्लास्टिंग मैन के पद पर कार्यरत थे। वे तीन नंबर धौड़ा स्थित क्वार्टर में पीछले 3 माह से अकेले रह रहे थे। जबकि उनका सारा परिवार छत्तीसगढ़ स्थिति पैतृक गांव में था। बीते 30 जनवरी को पड़ोसियों ने फोन कर पिता के दो दिनों से आवास नही लौटने की जानकारी दिया। जानकारी मिलने के बाद परिजन आवास पहुंचकर पिता की काफी खोजबीन किया परंतु उनका कहीं भी पता नहीं चल सका। पिता का मोबाइल भी ऑफ बता रहा है। कहा कि मामले को लेकर 3 जनवरी को बेरमो थाना में पिता के गुमसुदगी का आवेदन दिए, परंतु प्रशासन के द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद 17 फरवरी को ऑनलाइन एफआईआर किया। कहा कि कारो परियोजना प्रबंधन से संपर्क करने पर पता चला कि पिता महेंद्र यादव 28 जनवरी को ड्यूटी में हाजिर थे इधर बेरमो थाना पुलिस ने कहा कि लापता महेंद्र यादव की तलाश की जा रही है।

संविधान की रक्षा के लिए सभी दलित संगठनों को एक मंच पर आना होगा: दिनेश रविदास

बेरमो : दलित शोषण मुक्ति मंच बोकारो जिला कमेटी का एक दिवसीय दूसरा कन्वेंशन बेरमो के संडे बाजार में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य अध्यक्ष बालक पासवान राज महासचिव दिनेश रविदास उपस्थित थे। कन्वेंशन में जिला महासचिव मनोज कुमार पासवान ने सचिव रिपोर्ट पर जिलेभर से विभिन्न प्रखंडों से आए हुए प्रतिनिधियों ने चर्चा में भाग लिया। इस कन्वेंशन में नई कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें लखन दास चंद्रपुरा को जिला अध्यक्ष मनोज कुमार पासवान को जिला महासचिव, भोला रजक को कोषाध्यक्ष, श्याम नारायण सतनामी को कार्यकारी अध्यक्ष सहित 21 सदस्यों का कमेटी का सर्व समिति से गठन किया गया। कन्वेंशन में मुख्य रूप से उपस्थित बेरमो दक्षिणीपंचायत के मुखिया पुष्पा देवी, पूर्वी पंचायत के वार्ड सदस्य मोनी देवी,मालती देवी ,बबीता देवी, दलित चिंतक राम चंद्र ठाकुर, सुनील नायक, इत्यादि भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष गोवर्धन रविदास उपस्थित भी उपस्थित थे।

डाड़ी प्रखंड स्तरीय जनता दल यू की बैठक संपन्न

राष्ट्रीय खबर

गिद्दी : झारखंड इंटर महाविद्यालय होसिर में डाड़ी प्रखंड स्तरीय जनता दल यूनाइटेड कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिनेश्वर महतो ने की जबकि संचालन सचिव सुबीर झा द्वारा किया गया। बैठक में विशेष रूप से मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल मौजूद थे। दुष्यंत पटेल द्वारा संगठन की मजबूती और सदस्यता बढ़ाने पर खास रूप से चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती कार्यकताओं से होती है। इसलिए कार्यकताओं को सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कहा गया की महंगाई से लोग त्रस्त हैं। इसके खिलाफ डाड़ी मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना देने की बात कही गयी। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दिनेश्वर महतो, सचिव सुबीर झा, संजय राम आदि लोग मौजूद थे।

बालिका उच्च विद्यालय में दसवीं की छात्राओं को दी गई विदाई

राष्ट्रीय खबर

कुजू : बालिका उच्च विद्यालय कुजू में दसवीं कक्षा के छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय के छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक एवं गीत प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम के बीच में दसवीं के छात्राओं को उपहार भी विद्यालय के बच्चों के द्वारा दिया गया।

तत्पश्चात कक्षा दसवीं के छात्राओं ने विद्यालय में बिताए पल एवं अनुभव को अपने सहपाठियों के साथ साझा किया। विद्यालय के सभी छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा दसवीं कक्षा के छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर दसवीं के सभी छात्राएं विद्यालय को छोड़ते हुए बहुत ही उदास थे, तो एक ओर उनके लिए खुशी की बात थी कि वह विद्यालय के उपरांत आगे की शिक्षा अध्ययन के लिए देश के अलग अलग शहरों में जाएंगे और अपने भविष्य को सुनहरा बनाएंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी कक्षा दसवीं के छात्राओं को अपने अपने अनमोल वचनों एवं संदेशों के माध्यम से प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय उच्च विद्यालय के सचिव अनीष कुमार गुप्ता के द्वारा छात्राओं को प्रेरणादाई कहानियां तथा अनमोल वचनों के माध्यम से आगे भविष्य की लिए शुभकामनाएं दिया गया। आप सभी अच्छी तैयारी के साथ परीक्षा दें और अच्छा रिजल्ट करें यही मेरी शुभकामना है।

विदाई समारोह के अवसर पर बालिका महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शशिबाला, डॉ अवधेश गुप्ता, जयनाथ गुप्ता, मध्य विद्यालय प्राचार्य कविता सेन, रामनरेश शर्मा, किसटो हाजम आदि मौके पर मौजूद थे।

गोमिया इंटर कॉलेज में 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

बेरमो /गोमिया : प्रखंड के स्वांग स्थित गोमिया इंटर कॉलेज में शनिवार को बारहवीं के विद्यार्थियों का फेयरवेल आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो.दामोदर पांडेय व अन्य शिक्षकों ने कला संकाय के 138, वाणिज्य संकाय के 26 और विज्ञान के 22 छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर व बुके देकर विदाई दी। प्राचार्य दामोदर पांडेय ने कहा कि कॉलेज में बारहवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने पूरी लगन व मेहनत करके सभी विषयों का अध्ययन किया है। वहीं विद्यार्थियों ने कहा कि कॉलेज में अध्ययन के दौरान सभी शिक्षकों का भरपूर सहयोग मिला और आगे भी मार्गदर्शन मिलता रहेगा। इस दौरान बारहवीं की नेहाना परवीन व प्रह्लाद सोनी को बेस्ट स्टूडेंट का खिताब दिया गया। मौके पर प्राचार्य दामोदर पांडेय, प्रो कहकशा बेगम, प्रो फीलोमीना, प्रो सलीम, प्रो अंतेश, प्रो आरपी यादव सहित सुकृति कुमारी, विधि कुमारी, सुनीता कुमारी, रोहित यादव, अजय यादव, सखी कुमारी, श्वेता कुमारी, जेबा परवीन, सोनी कुमारी, सुरभि कुमारी, आनन्दी कुमारी व अन्य उपस्थित थे।

मतदान कुल 335734 मतदाता जिनमें पुरुष एवं महिलाएं करेंगी अपने मताधिकार का प्रयोग

उपचुनाव कराने सेक्टर दंडाधिकारी व मतदान पदाधिकारी डिस्पैच सेंटर से हुए रवाना

- अधिकारियों ने डिस्पैच सेंटर पर उपस्थित रहकर कार्यों का जायजा लिया

राष्ट्रीय खबर

रामगढ़ : रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर चुनाव कराने के लिए सेक्टर दंडाधिकारी एवं मतदान पदाधिकारी रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से रवाना हुए। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने डिस्पैच सेंटर पर उपस्थित रहकर कार्यों का जायजा लिया। मौके पर सुश्री मिश्रा ने मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही सामग्रियों व अन्य कार्यों का जायजा लेने के क्रम में सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों एवं मतदान पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी वहीं उन्होंने इस संबंध में कई आवश्यक दिशा निर्देश भी सभी अधिकारियों को दिए। सुश्री मिश्रा ने सभी सेक्टर दंडाधिकारी व मतदान पदाधिकारियों को मतदान के दिन समय का विशेष रूप से ध्यान रखने एवं निर्धारित समय पर मतदान शुरू कर देने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत 27 फरवरी सोमवार को प्रातः 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान होना है। इस दौरान 23 रामगढ़ विधानसभा अंतर्गत कुल 335734 मतदाता जिनमें 173550 पुरुष एवं 162184 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। गौरतलब हो कि 23 रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के मद्देनजर कुल 233 भवनों में 405 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें रामगढ़ प्रखंड में 118 में दुलमी प्रखंड में 64, चितरपुर प्रखंड में 70 एवं गोला प्रखंड में 153 मतदान केंद्र बनाए गए है।[1] जिसकी दूरभाष संख्या 06553 261 522/ 99733 14112 है। निवार्ची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी, विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

भाजपा महिला मोर्चा ने लिया संगठन की मजबूती का संकल्प

बेरमो : भारतीय जनता पार्टी बोकारो जिला महिला मोर्चा की तीसरी कार्यसमिति की बैठक फुसरो स्थित अवध बैकेट हॉल में रविवार को संपन्न हुई। मुख्य वक्ता के रूप में महिला मोर्चा की रेणुका मुर्मू, पूर्व अध्यक्ष आरती राणा, प्रदेश प्रभारी रितु रानी सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में 16 वीं लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने भाग लिया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गिरिजा देवी व संचालन जिला मंत्री बबीता देवी ने किया। रेणुका मुर्मू, पूर्व अध्यक्ष आरती राणा, प्रदेश प्रभारी रितु रानी सिंह व जिलाध्यक्ष गिरिजा देवी ने महिलाओं से संगठन को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। संगठन मजबूती के टिप्स दिए। कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से महिलाओं का झुकाव भाजपा की ओर हुआ है। शौचालय योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना समेत महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत प्रधानमंत्री मोदी ने की है। लूट, डकैती तो अब राज्य की पहचान बन चुका है। तो दुसरी तरफ कोयला, पत्थर और बालू तक लूटा जा रहा है। गली-गली में भमूाफिया पैदा हो चुके है। और सरकारी जमीनों के साथ गरीबों की जमीन को लूट रहे है। मौके पर सुप्रसिद्ध चिकित्सक उषा सिंह, वार्ड पार्षद अनिता देवी, पूर्व वार्ड पार्षद राधा देवी, राजमती देवी आदि सैकड़ो महिला मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

संपादकीय

अब मोदी और मनमोहन की तुलना कर लीजिए

तीन माह बाद नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर काम करते हुए दस साल हो जाएंगे। प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल मनमोहन सिंह के बराबर हो जाएगा जिन्होंने 2004 से 2014 तक संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार का नेतृत्व किया था। ऐसे में दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच तुलना लाजिमी है कि उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को किस प्रकार संभाला और देश के लिए किस तरह के नतीजे हासिल किए। इस मौके पर यह देखा जाना चाहिए कि पूर्व सरकार के प्रधानमंत्री, जिन्हें खुद नरेंद्र मोदी ने मौन मोहन सिंह कहा था और वर्तमान प्रधानमंत्री जिन्हें अडाणी प्रकरण में मौनी बाबा कहा जा रहा है, दोनों के काम काज की तुलना क्या हो सकती है। मोदी के कार्यकाल से शुरू करते हैं। अगर नोटबंदी को हटा दिया जाए तो कम से कम चार ऐसी अहम पहल हैं जिनके लिए मोदी सरकार को याद किया जाएगा। आम जनता में बैंकिंग की व्यापक और गहरी पहुंच सुनिश्चित करके मोदी सरकार ने गरीबों तक वित्तीय पहुंच उपलब्ध कराने का काम किया। मोदी सरकार की एक बड़ी पहल वित्तीय तकनीक के क्षेत्र में थी।

अगस्त 2016 में यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई की शुरूआत हुई जिसने बैंक खातों को एक मोबाइल ऐप्लिकेशन से जोड़ दिया। बैंकिंग के कई काम एक उपकरण से होने लगे और पैसों का अबाध लेनदेन शुरू हो सका। मोदी सरकार ने मई 2016 में उज्ज्वला योजना पेश की थी ताकि गरीब परिवारों को निःशुल्क घरेलू गैस कनेक्शन दिया जा सके। इस पहल ने आम लोगों पर गहरा असर डाला। घरेलू स्तर पर स्वच्छ ईंधन अपनाने की बात करें तो 2016 के 62 फीसदी से बढ़कर यह अब 99 फीसदी हो गया है। करीब नौ करोड़ परिवार इस योजना का लाभ ले चुके हैं। कोविड महामारी की शुरूआत के कुछ सप्ताह के भीतर ही मोदी सरकार ने 80 करोड़ से अधिक लोगों के लिए निःशुल्क खाद्यान्न योजना शुरू कर दी। यह मोदी की चौथी बड़ी पहल थी। इस योजना के क्रियान्वयन ने गरीबों को बड़ी राहत प्रदान की। उन्हें निःशुल्क गेहूं, धान और दालें मिलीं ताकि महामारी में लगे लॉकडाउन तथा रोजगार संकट के दौरान उन्हें खाने की दिक्कत न हो। मोदी सरकार ने महामारी के दौरान काम करवाकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा की मदद से बड़ी तादाद में गरीबों को न्यूनतम मेहनताना दिया। मोदी सरकार की कई अन्य पहलें भी हैं जिन्होंने लाखों लोगों के जीवन स्तर में सुधार किया। आवास योजना भी उनमें से एक है। लेकिन इसके साथ ही नोटबंदी और जीएसटी जैसी घटनाएं भी हैं जिन्होंने बहुत बड़ी संख्या में लोगों को बुरी तरह प्रभावित किया। नोटबंदी के कारण जो उथलपुथल मची उसने इतना बुरा असर डाला कि आज मोदी सरकार का कोई व्यक्ति उन तथाकथित फायदों की बात नहीं करता जिनका दावा नवंबर 2016 में नोटबंदी के समय किया गया था। वस्तु एवं सेवा कर की शुरूआत के समय कारोबारी सुगमता का वादा किया गया था। इस कर के संग्रह में सुधार हो रहा है लेकिन नई कर व्यवस्था में अभी कई सुधारों की आवश्यकता है ताकि यह व्यवस्था वांछित स्तर तक पहुंच सके। मनमोहन सिंह ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में विशिष्ट पहचान यानी आधार कार्ड योजना को निश्चित रूप से उनकी सबसे बड़ी पहल करार दिया जा सकता है। मोदी सरकार ने इसे और बढ़ावा दिया और आधार को कानूनी आधार प्रदान किया। अब तक देश में 1.3 अरब आधार कार्ड जारी किए जा चुके हैं। मौदी की कई योजनाएं इसी आधार कार्ड पर आधारित हैं। डॉ मनमोहन सिंह की दूसरी बड़ी नीतिगत पहल थी 2005 में मनरेगा की शुरूआत ताकि गांवों में रहने वाले बेरोजगार लोगों को सामाजिक सुरक्षा दी जा सके। आश्चर्य की बात है कि मोदी सरकार ने समुचित फंड के साथ इस योजना को जारी रखा। कोविड-19 महामारी के आगमन के बाद यह योजना ग्रामीण बेरोजगारी से निपटने का एक अहम जरिया बन गई। जबकि खुद मोदी इसकी आलोचना कर चुके थे। मनमोहन सिंह की शुरू की गई एक और बड़ी योजना थी राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम। यह योजना सरकार बदलने के एक साल पहले 2013 में पेश की गई थी। इस कानून के तहत देश की 75 फीसदी ग्रामीण आबादी और 50 फीसदी शहरी आबादी को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत रियायती अनाज दिया जाने लगा। अनुमान के मुताबिक इस योजना में 80 करोड़ भारतीय शामिल थे। मनमोहन सिंह द्वारा पेश नीतिगत उपायों के बल पर मोदी अपनी योजनाएं पेश कर सके। बिना आधार की तकनीक और बुनियाद के मोदी सरकार यूपीआई भुगतान समेत फिनटेक नवाचारों पर आगे नहीं बढ़ सकती थी और आम आदमी के लिए इतनी मुफीद योजनाएं नहीं ला सकती थी। अगर मनरेगा नहीं होती तो कोविड-19 महामारी के दौरान भी मोदी इतने प्रभावी ढंग से ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी का मुकाबला नहीं कर पाते। यहां तक कि महामारी में निःशुल्क खाद्यान्न वितरण को भी सिंह सरकार की राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से मदद मिली।

पुस्तकों और साहित्य का सबसे बड़ा उत्सव

विश्व पुस्तक मेला

कोरोना महामारी के कारण लगातार तीन वर्षों तक ऑनलाइन आयोजित होने के बाद इस वर्ष नई दिल्ली में भव्य विश्व पुस्तक मेले की शुरूआत हो गई है, जो 25 फरवरी से शुरू होकर अब 5 मार्च तक यानी कुल 9 दिन तक चलेगा। इस पुस्तक मेले का इंतजार केवल राजधानी दिल्ली के लोग ही नहीं बल्कि देशभर के साहित्यकार और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग करते हैं। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा आयोजित इस पुस्तक मेले में जी-20 देशों के अलावा 30 से भी ज्यादा देश और 1000 से ज्यादा प्रकाशक और पुस्तक विक्रेता शामिल हो रहे हैं। पुस्तक मेले में दो हजार से ज्यादा स्टाल रहेंगे और 500 कार्यक्रम तथा 50 सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। मेले की थीम 'आजादी का अमृत महोत्सव' है और भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कई साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन मेले में किया जाएगा। पुस्तक मेले में इस वर्ष फ्रांस मेहमान देश है, इसलिए यहां फ्रांसीसी पुस्तकें, बड़ी संख्या में फ्रांसीसी साहित्यकार और प्रकाशक भी हिस्सा ले रहे हैं। फ्रांस से नोबेल पुरस्कार विजेता एनी एर्नाक्स सहित 16 फ्रांसीसी लेखक और 60 से ज्यादा प्रकाशक तथा सांस्कृतिक प्रतिनिधि मेले में भाग ले रहे हैं। एनबीटी-इंडिया के निदेशक के मुताबिक विश्व पुस्तक मेला इस वर्ष पुस्तकों और साहित्य का सबसे बड़ा उत्सव है और जी20 पवेलियन, एनईपी पवेलियन, एड-टेक जोन, युवा के साथ मेले के नए आकर्षण हैं।

योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र पत्रकार

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा पहली बार ह्यविश्व पुस्तक मेलाह्ल 1972 में 18 मार्च से 4 अप्रैल तक दिल्ली के जनपथ रोड पर विंडसर प्लेस में आयोजित किया गया था, जिसमें दो सौ प्रकाशकों ने भाग लिया था और उसका उद्घाटन तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरी ने किया था। शुरूआत में पुस्तक मेले में 4-5 देश ही शामिल होते थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 30 से भी ज्यादा हो गई है। 1972 से 2012 तक पुस्तक मेले का आयोजन बाइनियल ईयर (सम संख्या का वर्ष) में किया जाता था, उसके बाद से इसका आयोजन प्रतिवर्ष होता है। विश्व पुस्तक मेले का इस साल 50 वर्षों का सफर पूरा हो रहा है और इस 50वीं वर्षगांठ के मौके पर मेले में डाक विभाग 'एनबीटी स्टैंप' जारी कर रहा है। इस बार मेले की विशेषता यह है कि यह इस वर्ष नए हॉल, नए स्थान और नई सुविधाओं के साथ अपने पुराने अंदाज में और पहले की तुलना में दो गुना बड़ा है। मेले के थीम पवेलियन में आजादी के गुमनाम नायकों पर आधारित करीब 200 पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मेले में अलग पवेलियन है, जहां नई शिक्षा नीति से जुड़ी सभी जानकारी देने का प्रयास किया गया है। पुस्तक मेले में बच्चों की गतिविधियां, लेखक मंच, न्यू डेली राइट टेबल पर वैश्विक स्तर वाली 30 देशों की 200 से ज्यादा पुस्तकों का अनावरण होगा।

देश में बच्चों के ऐसे भविष्य की परिकल्पना करते हुए, जहां बच्चे पुस्तकें पढ़ने तथा पुस्तक खरीदने के माहौल में बड़े हों और पुस्तक-पठन संस्कृति को फैलाने के उद्देश्य से 1 अगस्त 1957 को शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की स्थापना की गई थी। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास समाज के सभी आयु वर्ग के लिए सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में पुस्तकों के प्रचार और प्रकाशन में सक्रिय रहा है। हालांकि आधुनिकता के दौर में बच्चों के साथ-साथ बड़ों का लगाव भी पुस्तकों के प्रति कम हो गया है किन्तु बुद्धिजीवियों का स्पष्ट मानना है कि हर समय यह संभव नहीं कि पुस्तकों के स्थान पर मोबाइल या लैपटॉप आदि से पढ़ा जाए। दरअसल पुस्तकें हर समय साथ निभाती हैं और वास्तविक संतुष्टि पुस्तकें पढ़ने से ही मिलती है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि जिन लोगों की दिलचस्पी पुस्तकों में होती है, वे पुस्तक पढ़े बिना संतुष्ट नहीं होते, फिर भले ही उस पुस्तक में वर्णित बातें विभिन्न संचार माध्यमों से वे पहले ही जान चुके हों। ऐसे में लोगों की पुस्तकों के प्रति रूचि बनाए रखने में विश्व पुस्तक मेला जैसे आयोजन सार्थक भूमिका रहे हैं। अच्छी पुस्तकें बच्चों और युवा पीढ़ी को ज्ञानवान, संस्कारित और चरित्रवान बनाने में तो बहुत बड़ी भूमिका निभाती हैं। बहरहाल, पुस्तक मेले के माध्यम से बच्चों के अलावा मेले में मौजूद अन्य लोगों को भी पुस्तकों के सकारात्मक प्रभाव से जोड़ने की पहल काफी सराहनीय है। विश्व पुस्तक मेले के आयोजन में इस बार बच्चों को विशेष रूप से केन्द्र में रखा गया है ताकि उनका जुड़ाव अच्छी पुस्तकों से ज्यादा से ज्यादा हो और वे अपने जीवन में मित्र के रूप में पुस्तक पढ़ने को स्वीकारें।

(लेखक 33 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार और कुछ चर्चित पुस्तकों के रचनाकार हैं)

जेंटलमैन

बात उस समय की है जब स्वामी विवेकानंद जी प्रथम बार विदेश यात्रा पे गए। वहां उनके स्वागत करने के लिए कोई व्यक्ति नहीं था। विवेकानन्द जी पूरी तरह भगवा कपडे पहने हुए थे. उनके माथे पर पगड़ी बंधी हुई थी।

जब वे रास्ते से गुजर रहे थे, उन्हें एक विदेशी दंपत्ति ने देखा और स्त्री ने मजाक में कहा -'देखो जेंटलमैन को'विदेश में पैंट-शर्ट पहनने वाले को जेंटलमैन कहा जाता था। विवेकानंद जी के विचित्र पहनावे को देखकर उस स्त्री ने हसी उड़ाई थी। यह बात स्वामी जी के कानों तक सुनाई दे गयी।

जब वे स्त्री-पुरुष विवेकानन्द जी के पास से निकले, तब स्वामी जी ने कहा. बहन इधर आते वक्त आपने मुझे देखकर यह

कहा -'देखो इस जेंटलमैन को'

स्त्री ने स्वीकार किया और बोली -आपका विचित्र पहनावा को देखकर मैने परिहास किया था।

इस पर विवेकानंद जी बोले -आपने यह कहा, इसका मुझे कोई दुःख नहीं है। ना ही कोई क्षोभ है। परन्तु इस शब्द के प्रति हमारे जीवन में जो दृष्टि है।. उसे स्पष्ट कर रहा हूँ।

बहन, आपके यहाँ जेंटलमैन का निर्माण दर्जी करता है। परन्तु हमारे यहाँ जैनटलमैन का सृजन संत करता है।. अपने विचारों में सुंदरता लाने के बाद ऐसा होता है।

आपके देश में व्यक्ति दर्जी द्वारा सिले कपडे पहन कर बाहर निकलता है और अंदर से भले ही कुछ भी ना हो, फिर भी वह जैनटलमैन कहलाता है।

हमारे देश में व्यक्ति कैसा भी कपडा पहने अगर वह अंदर से संस्कारी होता है। तो वह जैनटलमैन अर्थात सज्जन कहलाता है. आपके और मेरे विचार में जैनटलमैन की व्याख्या का बस इतना ही फर्क है।

नजरिया

कानपुर की घटना कानून की ताकत का दुरुपयोग है

उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात जिले की मड़ौली गांव में घाटी त्रासदी की दुःस्वप्न में भी कल्पना नहीं की जा सकती। सच नहीं हो तो इस पर विश्वास करना कठिन होता कि सामान्य झोपड़ी को गिराने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ काफी संख्या में लोगों के रहते हुए मां बेटी अंदर जलकर खत्म हो गई। घटना इतनी बड़ी हो गई, इसलिए यह संपूर्ण देश की सुर्खियों में आ गया। कल्पना करिए, अगर मां बेटी के जलने की भयावह घटना नहीं होती तो क्या स्थिति होती? स्थानीय पुलिस और प्रशासन का एक ही लक्ष्य दिखता था झपरिवार को बलपूर्वक उजाड़ दो और न माने तो कानूनी कार्रवाई करो। मां प्रमिला दीक्षित और बेटी नेहा दीक्षित की भयानक मौत के बावजूद प्रशासन का बयान था कि दोनों ने स्वयं को आग लगा लिया। तो पूरी घटना को किस तरह देखा जाए? मां बेटी स्वयं को आग क्यों लगाएंगी इसका तार्किक उत्तर किसी के पास नहीं है। बावजूद मान लीजिए दोनों ने आग लगाया भी तो उसके लिए दोषी किसे माना जाएगा? क्या वहां उपस्थित पुलिस प्रशासन और लोगों का दायित्व नहीं था कि आग से उनको बचाने की कोशिश करें? किसी ने बचाने की कोशिश नहीं की। इसका केवल इतना अर्थ नहीं है कि पुलिस प्रशासन एवं उपस्थित लोगों को अनहोनी का आभास नहीं था। वास्तव में आग लगने के बावजूद बुलडोजर से झोपड़ी को गिराना साबित करता है कि उपस्थित सरकारी महकमा हर हाल में मनमानी करने पर उतारू था। यानी उन्हें अपने विरुद्ध किसी तरह की कार्रवाई का डर नहीं था।

अवधेश कुमार
पत्रकार

ये दोनों स्थितियां डरावनी हैं। अतिक्रमण हटाना प्रशासन की जिम्मेवारी है लेकिन उसका तरीका दादागिरी का नहीं हो सकता।

ये दोनों स्थितियां डरावनी हैं। अतिक्रमण हटाना प्रशासन की जिम्मेवारी है लेकिन उसका तरीका दादागिरी का नहीं हो सकता। साथ ही आम लोगों का भी दायित्व है कि वे ऐसी नौबत आने पर जान बचाने की कोशिश करें। आग लगने के बाद बुलडोजर से झोपड़ी को गिरा दिया गया। ऐसा न किया जाता तो आग इतना नहीं भड़कता। लोग आग बुझाने और मां बेटी को निकालने की जगह वीडियो बना रहे थे। हैरत की बात है कि किसी ने भी पुलिस से नहीं कहा कि आग लग गई है इसलिए बुलडोजर को रोका जाए। अगर आग लगने पर झोपड़ी न गिराई जाती और दरवाजा तोड़कर प्रमिला और नेहा को निकाला जाता तो संभवतः उनकी जान नहीं जाती। इस तरह वहां उपस्थित अधिकारी, पुलिसकर्मी तथा सारे लोग स्पष्ट तौर पर मां बेटी को जलाकर मारने के दोषी हैं।

जांच के लिए सरकार ने विशेष जांच दल यानी एसआईटी का गठन कर दिया है। एसडीएम, लेखपाल, स्थानीय थाना प्रभारी सहित नामजद व अज्ञात कुल 42 लोगों पर हत्या सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा किया जा चुका है। चौथा के एसडीएम ज्ञानेश्वर प्रसाद और लेखपाल अशोक चौहान निलंबित हुए तथा लेखपाल गिरफ्तार कर लिए गए हैं। मामला इस स्तर पर पहुंच गया है कि कार्रवाई में कोताही असंभव है।उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने वीडियो कॉलिंग पर परिवार से बात की और देश ने सुना है। इसी तरह पीड़ित परिवार को मुआवजा, सरकारी नौकरी, कृषि भूमि का पट्टा, पेंशन आदि की घोषणा हो गई है। क्या इससे सरकार की जिम्मेदारी पूरी हो गई?

कानून के सामान्य राज में इस तरह की अविश्वसनीय त्रासदी होनी ही नहीं चाहिए । ठीक है कि वह जमीन ग्राम समाज की है। अगर प्रशासन के पास इसकी शिकायत आई तो जांच में उसे यह पता क्यों नहीं चला कि पीड़ित कृष्णगोपाल दिक्षित किस मजबूरी में वहां बसे हैं?

जानकारी

प्रेतशिला पहाड़ी

प्रेतशिला पहाड़ी रामशिला पहाड़ी से 10 किलोमीटर की दूर स्थित है। यहां से आप गया शहर का नजारा देखने के साथ ही सुंदर ब्रह्म कुंड भी देख सकते हैं। बता दें कि प्रेतशिला की चोटी पर एक चट्टान है। मान्यता है कि प्रेतशिला वेदी पर अकाल मृत्यु के कारण प्रेतयोनि में भटकते प्राणियों का श्राद्ध करने से उनको मुक्ति मिल जाती है। यहां पर अहिल्या बाई का एक ऐतिहासिक मंदिर है। यह मंदिर शानदार स्थापत्य शैली का अद्भुत नजारा पेश करता है। प्रेतशिला पहाड़ी से आप गया शहर और हरे भरे घास के मैदान का अद्भुत नजारा देख सकते हैं।

ब्रह्मजुनी हिल

बिहार के गया जिले में स्थित ब्रह्मजुनी हिल ऐतिहासिक मंदिरों से घिरी पहाड़ी जगह है। ब्रह्मजुनी हिल से आप हरे-भरे घास के मैदानों और विष्णुपद मंदिर के खूबसूरत नजारे देख सकते हैं। यह पहाड़ी विष्णुपद मंदिर से 1 किमी दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। ब्रह्मजुनी पहाड़ियों पर ऐतिहासिक गुफाओं को देखकर आपका दिन बन जाएगा। पत्थर की दीवारों पर उकेरी गई आकर्षक नक्काशियां पर्यटकों का मन मोह लेती हैं। यहां पर बुद्ध ने 1000 पुजारियों को अपने अग्नि उपदेश दिए थे।

Realme C55, Helio G85 SoC IZY साथ इस बेंचमार्क साइट पर स्पॉट!

दिल्ली: Realme का अपकमिंग स्मार्टफोन Realme C55 इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। इस फोन में ब्रैंड कुछ खास फीचर्स देने जा रही है जिसकी वजह से यह सुर्खियों में छाया हुआ है। फोन को कई सर्टिफिकेशन वेबसाइट्स पर देखा जा चुका है। इससे पता चलता है कि इसका लॉन्च बहुत नजदीक है और फोन की लॉन्च डेट के बारे में कंपनी जल्द ही अधिकारिक घोषणा कर सकती है। फोन के बैटरी और चार्जिंग स्पेसिफिकेशंस पहले ही सामने आ चुके हैं। डिवाइस को हाल ही में SIRIM सर्टिफिकेशन पर देखा गया है और इसे NBTC और इक्र पर भी पहले ही स्पॉट किया जा चुका है। अब इस डिवाइस के बारे में एक और अपडेट सामने आया है। ताजा अपडेट में क्या कुछ जानकारी सामने आई है, हम आपको बताते हैं।

Realme C55 कंपनी की ओर से अगला बजट फोन होने वाला है जिसके बारे में एक लेटेस्ट अपडेट मिला है। फोन के प्रोसेसर के बारे में यह एक बड़ा अपडेट है। मायस्मार्टप्राइस की रिपोर्ट के अनुसार, Realme C55 को अब Geekbench पर स्पॉट किया गया है जिससे इसके प्रोसेसर के बारे में पता चलता है। फोन में MediaTek Helio G85 SoC को दिखाया गया है, जैसा कि लिस्टिंग से पता चलता है। यहां पर भी फोन का मॉडल नम्बर RMX3710 मेंशन किया गया है। फोन में ऑक्टाकोर प्रोसेसर है। इसके प्रोसेसर का मॉडल नम्बर भी यहां मेंशन किया गया है जो कि MT6769V/CZ है। प्रोसेसर को 1.80GHz की न्यूनतम और 2.0GHz की अधिकतम फ्रिक्वेंसी पर क्लॉक किया गया है। यहां पर फोन में 8GB रैम का भी पता चलता है। साथ ही यह एंड्रॉयड 13 के साथ लिस्ट किया गया है। संभावना है कि इस पर Realme UI 4.0 स्किन देखने को मिल सकती है। सिंगल कोर टेस्ट में डिवाइस ने 376 पॉइंट्स का स्कोर किया है जबकि मल्टी कोर टेस्ट में इसने 1463 पॉइंट्स का स्कोर किया है।

टॉप ट्वीट

''भगवान आपके साथ है मनीष। लाखों बच्चों और उनके अभिभावकों की दुआयें आपके साथ हैं। जब आप देश और समाज के लिए जेल जाते हैं तो जेल जाना दूषण नहीं, भूषण होता है। प्रभू से कामना करता हूं कि आप जल्द जेल से लौटें। दिल्ली के बच्चे, अभिभावक और हम सब आपका इंतज़ार करेंगे।''

अरविंद केजरीवाल
मुख्यमंत्री(दिल्ली)

''मुझे लगता है यह मेरी गलतियों के कारण फिल्में फ्लॉप हुई हैं। दर्शक बदल गए हैं। आपको भी बदलना होगा। आपको अपने आपको नए तरीके से ढालना होगा। आपको फिर से शुरू करना होगा क्योंकि दर्शक अब कुछ नया देखना चाहते हैं।यह एक अलार्म की तरह है। आपकी फिल्म नहीं चल रही है तो गलती आपकी है। मैं कोशिश कर रहा हूं। वही कर सकता हूं।''

अक्षय कुमार
बॉलिवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

सोनिया ने की सियासी सन्यास की घोषणा

छतीसगढ़ के रायपुर में कांग्रेस अधिवेशन में सोनिया गांधी ने सियासी सन्यास की घोषणा कांग्रेस पार्टी के लिए मुश्किल डगर है। भारत जोड़ो यात्रा से खुश सोनिया ने युवाओ को आगे आने के लिए आह्वान किया। भाव विभोर हुए राहुल सोनिया के पास गए सोनिया को गले लगा दिया।यह क्षण झकझोर कर रखने वाला था। जवाहरलाल नेहरू से राहुल गांधी तक परिवार की गाथा ऐसे छा जाने वाले पात्रों से भरी है जिन्होंने अपने को नजरिये और मोहपाश में बांधे रखा। गणतंत्र को आधुनिक रूप देने वाले जवाहरलाल नेहरू आदर्शवादी था कि महज नारे लगाने वाला नेता नही हो सकता था।सिंडीकेट के घाघ इंदिरा बुढो को मात देकर वे उनके साये से निकल आई और उन्होंने देश मे महान नेत्री के पंथ का मंच तैयार किया।आधुनिक मिशन वाले संजय गांधी एक्शन हीरो थे।प्रोधोगिकी प्रेमी राजीव गांधी सज्जन पुरूष के रूप में उभरे।जिन्होंने भारत को 21वी शताब्दी में जाने का सपना देखा। सोनिया गांधी 2004 के आम चुनावों में विजय प्राप्त करने और फिर त्याग के बाद वे सर्वोच्च नेता बन गई।लेकिन सोनिया के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे के हाथों कांग्रेस की पूरी जवाबदारी सौंप कर सोनिया सन्यास पारी की घोषणा कांग्रेस के लिए कहा तक उचित रहेगी?सोनिया का भावी नेतृत्व कांग्रेस के लिए संजीवनी है।उम्र के लिहाज से सोनिया गांधी को और समय व्यतीत करने के लिए कोई आग्रह नही कर सकता है,लेकिन सोनिया ने सियासी सन्यास की घोषणा कर सबको चोंका दिया है।सोनिया ने लम्बे समय तक कांग्रेस पद पर रहकर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और उनके अध्यक्ष पद के दौरान प्रधानमंत्री का ताज ठुकराना और मनमोहनसिंह को पीएम बनाने के निर्णय काबिलेतारीफ कहा जा सकता है।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

शहर ›› अपडेट

आदिवासी संथाल समाज की बैठक हुई

इचाक : इचाक थाना क्षेत्र के फुफंदी स्कूल के प्रांगण में लहंती सरना समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक लकी राम की अध्यक्षता एवं संचालन बबुन हंसता ने किया । बैठक में निर्णय लिया गया कि सरहुल पर्व को सफल बनाना है एवं कई निर्णय लिया गया। बैठक में लालजी सोरेन, बाबूराम हंसदा, काली मांझी, चंद्र सोरेन, रंजीत समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सिटी अपडेट्स ››

कोल्हान वेलफेयर सोसाइटी की बैठक हुई

जमशेदपुर : कोल्हान वेलफेयर सोसाइटी की एक बैठक आजादनगर रोड न.2 मे संस्था के उपाध्यक्ष मो.मुशताक की अध्यक्षता मे हुई जिसमें क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं पर चर्चा करते हुए उस के समाधान पर बल दिया गया। अपने वक्तव्य मे हाजी मो.युनूस ने कहा कि आजादनगर रोड न.2 और 5 चौक स्थित नाली प्राय जाम होने के कारण बीच सड़क पर गंदा पानी बहता रहता है जिस के चलते आम लोगों को आवागमन मे कठिनाइयां होती है। संस्था के अध्यक्ष शफी अहमद खान ने कहा कि क्षेत्र के इस ज्वलंत समस्या के लिए मानगो नगर निगम से संपर्क किया जाएगा। उन्होंने सोसाइटी के विस्तासिकरण व मजबूती हेतु संस्था के सभी सदस्यों से हर संभव प्रयास करने का अपील की। बैठक मे रौनक अली, शकील अनवर, शफीउर रहमान, मो.महताब, इकबाल राशिद अहमद, मो.शमीम अंसारी, महबूब आलम, मो.मोबीन, मो.अली, मो.इशितयाक, गालिब असदुल्लाह, मो.फारूक, शकील अख्तर, गालिब हुसैन, मो.नसीम, महमूद आलम आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सचिव गुफरानुल हसन ने किया।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

भाजपा का बूथ शशक्तिकरण अभियान कार्यशाला संपन्न

हजारीबाग : हजारीबाग रविवार को भाजपा द्वारा आयोजित एक दिवसीय बूथ शशक्तिकरण अभियान कार्यशाला को लेकर जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने जिले भर के सभी मंड़ल अध्यक्षों,पदाधिकारियों के साथ अटल भवन के सभागार में बैठक लिया। विषय प्रवेश जिला महामंत्री सुनील साहू ने किया। वही जिला अध्यक्ष ने कहा कि तीन मार्च तक विधानसभा स्तर पर पंचायत संयोजक सह संयोजक की बैठक कर लेनी है।दस से बीस मार्च तक बूथ कमेटी का गठन मंडल अध्यक्ष करके सत्यापन करवा कर जिला में जमा करे ताकि जिला से प्रदेश भेजा जा सके। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष सुनील मेहता, राजेश सहाय, जयनारायण प्रसाद मेहता सहित जिले भर के सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

विद्युत चोरी एवं रोकथाम के लिए 8 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

इचाक : इचाक थाना क्षेत्र अंतर्गत कई गांव में विद्युत चोरी एवं रोकथाम हेतु छापामारी किया गया। आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई। झारखंड बिजली विद्युत निगम लिमिटेड के आदेश अनुसार विद्युत चोरी रोकथाम हेतु एक छापामारी दल गठन कर कई जगहों पर छापा मारा गया जिनमें से निम्न है। गणेश मेहता पिता स्वर्गीय वासुदेव महतो कनौदी, शिव कुमार मेहता पिता रामेश्वर प्रसाद मेहता ग्राम कनौदी ,प्रमोद कुमार सिंह पिता जलेश्वर सिंह कनौदी, नागेश्वर कुमार मेहता पिता देव नारायण महतो कनौदी, अर्जुन प्रजापति पिता श्याम लाल प्रजापति ग्राम मेढ़कुरी, बंटी कुमार पिता बैजू ठाकुर मेढ़कुरी इन लोगों पर विद्युत चोरी हेतु प्राथमिकी दर्ज की गई। यह छापामारी विद्युत कनीय अभियंता अमित शर्मा के निगरानी में किया गया।

शिविर

जिला विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन नगर भवन में

प्रधान जिला न्यायाधीश, उपायुक्त सह पुलिस अधीक्षक हुए शामिल

▶▶पांच करोड़ 27 लाख 60 हजार 728 रू की परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग जिला विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन आज 26/02/23 को नगर भवन सभागार में आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के सबसे निचले तबके के व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाना है इस कड़ी की सबके महत्त्वपूर्ण जिम्मेवारी जिला प्रशासन है। इसी जागरूकता को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का विधिवत शुभारंभ हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय, प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश सिन्हा एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान लोक गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण बीडीओ गुंजन सिन्हा के द्वारा दिया गया। शिविर के माध्यम से कई विभागों के द्वारा परिसंपतियों का वितरण एवं स्वीकृती प्रदान की गई' शिविर में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के चिकित्सा सहायता योजना के अंतर्गत 5 लाभुकों के बीच 75 हजार रू का वितरण एवं झारखंड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा योजना के मृत्यु एवं दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत 5 लाभुकों के बीच 25 लाख राशि का वितरण किया गया। विधवा एवं वृद्धा पेंशन में 8 लाख 84 हजार रु, मनरेगा अंतर्गत आम बागवानी को लेकर 11 लाख,77 हजार 28 रु, मनरेगा द्वारा 8 लाख,13 हजार रू की राशि से 2 आंगनवाड़ी केंद्र को सौंपा गया, कृषि विभाग से डीजल एवं सोलर के लिए 7 लाभुकों के बीच पांच लाख 20 हजार, पीएम आवास एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास के तहत 2 लोगों का गृह प्रवेश कराया गया, कल्याण विभाग द्वारा 7 लाभुकों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण, लोगों के बीच 6 लोगों के बीच मृत्यु प्रमाण पत्र का वितरण, जेएसएलपीएस के 150 सखी मंडल के सदस्यों के बीच एक करोड़ 57 लाख पचास हजार रुपए, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं कन्यादान योजना के तहत 27 लाख 65 हजार रु, सदर प्रखंड के 15वें वित्त योजनाओं का 25 लाख 11 हजार का उद्घाटन सहित कुल 5 करोड 27 लाख,60 हजार 728 रू की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविर में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा,श्रम अधीक्षक, सदर अंचलाधिकारी राजेश कुमार, सदर बीडीओ गुंजन सिन्हा व अन्य मौजुद थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

प्रखंड के कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं हुए शामिल

राष्ट्रीय खबर

दारु : दारू प्रखंड मुख्यालय मे रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट जज कम एडिशनल सेशन जज करिश्मा एम प्रसाद, दारू प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार राय, बीपीओ स्वाति वर्मा, एडवोकेट शबनम प्रवीण, उमेश प्रसाद, डिस्ट्रिक्ट जज असिस्टेंट शकील अकरम अंसारी, राजकमल रजक, बीओ गंगासागर, ललित कुमार, बीपीआरओ रविंद्र कुमार, पंचायत सचिव संजय दुबे, जनसेवक आशीष कुमार, सांख्यिकी पर्यवेक्षक नूतन कुमारी एवं प्रखंड के कई लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर के माध्यम से लोगो को अपने कानूनी अधिकार की जानकारी दी जा रहीं है। वहीं एडवोकेट उमेश प्रसाद ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार आपको हर तरह के अधिकार की जानकारी देती है जैसे बाल विवाह कानून, पोक्सो एक्ट, निशुल्क अनिवार्य शिक्षा, इत्यादि कई कानून है जिसे जानना अति आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड के कई लोगों को जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आवास, सखी मंडल को 64 लाख रुपया का चेक इत्यादि प्रदान किया गया। साथ ही शिविर में योजना की जानकारी हेतु अलग-अलग कई स्टाल लगा था।

नेहरू युवा केन्द्र ने किया कैच द रेन का कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग के तत्वावधान में कैच द रेन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग के द्वारा कैच दे रेन फेज तीन का आयोजन ग्राम बेहरी में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्र के जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर के द्वारा किया गया उनके साथ बेहरी पंचायत के वार्ड नं सात के अनुज कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद साथ द रेन पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें जिला युवा अधिकारी ने जल के बचाव पर जोर देते हुए जल के महत्व को बताया और कहा कि जल जितना हमारे लिए जरूरी है उतना उन्हें बचाना । कार्यक्रम का संचालन अमन हेम्ब्रम तथा धन्यवाद ज्ञापन महेश कुमार महतो के द्वारा किया गया। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन सोनू कुमार के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल, चंदन, आदि उपस्थित हुए।

अमीन ट्रेनिंग क्लास का किया गया शुरूआत

राष्ट्रीय खबर

पीरटांड़ : पीरटांड़ प्रखंड में रविवार को सर्वं शिक्षण जन सृजीत सेवा संस्थान हजारीबाग के द्वारा अमीन ट्रेनिंग का शुभारंभ किया गया। जिसमें पीरटांड़ प्रमुख सविता टुडू,चिरकी पंचायत के मुखिया,प्रशिक्षण प्रभारी महादेव कुमार ने चिरकी पंचायत भवन में सामूहिक रूप से फीता काटकर अमीन ट्रेनिंग की शुरूआत की। वहीं उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद सरकारी, गैर सरकारी,जैसे राजस्व विभाग,वन विभाग ,सिंचाई विभाग, अंचल अमीन आदि विभागों में ट्रेनिंग ले रहे छात्रों को जगह मिल सकती हैं। मौके पर ग्रामीण एवं अमीन ट्रेनिंग कर रहे छात्र उपस्थित थे।

खेलो इंडिया वुमेंस लीग जॉन 3 महिला साइक्लिंग का हुआ समापन

राष्ट्रीय खबर

पीरटांड़ : जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन में दो दिवसीय खेलो इंडिया वुमेंस लीग जॉन 3 महिला साइक्लिंग का समापन रविवार को किया गया। यह प्रतियोगिता झारखंड साइक्लिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में झारखंड समेत देश के अन्य सात राज्यों से प्रतिभागी बेटियां शामिल थी। प्रतियोगिता का आयोजन मधुबन थाना के समीप कि गई थी। स्यह प्रतियोगिता शाश्वत ट्रस्ट के सहयोग से भारत खेल प्राधिकरण और साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत आयोजित कि गई थी।प्रतियोगिता में कुल 120 खिलाड़ी शामिल हुए जिसमे बिहार से 12 खिलाड़ी, उत्तर प्रदेश से 4, बंगाल से 2, उड़ीसा से 1खिलाड़ी, के अलावे झारखंड की बेटियाँ प्रतियोगिता में शामिल थी। प्रतियोगिता में अलग अलग इवेंट कराया गया जिसमें 40 ' वुमेंस इलाइट रेस, 20 ' जूनियर गर्ल रेस, 20' सब जूनियर गर्ल रेस,25'वुमेंस इलाइट रेस,15'जूनियर गर्ल्स रेस,15'सब जूनियर गर्ल रेस शामिल है। जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तीसरे स्थान पर रहे खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर एवं कांस्य पदक के अलावे 10 हजार ,6 हजार, एवं 4 हजार राशि का चेक देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में बेबी कुमारी,मंजू कुमारी बिहार,नेहा टोप्पो झारखंड, नीमा कुमारी झारखंड,पूर्णिमा कुमारी झारखंड अमृता कुमारी झारखंड,तारा मिंज झारखंड,मिनी हेंब्रम झारखंड,सिंधुलता हेंब्रम झारखंड, देवी कुमारी,मंजू कुमारी बिहार,खुशबू कुमारी झारखंड,नीमा कुमारी,सुमित्रा टुडू,गीता कुमारी झारखंड,शामिल थी। इन खिलाड़ियों को सम्मानित करने मुख्य अतिथि के तौर पर गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, गिरिडीह जिप उपाध्यक्ष छोटे लाल यादव, झारखंड साइकिल एसोसिएशन के डॉ मधुकांत पाठक,गुलाम रब्बानी,संजीव जान,मनोज अग्रवाल, जितेंद्र महतो, धनंजय प्रसाद,नरेश कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

आयोजन

विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

परिसंपत्ति व प्रमाण पत्र का वितरण: ऋचा श्रीवास्तव

▶▶विधि के द्वारा जलाए गए दीपक से जीवन को करें प्रकाशमय : मिंज

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत हजारीबाग जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा बड़कागांव अंचल कार्यालय सभागार में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन पर परिसंपत्ति सह प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ऋचा श्रीवास्तव, न्यायिक दंडाधिकारी एस एस मींज, अधिवक्ता मनोरंजन कुमार राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

वही गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं अबोध बच्चों को खीर खिलाकर मुँह जूठी किया गया साथ ही साथ दर्जनों लोगों के बीच परिसंपत्ति व प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ऋचा श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि मानसिक सोच बदल कर अपने आप को सशक्त करें तथा गलत परंपराओं को समाप्त करें। यही शिविर का उद्देश्य है आगे उन्होंने कहा कि बेरोजगारी की समस्या, डायन प्रथा, युवाओं द्वारा नशा का प्रयोग मजबूत मानसिक सोच से ही दूर किया जा सकता है जैसा कि सती प्रथा का अंत मानसिक सोच से ही हो पाया। मौके पर मौजूद डालसा अधिवक्ता मनोरंजन कुमार राय ने आवश्यक जानकारी देते हुए बताया कि वैसे व्यक्ति जो न्यायालय की पहुंच से दूर रहते हैं उनके लिए प्रखंड स्तर पर विधिक सेवा की निशुल्क व्यवस्था की गई है इसके कई उदाहरण भी दिए गए।

सीजेएम ऋचा श्रीवास्तव द्वारा सेविका सालखो देवी, राजवती देवी, अंजू देवी, शकुंतला देवी के नेतृत्व में गर्भवती माता प्रीति देवी एवं सुशीला देवी की पकवान व फल देकर गोद भराई तथा कमलेश अनीता के अवैध पुत्र तनिस एवं रविंद्र गायत्री की अवैध पुत्री संजना को खीर खिलाकर मुँह जूठी किया गया। दर्जनों लोगों के बीच परिसंपत्ति व प्रमाण पत्र का वितरण- शिविर में पशुधन योजना के तहत पशु डॉक्टर एल गोराई सिंह गोस्वामी के नेतृत्व में एक दर्जन लोगों को बकरी एवं बत्तख चूजा दिया गया। वही बैंक ऋण, आवास, पेंशन ,केसीसी लोन, जन्म आय आवासीय जाति प्रमाण पत्र, जॉब कार्ड आदि की स्वीकृति से संबंधित प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। पशु धन योजना के तहत उपलब्ध कराए गए बकरी लाभुक जराजरा निवासी मुंगेस की पत्नी सोमरी देवी ने बताया कि मेरे पास पूर्व से ही बकरा- बकरी था जिसे जबरन आज लाने को कहा गया और यहां उसको दिखाया गया। सरकार उक्त संबंध में जब बड़कागांव पशु चिकित्सक डॉक्टर एल के गोसाई सिंह ने बकरी लाखों के की बातों को स्वीकार करते हुए कहा कि हां लाभुकों को कुछ दिन पहले बकरा बकरी व बत्तख चूजा दिया जा चुका है जिसे आज शिविर में लाने को कहा गया है।

न्यूज फटाफट

कोविड रोधी टीकाकरण शिविर का आयोजन

हजारीबाग : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,मालवीय मार्ग ,हजारीबाग में दिनांक 28 फरवरी को पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहन 2:00 बजे तक कोविड रोधी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा 'इस शिविर में को-वैक्सीन का प्रथम खुराक ,द्वितीय खुराक एवं बूस्टर डोज दिया जाएगा' जिन व्यक्तियों को को-वैक्सीन टीका का प्रथम ,द्वितीय एवं बूस्टर डोज लेना हो वह इस शिविर का लाभ उठा सकते हैं ' विद्यालय परिवार ने आम जनों से आग्रह किया है कि वह इस शिविर में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर इस शिविर का लाभ उठाएं ' विदित हो कि विद्यालय द्वारा कोविड रोधी टीकाकरण शिविर का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहा है।

महावीर मंदिर कानी बाजार का 15 वा स्थापना दिवस धूमधाम से मना

हजारीबाग : हर साल की भांति इस साल भी 26 फरबरी दिन रविवार को हनुमान मंदिर कानीबाजार का वार्षिक स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। सुबह में पूजा,हवन,और दिन में धूमधाम से भंडारा का आयोजन हुआ जिसमे हजारो महिला ,पुरुष और धर्मप्रेमी लोग शामिल हुए ,मंदिर के सचिव विवेक बरियार ने कहा कि इस तरह के आयोजन करने से लोगो का धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी,मंदिर के कोषाध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि इस तरह के आयोजन से मन को बहुत शांति लगती है और सामाजिक समरता का माहौल बनता है और अतिशीघ्र शिव परिवार भगवान और शनि देव भगवान का प्राण प्रतिष्ठा भी इसी मंदिर प्रांगण में होगा जिसके लिए मंदिर में कार्य तेजी से जारी है ।भंडारा की शुरूआत आदरणीय अध्यक्ष शंकर चंद पाठक और प्रमुख सरंक्षणकर्ता नगीन सिंह,विनोद वर्मा ,अरुण वर्मा ने की,इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से महावीर मंदिर के भंडारा प्रमुख कुलदीप वर्मा ,मनोज गुप्ता,समिति के सदस्य गोपाल गुप्ता,चंदन गुप्ता,गुड्डन मिश्रा मुख्य पुजारी ,राजेश गुप्ता और अन्य लोगो का मुख्य योगदान रहा। उपरोक्त बातें की जानकारी मंदिर के कोषाध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने दी।

माताजी आश्रम हाता में वार्षिक उत्सव धूमधाम से प्रारंभ

हाता : माताजी आश्रम में भगवान रामकृष्ण देव की 187 जयंती सह माताजी आश्रम का 85 वा वार्षिक उत्सव धूमधाम से शुरू हो चुका है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज इस समारोह की भव्य शुरूआत हुई।सुबह 4.30बजे मंगल आरती और प्रभाती कीर्तन हुआ।7.30 बजे जयदेव बनर्जी ने चंडी पूजा और चंडी पाठ हुआ। 8.00 बजे से ठाकुर,माँ और स्वामीजी की बिशेष पूजा की गई।9 बजे सुनील कुमार दे ने माताजी आश्रम टीम के साथ,,गयार गदाधर,,लीला गीति प्रस्तुत की गई। 10.30 बजे धर्म सभा हुई जिसका विषय था सबके ठाकुर श्रीरामकृष्ण ।इस सभा का शुभारंभ रामकृष्ण विवेकानंद मठ देवघर के संस्थापक उदय महाराज ने धूप द्वीप प्रज्वलित करके किया। इस अबसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पोटका के विधायक संजीव सरदार,बिशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी शेखर दे,उप प्रमुख उर्मिला समाद, पूर्व विधायक मेनका सरदार,पूर्व जिला परिषद चंद्रवती महतो,पूर्व सिविल सर्जेन डॉक्टर अरविंद कुमार लाल,समाजसेवी सुनील महतो आदि उपस्थित थे।कृष्ण कांत मंडल ने स्वागत भाषण दिया। स्वागत संगीत बिनय कालिंदी ने प्रस्तुत की।सुनील कुमार दे ने आश्रम का बार्षिक प्रतिवेदन पाठ किया।शंकर चंद्र गोप,सुधांशु मिश्र,शेखर दे,डॉक्टर अरविंद कुमार लाल ने अपना अपना महत्व पूर्ण बिचार रखे।उदय महाराज ने कहा,,रामकृष्ण परमहंस देव इस युग के अवतार हैं।उन्होंने पापी धार्मिक,ज्ञानी अज्ञानी,पतित पतिता सभी को कृपा किया था।सभी का जीवन में भक्ति और ज्ञान का संचार किया था।रामकृष्णदेव सबके ठाकुर थे। मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार ने कहा,,आज सचमुच माताजी आश्रम ज्ञान,भक्ति और अध्यात्मिकता का केंद्र बन चुका है। अध्यक्ष का भाषण रघुनंदन बनर्जी ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन हरगौरी महतो ने किया।सभा का संचालन राजकुमार साहू ने किया। 12 बजे ठाकुर जी की भोग,आरती,पुष्पांजलि और होम हुआ। 1 बजे महा प्रसाद वितरण और नरनारायण सेवा हुआ।2.30 रामकृष्ण की जीवनी संबंधित प्रश्न उत्तर हुआ।3बजे भक्ति संगीत कार्ज्य क्रम हुआ जिसमें फाल्गुनी,जयश्री दास गुप्त,बीथिका मंडल,पतित पावन दास, प्रवीर दास, भास्कर दे,तोड़ित मंडल, मुकुल मंडल,टिंकू मिश्र,शिवतोष नाग,शान्तु,द्वीप शिखा आदि ने भाग लिया। 4 बजे हरिलुट और 6 बजे संध्या आरती के साथ कार्ज्य क्रम का समापन हुआ।इस अबसर पर हीरा लाल दे, इंद्रजीत हुई, पद्मावती कुंडु,दुलाल मुखर्जी, बिनोद ज्योतिषी, मलय सेन के अलावे बिभिन्न गांव के काफी संख्या में महिलाएं और भक्तगण उपस्थित थे।

रामनवमी को लेकर ओरिया में हुई बैठक

हजारीबाग : हजारीबाग सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ओरिया स्थित शिवमंदिर प्रांगण में दिन रविवार को रामनवमी पूजा को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक प्रमोद कुमार पासवान ने किया। वहीं बैठक का संचालन पूर्व मुखिया दिलीप पासवान एवं निरंजन यादव ने किया। रामनवमी पूजा सफलता पूर्वक संपन्न को लेकर समिति का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुधीर यादव, उपाध्यक्ष बबलू यादव, महासचिव घनश्याम कुमार, सचिव शैलेश पासवान, कोषाध्यक्ष राजदीप कुमार, उपकोषाध्यक्ष बादल पासवान, पूजा मंत्री आशीष कुमार, गोविन्द यादव, विजय यादव, गणपति राम, प्रेमचंद कुमार, विजय साव, हरीश गुप्ता, धर्मेन्द्र साव, सौरभ कुमार, मुकेश कुमार, राजकुमार, जुलुस मंत्री निरंजन यादव, वेद प्रकाश राम, अमित पासवान, द्वारिका साव, प्रकाश राणा, दिनेश साव, संरक्षक दिलीप पासवान, अमित पासवान, अभय शंकर पासवान, जीतु यादव, गिरजा राम पासवान, प्रमोद कुमार पासवान, रंजीत यादव, कौलेश्वर साव, उदय शंकर पासवान, संजय यादव, प्रेम कुमार एवं मीडिया प्रभारी विजय यादव को बनाया गया। मौके पर विशेष रूप से पूर्व मुखिया दिलीप पासवान, गणपति राम, प्रेमचंद कुमार, बादल रावत, अमित पासवान, अनिल यादव, रंजीत यादव, सुनील यादव, राजेश साव, प्रकाश राणा, दिनेश साव, रंजीत पासवान एवं संदीप कुमार सहित कई लोग शामिल थें।

हनुमान मंदिर में वार्षिक स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

हजारीबाग : हजारीबाग आपार हर्ष के साथ हर साल की भांति इस साल भी रविवार को हनुमान मंदिर कानीबाजार का वार्षिक स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पुरुष और धर्मप्रेमी लोग शामिल हुए, मंदिर के सचिव विवेक बरियार ने कहा कि इस तरह के आयोजन करने से लोगो का धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी, मंदिर के कोषाध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि इस तरह के आयोजन से मन को बहुत शांति लगती है और सामाजिक समरता का माहौल बनता है और अतिशीघ्र शिव परिवार भगवान और शनि देव भगवान का प्राण प्रतिष्ठा भी इसी मंदिर प्रांगण में होगा जिसके लिए मंदिर में कार्य तेजी से जारी है। भंडारा की शुरूआत आदरणीय अध्यक्ष शंकर चंद पाठक और प्रमुख सरंक्षणकर्ता नगीन सिंह, विनोद वर्मा, अरुण वर्मा ने की, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से महावीर मंदिर के भंडारा प्रमुख कुलदीप वर्मा, मनोज गुप्ता, समिति के सदस्य गोपाल गुप्ता, गुड्डन मिश्रा मुख्य पुजारी, राजेश गुप्ता और अन्य लोगों का मुख्य योगदान रहा।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र प्रदेश

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

प्रदेश ›› अपडेट

राकांपा का नहीं होगा होली मिलन समारोह : सरोज

हरिहरगंज/पलामू : बीते दिनों राकांपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता धीरज कुमार सिंह के असामयिक निधन की वजह से गम में डूबे राकांपा द्वारा इस बार हरिहरगंज में होली मिलन समारोह का आयोजन नहीं किया जाएगा । उक्त जानकारी हरिहरगंज के विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा प्रेस कांफ्रेंस कर दी है। उन्होंने कहा कि दिवंगत धीरज कुमार सिंह एनसीपी के समर्पित कार्यकर्ता तो थे ही वे बेहद व्यवहार कुशल और मिलनसार तथा मृदुभाषी स्वभाव के व्यक्ति थे। जिनके असमय मृत्यु से एनसीपी के तमाम नेता , कार्यकर्ता सहित मित्रगण काफी मर्माहत हैं। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में शोकाकुल सभी परिवारों के प्रति उनकी गहरी संवेदना है। मौके पर एनसीपी के अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष मोहम्मद असलम, मो आबिद ,अशोक मेहता आदि मौजूद थे।

बहाली

सरकार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से बुलाया आईपीएस राजीव मिश्रा को

पटना के नए सीनियर एसपी हो सकते हैं:मिश्रा

राष्ट्रीय खबर

पटना : बिहार में पटना राजधानी नए-नए सीनियर एसपी को लेकर लगातार कई तरह की चचाएं और कयास लगाए जा रहे हैं। सच्चाई पर भरोसा करें तो राज्य सरकार के एक पूर्व करीबी आईएएस अधिकारी ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात आईपीएस अधिकारी राजीव मिश्रा को बिहार बुलाया। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे राजीव मिश्रा ने 24 फरवरी को बिहार पुलिस मुख्यालय में अपना योगदान दे दिया है। इसीलिए आईएएस और आईपीएस महकमे में कई तरह की चचाएं पर्दे के पीछे होती दिख रही है। कोई भी आईपीएस अधिकारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति जाता है तो कम से कम पांच सालों तक वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात रहता है। उसके बाद ही वह अपने मूल कैडर वापस आता है लेकिन 2010 बैच के आईपीएस राजीव मिश्रा को करीब दो साल कुछ महीनों में ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से बीच में ही वापस लौट आने को लेकर कई तरह के सवाल खड़े होते दिख रहे हैं। बिहार के डीजीपी से के पद से रिटायर हुए एक आईपीएस अधिकारी का मानना है कि आईपीएस अधिकारी केएस द्विवेदी बिहार में डीजीपी के के पद पर रहते हुए 2010 बैच के कई आईपीएस अधिकारी पर विभागीय कार्रवाई की फाइल खोली थी। उनके दामाद भी 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। दामाद से आगे और दूसरा कोई आईपीएस अधिकारी बिहार में ना हो, इसके लिए बताया जाता है कि 2010 बैच के कई आईपीएस अधिकारी को दागदार बनाने में पूर्व डीजीपी के एस दिवेदी का महत्वपूर्ण हाथ माना जाता है। बड़े रिटायर आईएएस अधिकारी कहते हैं कि पूर्व डीजीपी केएस द्विवेदी ने अपने पद पर रहते हुए 2010 बैच के कई आईपीएस अधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही की संचिका खोली थी। लेकिन इन मामलों में क्या सच्चाई है यह बता पाना कठिन है।

आईएएस और आईपीएस खेमा में अंदर खाने में चर्चा है उससे यह साफ है कि क्योंकि राज्य सरकार के एक करीबी आईएएस अधिकारी ने राजीव मिश्रा के ससुर के कहने पर उनके दामाद को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से बिहार वापस बुला लिया है। वह इसीलिए कि उनको पटना राजधानी का नया सीनियर एसपी राज्य सरकार उनको बना सके। बिहार में कई जिले में सीनियर एसपी का महत्वपूर्ण पद है जैसे कि दरभंगा मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया और पटना इन बड़े जिलों में पराया एसएसपी की पोस्टिंग होती है। क्योंकि यह बिहार के बड़े जिले माने जाते हैं। इन सभी जिलों में लगातार बड़ी अपराधिक घटनाएं होती रही है।

दिसंबर महीने में ही पटना के वर्तमान एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लों का प्रमोशन डीआईजी में हो गया था। लगातार चर्चा के मुताबिक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे राजीव मिश्रा के लिए ही सरकार ने डीआईजी में प्रमोशन होने के बाद भी पटना के एसएसपी के पद पर मानव जीत सिंह ढिल्लों को ही छोड़ दिया था। ऐसी स्थिति में पुलिस मुख्यालय डीआईजी कार्मिक के पद पर उनकी तैनाती हो सकती है। पटना एसएसपी के पद पर रहते हुए मानत जीत सिंह ढिल्लों का विवादों से दूर दूर तक कोई नाता नहीं रहा। कभी कोई भ्रष्टाचार का भी आरोप और चर्चा का जिक्र इनके साथ जोड़कर देखा नहीं गया। इसीलिए पटना के एसएसपी मानव जीत सिंह ढिल्लों एक साफ छवि के आईपीएस अधिकारी माने जाते हैं। पटना एसएसपी के पद पर इनका कार्यकाल सराहनीय माना जाएगा। चर्चा है कि राज्य सरकार के करीबी एक पूर्व आईएएस अधिकारी की मेहरबानी राजीव मिश्रा के ससुर पूर्व डीजीपी केएस द्विवेदी पर भी थी। इसीलिए पूर्व आईएएस अधिकारी और के एस द्विवेदी के ही दामाद को पटना का सीनियर एसपी बनाया जाए। इसके लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक रिटायर पूर्व आईएएस अधिकारी ने एक सुनियोजित तरीके से भूमिका बनाए जाने की बात बड़ी सुर्खियों में है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव मिश्रा बिहार में लखीसराय में एसपी रूप में कार्य कर चुके है। किशनगंज जिले में एसपी थे। गया के सीनियर एसएसपी भी रह चुके हैं और पटना ट्रैफिक एसपी भी रह चुके हैं। पटना बेस्ट के भी एसपी रह चुके हैं लगातार यही चर्चा है कि इनको ही पटना राजधानी का नया एसएसपी बनाया जाएगा।

न्यूज फटाफट

हरिजन टोला में लाखों रुपए के सामान की हुई चोरी

बालूमाथ : लातेहार जिले के बालूमाथ प्रखंड स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हरिजन टोला (रहमत नगर पांकी रोड) के पास स्कूल में बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा स्कूल और ऑफिस का ताला तोड़कर उसमें रखे सामान की चोरी कर ली गई। एक गैस चुल्हा दो गैस टंकी दो पंखा एक स्टार्टर वायरिंग किया हुआ तार सहित ऑफिस का सामान गायब है। इसकी जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अख्तार ने बताया कि शुक्रवार को 3 बजे स्कूल बंद करके सभी अपने घर चले गए थे। वही शनिवार को 9 बजे जब स्कूल पहुंचे तो देखा कि स्कूल का ताला टूटा हुआ है और सामान गायब है। इसकी सूचना बालूमाथ थाने को दे दी गई है। वही इस चोरी की घटना होने के बाद बच्चों के मध्यान भोजन पर काफी असर पड़ रहा है क्योंकि जिस मध्यान भोजन से बच्चों को गैस में खाना बनाकर खाने को मिलता था चोरों ने उस खाना बनाने वाले सामान की चोरी कर ली।

अस्पताल द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन

मेदिनीनगर : कल्याण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा पाटन प्रखंड के नौडीहा पंचायत के सधपुर ग्राम में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जहां सुप्रसिद्ध डॉ मनीष कुमार, डॉ विनीत, डॉ पी कुमार एवं डॉ सनी सिंह के द्वारा काफी संख्या में मरीजों का इलाज कर दवा दी गई। कल्याण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित इस निशुल्क जांच शिविर में नौडीहा पंचायत के मुखिया रंजीत सिंह (पप्पू सिंह) जी का सराहनीय योगदान रहा, उनके सहयोग के बदौलत ही शांतिपूर्ण तरीके से काफी संख्या में पेशेंट का इलाज संभव हो सका।

रेड क्रास सोसायटी का फूड बॉस्केट वितरण

पलामू: भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, पलामू द्वारा मेदिनीनगर में पलामू जिला के गोद लिए अति पिछड़े वर्ग के यक्ष्मा मरीजों के बीच दुसरे माह का फूड बास्केट का वितरित किया गया। जिसमें रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू के सदस्य डॉ सत्यजीत गुप्ता सचिव, श्री सुधीर सिंह, श्रीमती मोहिनी गुप्ता, श्री गिरधारी गर्ग एवं श्री विश्वजीत गुप्ता उपस्थित हुए।

एक दर्जन से अधिक योजनाओं की विधायक ने रखी आधारशिला

युद्ध स्तर पर पूरे विधानसभा में किया जा रहा है

मंडल मार्ग को राज्य सरकार के माध्यम से कराने का काम करूंगा

राष्ट्रीय खबर

बरवाडीह : मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा रविवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में विधायक मद के साथ-साथ मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना समेत अन्य विकास कार्य योजनाओं से एक दर्जन से अधिक की योजनाओं की आधारशिला रखने का काम किया गया । इन योजनाओं में महत्वपूर्ण सड़कें ,सामुदायिक भवन , शौचालय, यात्री शेड श्मशान घाट , तोरण द्वार , शामिल है वही विशेष तौर पर योजनाओं में सभी वर्ग और समुदाय को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया है । विधायक ने कहा प्रखंड क्षेत्र में सड़क , स्वास्थ्य शिक्षा , रोजगार इस संकल्प के साथ लगातार सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास युद्ध स्तर पर पूरे विधानसभा में किया जा रहा है वही आने वाले दिनों में पर्यटन के क्षेत्र में विकास करने को लेकर कई योजनाओं को धरातल पर उतारने और प्रखंड की महत्वपूर्ण सड़क बरवाडीह मंडल मार्ग को राज्य सरकार के माध्यम से कराने का काम करूंगा । इस दौरान जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलू लोहरा , कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस प्रसाद अजय सिंह बिट्टू शिवानंद तिवारी मनोज जायसवाल विजय बहादुर अली हसन अंसारी समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे ।

सड़क हादसे में भाजपा कार्यकर्त्ता की मौत

मसलिया: थाना क्षेत्र के साहिबगंज-गोविंदपुर स्टेट हाइवे के जामताड़ा-दुमका मुख्य मार्ग पर गोलबंधा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाईक सवार दो गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना गोलबंधा मोड़ से करीब दो सौ मीटर दूरी धनबासा गांव के तिरछे मोड़ के पास घटी। गंभीर अवस्था में फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें बाइक चला रहे व्यक्ति मसलिया थाना क्षेत्र के गुमरो गांव के भाजपा नेता कामदेव सिंह (47) की मौत हो गई। अन्य सवार मानदेव सिंह की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार दुमका की ओर आने के क्रम में धनवासा गांव के समीप अज्ञात वाहन ने आगे से जबरदस्त टक्कर मार दिया। घटना स्थल पर दोनों काफी देर तक पड़ा रहा। एक का एक पैर कट कर अलग हो चुका था। सूचना पर मसलिया पुलिस मौके पर पहुंच 108 एम्बुलेंस की सहायता से दुमका फुलो झानो मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कामदेव सिंह की मौत हो गई।

एनसीपी प्रदेश प्रवक्ता ने ग्रामीण इलाकों का सघन दौरा किया

राष्ट्रीय खबर

हुसैनाबाद : एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता युवा नेता सूर्या सिंह एक सप्ताह से लगातार गांव गांव का दौरा कर गांव स्तर के कार्यकताओं व ग्रामीण जनता के साथ राजनीतिक व विकास पर विचार विमर्श किया। इस बीच उन्होंने विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर गांव में विधायक कोटा की योजनाओं का चयन सर्वसम्मति से किया। गांव के दौरे के क्रम में युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि गांव की योजना गांव के लोगों के द्वारा चयन करने का काम 2019 से लगातार हो रहा है। इस बीच उन्होंने गांव के खिलाड़ियों से भी मिले। उनका हाल जाना। खिलाड़ियों ने टीम सूर्या के बैनर तले चल रहे टूनार्मेंट की सराहना की। सुर्या ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली के क्षेत्र में सुधार हुआ है।

इसे और बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। खेल के क्षेत्र के साथ साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं में हुसैनाबाद के युवा राज्य व देश स्तर पर कैसे पहचान बनायेंगे। इस विषय पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी स्वच्छ राजनीति पर विश्वाश रखते हैं। जनता ने जो ताकत दी है, उसका उपयोग कर एक एक कर समस्याओं के समाधान में विधायक कमलेश कुमार सिंह जी जुटे हैं।

उन्होंने जिन गांव का दौरा किया उसमे इमालियाबान्ध , झरहा, चिरैयाखांड, बड़ेपुर, सजवन,बुधुआ,नावाडीह,झरि,पटखौलिया,बरवाडीह,पाँति,नवाडीह,पाँति,खरडीहा, बभन्दी, बरवाडीह, जमुआ कला, रतनबीघा, गोलहना, पतरिया, काजीनगर ,लपेया, सडेया, बिलासपुर ,नौडीहा, मझिआयों, तिवारीबीघा, पतरा कला, पथरा ,बंधुबीघा, झुंझार सिकनी ,देवरी सुकन बीघा, मिरहियाडीह के अलावा कई गांव शामिल है।

एसपी ने किया टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण

राष्ट्रीय खबर

मेदिनीनगर: पुलिस अधीक्षक पलामू, चन्दन कुमार सिन्हा ने निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत 7 टी बी मरीजों को पोषण किट वितरित किया। ये सभी मरीज रामगढ़ थाना क्षेत्र के हैं । उनमें से छह मरीज महिलाएं एवं एक पुरुष हैं। 6 महिलाओं में भी चार लड़कियां हैं, जो कम उम्र की हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह पोषण किट वे प्रति महीने इन सातों मरीजों को देंगे। उन सभी मरीजों को पुलिस अधीक्षक ने एक पदाधिकारी के बजाय एक अभिभावक की तरह इस बीमारी से लड़ने का उपाय बताया। डॉक्टर के सलाह के अनुसार लगातार 6 महीना तक दवा खाने की सलाह दिया। साथ ही पोषक तत्व, जो स्थानीय शाक सब्जी में है, उसके उपयोग की भी सलाह दी। थाना परिसर में खूबसूरत टेंट शामियाना लगाकर पुलिस अधीक्षक ने उन मरीजों मरीजों के परिजनों डॉक्टर नर्स आदि के साथ यह जागरूकता कार्यक्रम रखा।

जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की करते हैं अनदेखी: मुखिया संघ

राष्ट्रीय खबर

दुमका : मुखिया संघ की बैठक शनिवार को परिसदन भवन में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष योगेश मुर्मू ने किया। बैठक में त्रिस्तरीय प्रचायंत चुनाव हुए 8 माह बीत जाने के बाद भी मुखिया समेत जनप्रतिनिधियों को पूर्ण अधिकार नहीं मिलने को लेकर आंदोलन की रणनीति बनायी गई। संघ अध्यक्ष योगेश मुर्मू ने विभिन्न विकास कार्य योजना में मनरेगा समेत विभिन्न योजनाओं में मनमाने तरीके से बीडीओ पंचायत प्रतिनिधियों के अनदेखा कर एमबी निर्गत करते है। जो नियम के विरूद्ध है। नियमों का अनदेखी कर पंचायत प्रतिनिधि को उनके अधिकार से वंचित कर रहे है। संघ ने पूर्व की भांति विकास कार्यो का संचालन पंचायत सचिवालय से करने, 15 वीं वित आयोग 2021-22 एवं 22-23 की संपूर्ण राशि विमुक्त करने, पंचायत दिवस पर राजस्व कर्मचारी का अनिवार्य रूप से पंचायत कार्यालय में उपस्थित होने की मांग जिला प्रशासन से किया गया। संघ ने निर्णय लिया कि मांगों को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा। मांगे पूरी नहीं होने पर संघ आंदोलन को बाध्य होने की चेतावनी दिया। बैठक में संघ उपाध्यक्ष अशोक किस्कू, आशा हेम्ब्रम, प्रवक्ता विनय सोरेन, कमिश्नर सोरेन, लखीराम मुर्मू, सनातन मुर्मू, पुतुल मुर्मू आदि उपस्थित थे।

मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

दुमका: जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय के न्याय सदन में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष अनिल मिश्रा के अध्यक्षता में आयोजित हुई। जागरूकता कार्यक्रम झालसा, रांची के निदेर्शानुसार आयोजित हुई। जिसमें आज रेफरल न्यायाधीशों और मध्यस्थों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को विस्तारपूर्वक समझाते हुए सीजेएम धर्मेंद्र कुमार सिंह ने मध्यस्थता से संबंधित कार्य प्रणाली एवं उससे होने वाले लाभों से अवगत कराया। साथ ही उनसे मध्यस्था की कार्रवाई में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने रेफरल जजेज की मध्यस्थता के लिए रेफर किए जाने वाले प्रकरणों की कार्रवाई एवं मध्यस्थता की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

मासिक लोक अदालत में 54 वादों का हुआ निपटारा

राष्ट्रीय खबर

दुमका: जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय के न्याय सदन में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन हुआ। लोक अदालत प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्र के अध्यक्षता में आयोजित हुई। लोक अदालत में गठित 2 बेंचो 54 वादों का आपसी सुलह-समझौता से निपटारा करते हुए 23 लाख से अधिक की वसूली हुई। प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत में न्यायालय में लंबित वादों के अलावा जिले के विभिन्न विभागों के फौजदारी संबंधी मामलों का आपसी सुलह समझौता के आधार पर निपटारा हुआ। बेंच नंबर 1 से डीजे वन रमेश चंद्र, अधिवक्ता शशांक शेखर भुई एवं नेहा पांडेय ने आपसी सुलह-समझौता के आधार पर 2 वादों का निष्पादन करते हुए 23,10,000 रुपए का समझौता किया। बेंच नंबर 2 में जेएम वन परिधी शर्मा, कार्यपालक दंडाधिकारी नूपुर कुमारी एवं अधिवक्ता किंकर कुमार मिश्रा ने सुलह समझौता से 52 वादों का निष्पादन करते हुए 39,700 रुपए का समझौता कराया। इस तरह कुल 54 वादों का निष्पादन दो बेंचों में 23,49,700 रुपये का वसूली हुई।

कार्यक्रम

एसकेएमयू के समाज विज्ञान शोधार्थियो में कोर्स वर्क को लेकर खासा उत्साहित

साइंटिफिक रिसर्च पर व्याख्यान दिए डॉ बिनोद शर्मा

कार्यक्रम के दौरान शोधार्थियों ने प्रश्न किया

टूल्स के चयन में सूझ व सतर्कता की बातें दुहराई

राष्ट्रीय खबर



दुमका : सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में समाज विज्ञान के पीएचडी कोर्स को लेकर शोधार्थियो में हर्ष व उत्साह का वातावरण है। शोधार्थी केवल फील्ड वर्क की प्रस्तुति से बेहतर रिसर्चर की काबिलियत को ही नहीं दर्शा रहे है, बल्कि खुद को वैसा ही शोध के सांचे में ढालने का प्रयास भी कर रहे है। मौके पर कोर्स वर्क कार्डिनेटर सह स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को स्टजेज ऑफ साइंटिफिक रिसर्च पर एक सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ शर्मा ने शीर्षक से लेकर निष्कर्ष तक की बातें शोधार्थियों को विस्तार से बताया। डॉ शर्मा ने प्रतिदर्श चयन में सावधानियां बरतने, स्पष्टता, यादक्षिकरण, परिशुद्धता आदि बातों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शोध विधियों के तहत टूल्स के चयन में सूझ व सतर्कता की बातें दुहराई। शोध डिजाइन पूरे शोध का ब्लू प्रिंट माना जाता है। प्राप्त परिणाओं का सही समान्यीकरण हो और उसकी सामाजिक उपयोगिता सर्वाधिक रहे। उन्होंने कहा कि जरूरत है शोध को वैज्ञानिकता की कसौटी पर कसते हुए निष्पक्षता व ईमानदारी के साथ क्षेत्र अध्ययन करे। कार्यक्रम के दौरान शोधार्थियों ने प्रश्न किया। जिसका क्रमशः उत्तर दिया गया। यहां बता दें कि यह कोर्स वर्क कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज के संरक्षण में व समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ जैनेंद्र यादव व कॉओर्डिनेटर डॉ विनोद कुमार शर्मा के नवंबर 2022 से सफलतापूर्वक संपादित किया जा रहा है। जिसमें मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र व कॉमर्स के कुल 95 शोधार्थी अध्ययनरत है।

राजकीय जनजातीय हिजला मेला खेलकूद

प्रतियोगिता के विजेताओं को डीआईजी ने किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

दुमका : शनिवार को राजकीय जनजातीय हिजला मेला खेलकूद समिति द्वारा 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए 50 मीटर की दौड़ एवं 100 मीटर की दौड़ आयोजित हुई। इसके अलावा 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए क्रमशः जलेबी दौड़, बोड़ा दौड़ एवं तीन पैर की दौड़ आयोजित हुई। 50 मीटर की दौड़ में हरवाडीह के नरेश मुर्मू पहले स्थान रहे। जबकि हिजला के सूरज सोरेन दूसरे स्थान पर एवं तीसरे स्थान पर अर्पण मरांडी रहे। 100 मीटर की दौड़ में कुरूमटांड के संतोष सोरेन प्रथम, भुट्ठोकोरिया के रंजीत कुमार दूसरे एवं रंगा के राज किशोर मुर्मू तीसरे स्थान पर रहे। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए आयोजित जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में कमारदुधनी के पंकज हांसदा प्रथम, राहुल सोरेन दूसरे और तीसरे स्थान पर भीमसेन हांसदा रहे। इसी आयु वर्ग के लिए आयोजित बोड़ा दौड़ प्रतियोगिता में हरवाडीह के सूरज मुर्मू पहले स्थान पर, दूसरे स्थान पर नेल्सन मुर्मू एवं तीसरे स्थान पर गिलानपाड़ा के वीरेंद्र टुडू रहे।

शहर ›› अपडेट

बेथेल मिशन स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

गोड्डा : सीबीएसई मान्यता प्राप्त प्लस टू विद्यालय बेथेल मिशन का 23 वर्ष पूरे होने कि खुशी में विद्यालय का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस समय विद्यालय का वार्षिक परीक्षा चल रहा है अतः सुबह के प्रार्थना सभा में बच्चों के मध्य सभी उपस्थित शिक्षकों द्वारा केक काटकर इसे सेलिब्रेट किया गया एवं सभी बच्चों को टॉफियां बांटकर आज के दिन को खास बनाया गया।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

मुक्त कौशल केंद्र का होगा उद्घाटन

कोडरमा: शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) द्वारा 27 फरवरी को कोडरमा में मुक्त कौशल केंद्र का उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और एनआईओएस अध्यक्ष प्रोफेसर सरोज शर्मा के कर कमलों द्वारा किया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान एनआईओएस से निदेशक (विद्यार्थी सहायता सेवाएं), एस विजय कुमार, निदेशक (व्यावसायिक शिक्षा) डॉ तारकेश्वर नाथ गिरि एवं सहायक निदेशक (क्षमता निर्माण प्रकोष्ठ) डॉ आलोक कुमार गुप्ता भी मौजूद रहे।

दो महिला और एक युवती ने की आत्महत्या की कोशिश

कोडरमा: कोडरमा जिले के अलग-अलग क्षेत्र के दो महिला और एक युवती ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की।

पहली घटना में डोमचांच थाना अंतर्गत महथाडीह में एक युवती काजल कुमारी (18 साल पिता बहादुर यादव) ने घरेलू झगड़ा के बाद जहर खा लिया। परिजनो की मदद से सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

दूसरी घटना में बसंती देवी (उम्र 30 वर्ष, पति कैलाश राय, घरजुतिया) ने पति पत्नी में झगड़ा के बाद जहर खा लिया। उसे इलाजे के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया है। तीसरी घटना चंदवारा थाना अंतर्गत खाडी की है। यहां महिला सोनी देवी (उम्र 30 वर्ष, पति महेश साव ग्राम खांडी चंदवारा) ने सास बहू झगड़ा के बाद बाजार से जहर लाकर खा लिया। तबीयत बिगड़ने के बाद कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

रविवार को पेटरवार के खाद- बीज दुकानें बंद रहेंगे : अजीत लोहानी

पेटरवार : पेटरवार बाजार टांड स्थित जिला परिषद के मार्केट कॉम्प्लेक्स परिसर में रविवार को खाद- बीज ब्यवसाई संघ की एक बैठक अजित लोहानी की अध्यक्षता में की गई। जिसमे खाद- बीज के दुकानदार मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक रविवार को पेटरवार के खाद-बीज दुकान बंद रहेंगे। बैठक में यह भी कहा गया कि साप्ताहिक बंदी के दौरान अगर कोई विक्रेता अपनी दुकान खोलकर खाद-बीज बेचते पाए जाने पर उसे पांच हजार रुपये का आर्थिक दंड देना होगा। बैठक में निरंजन महतो, शैलेन्द्र महतो, टिकेश्वर महतो, नागेंद्र कुमार, हीरालाल कुशवाहा, निर्मल महतो, प्रफुल कुमार महतो, मुकेश कुमार, बबलू कुमार महतो, संतोष कुमार महतो, भुनेश्वर कुमार कुशवाहा, कृष्ण कुमार, सुरेश महतो, जितेन्द्र कुमार, महेंद्र महतो सहित अन्य दुकानदार शामिल रहे।

मुनीलाल महथा के निधन पर शोक

पेटरवार : पेटरवार के सबसे पुराने होटल संचालक सह कपूर होटल के मालिक मुनिलाल महथा (80 वर्ष) का रविवार को अपने आवास में हृदयगति रुकने के कारण निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार खत्री टोला के राजा तालाब स्थित पैन गढ़ा में कर दिया गया। मुखाग्नि दिवंगत के पुत्र ब्रजेश कपूर ने दी। दिवंगत 60 की दशक में होटल ब्यवसाई से जुड़े थे। उन्होंने एक झोपड़ी नुमा दुकान से होटल का संचालन प्रारंभ किया था।

नोटिस यूपी सरकार की निंदा करते हुए राज्य सचिवमंडल सदस्य ने कहा

लोक गायिका नेहा सिंह को नोटिस अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला : संजय

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा : लोकप्रिय गायिका नेहा सिंह राठौड़ को उनके नये गीत यूपी में का बा पर नोटिस देकर कार्रवाई की चेतावनी दिये जाने की यूपी सरकार की निंदा करते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने इसे अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला बताया है। उन्होंने नेहा सिंह राठौड़ के साथ एकजुटता जताते हुए यूपी सरकार से नोटिस को तत्काल वापस लेने और इस शर्मनाक कृत्य के लिए माफी मांगने की भी मांग की है। नेहा सिंह अपने गीतों के जरिए बेरोजगारी, महगाई, उत्पीड़न सहित जनता के सवाल लगातार प्रमुखता से उठाती रही हैं। उन्होंने कानपुर की विभत्स और दर्दनाक घटना जिसमें बुलडोजर और आग के चपेट में मां बेटी की जान चली गई थी।

जिस पर लोकगीत के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली नेहा सिंह राठौर को डराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार पुलिस का उपयोग कर रही है। घटना पर यूपी में का बा गीत का दूसरा संस्करण जारी किया था। इस गीत में उन्होंने बुलडोजर कार्रवाई पर सवाल उठाया था। इस गीत पर कानपुर देहात पुलिस द्वारा उन्हें सीआरपीसी की धारा 160 के तहत नोटिस दिया गया है। माकपा यूपी सरकार की इस कार्रवाई को बोलने की आजादी पर हमला बताते हुए कहा है कि यूपी सरकार कानुपर देहात की घटना पर जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई करने और अतिक्रमण के नाम पर गरीबों और सांप्रदायिक राजनीति के तहत गरीब परिवारों के घरों को अवैधानिक तरीके से गिराने की घटना पर रोक लगाने के बजाय इस पर सवाल उठाने वालों का मुंह बंद कराने का प्रयास कर रही है।

योगी सरकार जबसे सत्ता में आयी है तभी से पत्रकारों, लेखकों, साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकताओं पर दमन चला रही है। केरल के पत्रकार सिद्दीक कप्पन को झूठे मामले में फंसा कर दो वर्ष से अधिक समय तक जेल में रखा गया और जमानत मिलने के बावजूद उनकी रिहाई में बाधा खड़ी की गई।

बोर्ड परीक्षा में पेपर लीक की खबर प्रकाशित करने पर बलिया के तीन पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पत्रकार सिद्धार्थ वरदराजन, सुप्रिया शर्मा पर केस दर्ज किया गया। श्री पासवान ने नेहा सिंह राठौड़ के साथ एकजुटता जाहिर करते हुए लेखकों, पत्रकारों, प्रगतिशील लोगों, सामाजिक कार्यकताओं व संगठनों से इसके खिलाफ प्रतिरोध दर्ज करने की अपील की। इस तरह की घोर अलोकतांत्रिक कार्यवाही को रोका जाना चाहिए।

न्यूज फटाफट

शिव गुरु परिचर्चा का आयोजन काफी लोग जुटे

कोडरमा : यनगर प्रखंड के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम घाघरी में विशाल शिव गुरु परिचर्चा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जागरण एवं हर भोला भजन के साथ किया गया उक्त कार्यक्रम का आयोजन महेश्वर शिव के गुरु स्वरूप से एक व्यक्ति का जुड़ा हो सके समझने और समझाने के लिए किया क्या गया है । भगवान शिव आदि गुरु है हमारे साधुओं शास्त्रों मनीषियों द्वारा महेश्वर शिव को आदि गुरु परम , गुरु आदि विभिन्न उपाधियों से विभूषित किया गया है । विदित हो जगत का एक एक व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म जाति संप्रदाय का हो शिव को अपना गुरु बना सकता है ।शिव का शिष्य होने के लिए किसी पारंपरिक औपचारिकता अथवा दीक्षा की आवश्यकता नहीं है, केवल यह विचार की शिव मेरे गुरु हैं शिव की शुरूआत करता है शिव को अपना गुरु बनाने की बात का प्रारंभ 1982 के उत्तरार्ध से बिहार के मधेपुरा जिला से हुआ और इसका शुभारंभ वरेण्य गुरु भ्राता साहब श्री हरिंद्रानंद जी ने किया । साहब श्री उन दिनों मधेपुरा जिला के उप समाहर्ता के रूप में पदस्थापित थे । शिव का शिष्य बनाने और बनने की चर्चा धीरे-धीरे कमरे से बाहर प्रारंभ हुई जो आज देश-विदेश में व्यापक होती चली जा रही है ।शिव को अपना गुरु बनाने के लिए साहब द्वारा तीन सूत्र बताए हैं । पहला सूत्रः हे शिव आप मेरे गुरु हैं मुझ पर दया कीजिए यह मूल संवाद अपने गुरु को संप्रेषित किया जाए दूसरा सूत्रः- चर्चा करनी है और उन्हें शिव का शिष्य बनाने हेतु प्रेरित करना है । ीसरा सूत्र :-अपने गुरु को प्रणाम निवेदित करना है कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य प्रवक्ता भैया अजय कुमार समस्तीपुर ने कहा कि शिव केवल नाम के नहीं अपितु काम की गुरु हैं शिव के अवघड दानी स्वरूप से धन्य संपदा आदि प्राप्त करने की व्यापक प्रचलन है तो उनके गुरु स्वरूप से ज्ञान भी क्यों नहीं प्राप्त किया जा सकता है ।किसी संपत्ति का उपयोग ज्ञान के अभाव में घातक हो सकता है ।भाई उपस्थित भैया दिनेश कुमार कोडरमा के द्वारा बताया गया कि भगवान शिव को अपना गुरु बनाने के लिए किसी पारंपरिक औपचारिकता अथवा दीक्षा की आवश्यकता नहीं है , केवल यह विचार कि मेरे गुरु हैं शिव शुरूआत करता है । इसी विचार का स्थाई होना हमको आपको शिव का शिष्य बनाता है कार्यक्रम में अन्य गुरु भाई बहन अशोक कुमार समस्तीपुर, दिलीप कुमार बेगूसराय, सुबोध सहरसा, सुरेश पूर्णा डी अर्जुन राम सहदेव पासवान मुन्ना कुमार दीपा भारती अनिता कुमारी कोडरमा रूबी देवी राधिका देवी रेखा देवी सरस्वती देवी आदि अन्य के द्वारा चर्चा किया गया ।

ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स पर आयोजित हुआ जलसा

मरकच्चो : कुरआन अल्लाह का कलाम है कुरआन की तालीम जितने लोगों तक पहुंचेगी मुल्क में उतने ही अमन-चैन, आपसी प्यार, मोहब्बत और भाईचारगी का माहौल बनेगा। उक्त बातें मौलाना फरीद कादरी अमजादी में शनिवार की रात प्रखंड के मरकच्चो मध्य पंचायत के रोशन बागी में ख्वाजा गरीब नवाज के 811वां उर्स के मौके पर ख्वाजा महाराजा कांफ्रेंस के बैनर तले आयोजित जलसा को संबोधित करते हुए कहा। मौलाना फरीद के अलावे मौलाना सनाउल्लाह जमाली, मौलाना फिरोज अम्बर, मौलाना शान अली, साजिद रजा साजिद, महताब सहिर आदि ने भी ख्वाजा मोइनुद्दीन चिसती के जीवनी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सदारत तौकीर अहमद ने किया जबकि संचालन मैलाना गुलाम रहबर व मो रिजवान आलम ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों के द्वारा नातिया कलाम पढ़ कर किया जबकि जलसा का समापन दुआओं के साथ की गई। मौके पर साकिर अहमद, मकबूल आलम, मो नाजिस, हबीब मस्तान, जावेद मस्तान, छोटू अंसारी, फहीम मस्तान, असगर शाह, नवाब आलम, वार्ड सदस्य मो साजिद, मासूम मस्तान, शाहबान शाह, मो मोजाम्मिल आलम आदि मौजूद थे।

अंगारों पर नंगे पांव चलना आस्था में शक्ति का दर्शन: शालिनी

कोडरमा: प्रखंड के चेचाई गांव में पासवान समाज के द्वारा राह पूजा का धूमधाम से आयोजन किया गया। पूजन कार्यक्रम में बिहार से चलकर आए भगत जी के द्वारा पारंपारिक तरीके से पूजा अर्चना संपन्न किया गया। मुख्य पुजारी की भूमिका में महादेव पासवान उपस्थित हुए। राह बाबा को खुश करने के उद्देश्य से 15 फीट के गड्ढे में धधकते अंगारो में उपस्थित महिलाओं ने नंगे पांव चलकर पारंपरिक पूजा के रीत को निभाया और अपने अंदर के अटूट श्रद्धा की शक्ति को भी दशार्या, जिसे देख उपस्थित लोग आश्चर्य से भर गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता उपस्थित हुई। उन्होंने पूजा में भाग लिया एवं भगवान राह बाबा की आराधना करते हुए गांव के लोगों की सुख एवं समृद्धि की कामना की। वहीं पूरे गांव और पासवान समाज के समृद्धि की कामना करते हुए इनके निडर भक्ति को हृदय से नमन किया। मौके पर मुख्य रुप से पूर्व वार्ड पार्षद विनोद दीवाना, पप्पू पासवान, महावीर पासवान, अरुण पासवान, रविंद्र पासवान मुंशी किशोर पासवान, इंद्रदेव राम, संतोष साव, सुजीत नायक, दशरथ साहू, बैजनाथ साव के अलावा पासवान समाज के प्रतिष्ठित गणमान्य लोग पूजा में शामिल हुए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से ऑटो में बैठी महिला घायल

पेटरवार : पेटरवार- रामगढ एन एच 23 पथ पर पेटरवार थाना क्षेत्र के चरगी पंचायत अंतर्गत नउवा खाप मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन के टक्कर से ऑटो पर सवार एक महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस से घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अजय चौधरी ने प्राथमिक उपचार किया। यह घटना रविवार को करीब 12 बजे की है। बताया जाता है कि रामगढ जिला अंतर्गत गोला थाना क्षेत्र के नेमरा गांव निवासी रामचंद्र सोरेन (30 वर्ष) अपनी पत्नी मैनो देवी(25 वर्ष) के साथ रविवार को पेटरवार से एक ऑटो पर सवार होकर अपने गांव नेमरा जा रहे थे कि चरगी के नउवा खाप मोड़ के पास ऑटो चालक ऑटो में सवारी बैठाने के लिए ऑटो को रोक दिया और इसी बीच सीमेंट ओर छड़ लेकर जा रही एक मिनी माल वाहक ने पीछे से ऑटो में टक्कर मार दी जिसके कारण ऑटो के पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर पड़ी जिसके कारण उसे अंदरूनी चोट पहुंची है।

लोक अदालत के फैसले के

विरुद्ध नहीं होती है कोई अपील : प्रधान जिला जज

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा: जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में आज शनिवार कोमासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया ।इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशसह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा किलोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है । कोई पक्ष इसे थोपा हुआ महसूस नहीं करता है । लोक अदालत में दिए गए निर्णय के विरुद्ध कहीं भी कोई अपील नहीं होती । लोक अदालत का निर्णय अंतिम निर्णय होता है।उन्होंने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है । लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है । उन्होने कहा कि लोक अदालत में बढ़ रही भीड़ इस बात का परिचायक है कि लोक अदालत आम लोगों के बीच कितना लोकप्रिय होता जा रहा है। उन्होंने कहा किलोक अदालत में जहाँ एक ओर लोगों के समय और पैसे की बचत होती है वहीँ दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है। इस लोक अदालत में कुल चारबेंचों का गठन किया गया । लोक अदालत मेंचारबेंचो के माध्यम से कुल 21वादो का निष्पादन किया गया ।

पीएम ने किया लक्ष्मीपुर गांव का उल्लेख

मन की बात का हुआ लाइव टेलीकास्ट

राष्ट्रीय खबर

कोडरमा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम डोमचांच प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव मे 98वे एपिसोड में उत्क्रमित मध्य विद्यालय के ग्राउंड में दूरदर्शन न्यूज की टीम के साथ लाइव टेलीकास्ट की व्यवस्था लक्ष्मीपुर गांव में हुई। पीएम ने मन की बात में इस गांव का उल्लेख भी किया। मन की बात कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक नीरा यादव, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव तथा भाजपा जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी उपस्थित हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने ई संजीवनी ऐप के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस ऐप के माध्यम से 10 करोड़ों लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। हरियाणा के गांव मे वहां के युवा लोग स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। डोमचांच प्रखंड के लक्ष्मीपुर गांव मॉडल तकनीकी के सहारे तरक्की कर रहा है, गांव के लोग अच्छी खेती कर रहे है। डॉ नीरा यादव जी ने कहा कि लक्ष्मीपुर गांव सुदूरवर्ती क्षेत्र से आता है इस गांव के लोग आज स्वावलंबी बन रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री अनूप जोशी, राजकुमार यादव, चंद्रशेखर जोशी, वीरेंद्र मेहता, आकाश वर्मा, सूरज मेहता, कामिनी देवी, मुखिया गीता यादव, संजू कुमारी, आरती देवी, गीता देवी, पार्वती देवी, सावित्री देवी, विजय यादव, यमुना यादव, पवन सिंह, सुमित चंद्रवंशी, उदय कुमार सिन्हा, मुकेश यादव, लखन पासवान, महेंद्र यादव, जितेंद्र कुमार, मनोज कुमार, संतोष कुमार, लखन पासवान उपस्थित हुए।

लैंगिक समानता लाने हेतु किशोरों ने लिया संकल्प

राष्ट्रीय खबर

कुडू: स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कुडू प्रखंड के सुंदरू पंचायत भवन में चयनित पियर एजूकेटर (साथिया) का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन । इस प्रशिक्षण में उपस्थित साथिया को प्रशिक्षक द्वारा आर.के.एस.के कार्यक्रम, पियर एजुकेटर (साथिया) कि भूमिका,नशा पान,गैर संचारी रोग,मानव तस्करी ,बाल विवाह ,इसके अलावा समाज में महिला पुरुष समानता लाने में किशोरों कि भूमिका पर विशेष रूप से जानकारी दी गई।

साथ ही इस प्रशिक्षण में बाल विवाह के दुष्परिणाम पर विशेष जानकारी देते हुए बतलाया गया कि हम सभी को मिलकर इस दिशा में विशेष ध्यान देने कि जरूरत है और आप अपने गावं के किशोर के लीडर है आप सभी किशोरों को जागरुक कर बाल विवाह मुक्त गावं बनाने में अपना मतवपूर्ण योगदान दे सकते है और किशोरियों को अपना एक सपना गढ़ने का मौका दे सकते है साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि जो सदियों से महिला पुरुष के बिच भेद-भाव कि परम्परा चली आ रही है उसके लिए किशोरों को आगे आना होगा कि हम ये परम्परा को तोड़ सके और एक बराबरी वाले समाज का निर्माण कर सके और इसके लिए किशोर कि भूमिका मतवपूर्ण है इस चीज कि सुरुवात आपको अपने घर से करनी होगी तो उसे देख कर पुरे समाज में एक बदलाव आएगा और महिलाओ को भी आगे आने का मौका मिलेगा। प्रशिक्षण के अंत में सभी के द्वारा सपथ लिया गया कि हम महिला पुरुष में समानता आये और बाल विवाह मुक्त गावं हो इसके लिए विशेष अभियान चलाएंगे। इस प्रशिक्षण में C3 इंडिया के पवन कुमार गुप्ता, मुबेद अख्तर,नवल किशोर सिंह एवं स्वास्थ्य उप केंद्र सुकुमार, चांपी, ओपा के किशोर साथिया मौजूद थे।

अपराधिक घटनाओं और हत्याओं से ग्रामीणों में भय का माहौल: सुदर्शन भगत

कुडू - लोहरदगा : स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत ने शनिवार की देर शाम कुडू पहुच प्रदीप साहू के परिवार से मुलाकात की और शोक संवेदना प्रकट कर परिजनों को ढांढस बंधाया। घटना की विस्तृत जानकारी ली। सांसद श्री भगत ने कहा कि कुडू थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही अपराधिक घटनाओं और बेलगाम हो चुके अपराधियों के बढ़े मनोबल के कारण आये दीन लोगों की हत्या कर दी जा रही हैं। जिससे ग्रामीण भय की स्थिति में आ गए हैं। जो काफी चिंताजनक है। उंन्होने प्रशासन को जांच प्रक्रिया में तेजी लाने और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि बीते 22 फरवरी को अपराधकर्मियों द्वारा कुडू निवासी होटल व्यवसाई प्रदीप साहू की हत्या कर शव को कुडू रांची मुख्य पथ के किनारे फेंक दिया गया था। सांसद श्री भगत ने बीते दिनों धोबी टोला निवासी शिक्षक सरजू बैठा और ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय चौधरी की मां की मृत्यु पर भी शोक जताया। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, नवीन कुमार टिंकू, धीरज प्रसाद, राजू कुमार रजक, कृष्णा मोदी, राजेश प्रसाद, विनोद राम, शुभम कुमार, अविनाश सिंह विठ्ठल, शशि प्रसाद, सरजू कुमार साहू, रवि प्रसाद, संजय साहा, अमित भगत, संजय कुमार तिलका आदि उपस्थित थे।

आयोजन रोहेन्या टोली में सरना धर्म महासम्मेलन का भव्य आयोजन

हमारे पूर्वजों की विरासत हमें संविधान से मिली है : बसंत भगत

राष्ट्रीय खबर

कुडू : जिला राजी पढ़हा लोहरदगा, राजी पडहा सरना प्रार्थना सभा प्रखंड समिति कुडू वीर बुद्धू भगत युवा समिति रोहेन्या, एवं आदिवासी छात्र संघ प्रखंड समिति कुडू के संयुक्त तत्वाधान में कुडू प्रखंड के कोलसिमरी पंचायत अंतर्गत रोहेन्या टोली में सरना धर्म महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। पढहा व्यस्था को मजबूत करने के लिय आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि राजी पड़हा भारत के दीवान बसंत कुमार भगत के अलावा लोहरदगा के विभिन्न क्षेत्रों के अलावे राज्य के कई जिलों से भी प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसंत कुमार ने कहा की आज हमारे पूर्वजों के द्वारा जितनी भी विरासत है वो हमें संविधान के मध्यम से मिली है। अब हमें तमाम रीति रिवाज, धरम कर्म संस्कृति को जानने और अधिकारों को बचा कर रखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में आदिवासियों के अधिकारों पर बल दिया गया। आदिवासी समाज को जागरुक होने का आवाह्न किया गया। कार्यक्रम में खुदी भगत दुखी,राजी पढ़हा बेल भारत, रीना कुमारी भगत अध्यक्ष जिला परिषद लोहरदगा, विजय उरांव, कोटवार राजी पड़हा भारत, आदिवासी छात्र संघ झारखंड के केंद्रीय अध्यक्ष शुशील उरांव, राजी पाडहा लोहरदगा बेल विजय उरांव,बेल, जिला राजी पढ़ाहा लोहरदगा के दीवान संजीव भगत, उपदिवान जतरु उरांव, आदिवासी छात्र संघ प्रखंड समिति कुडू के अध्यक्ष अवधेश उरांव, संयोजक विनोद भगत, 21 पाड़हा उल्टी के दिल्ली उरांव, पदा पडहा गुमला के लोथे उरांव, पडहा पल्मी के शनिचर्वा उरांव, 24पढ़हा शिलागाई के दीवान भौवा उरांव, राजी पढ़हा प्रार्थना सभा प्रखंड समिति कुडू के मीडिया प्रभारी विन्देश उरांव, रामगढ़ के मतियाश उरांव के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

न्यूज फटाफट

कार्लोस अलकराज 2023 के फाइनल में निकोलस जैरी से भिड़गे कैमरून नॉरी

नई दिल्ली: उन्नीस साल के अलकराज ने शनिवार को निकोलस जैरी को 6-7 (2), 7-5, 6-0 से मात देकर फाइनल का टिकट पक्का किया। इससे पहले ब्रिटेन के नॉरी ने लगभग ढाई घंटे तक चले मुकाबले में बर्नबे जपाटा मिरालेस को 6-2, 3-6, 7-6 (3) से हराया।शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज और कैमरून नॉरी ने रियो ओपन के सेमीफाइनल में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की जिससे लगातार दूसरे टूनार्मेंट में दोनों के बीच खिताबी भिड़ंत होगी। इससे पहले 20 फरवरी को दोनों का सामना अर्जेंटीना ओपन के फाइनल में हुआ था जहां स्पेन के अलकराज ने नॉरी को शिकस्त दी थी।उन्नीस साल के अलकराज ने शनिवार को निकोलस जैरी को 6-7 (2), 7-5, 6-0 से मात देकर फाइनल का टिकट पक्का किया। इससे पहले ब्रिटेन के नॉरी ने लगभग ढाई घंटे तक चले मुकाबले में बर्नबे जपाटा मिरालेस को 6-2, 3-6, 7-6 (3) से हराया। नॉरी इस साल का तीसरा फाइनल मुकाबला खेलेंगे। वह 2023 में सबसे ज्यादा 17 जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ी है। उन्हें इस दौरान तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

हरमनप्रीत अपनी गलती से रनआउट हुई : हीली

केप टाउन: ऑस्ट्रेलिया की विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली ने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर पर तंज कसते हुए कहा है कि महिला टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में वह दुर्भाग्यवश नहीं बल्कि अपनी गलती से रनआउट हुई थीं। हीली ने एबीसी स्पोर्ट को दिये गये एक साक्षात्कार में कहा कि हरमनप्रीत चाहें तो इसे दुर्भाग्य कह सकती हैं, लेकिन वह क्रीज़ से ज्यादा दूर नहीं थीं, अगर वह कोशिश करतीं तो आराम से रन पूरा कर सकती थीं। उन्होंने कहा, ''आप दुर्भाग्य के बारे में बात कर सकते हैं, लेकिन सारी बात आपकी कोशिश पर आकर खत्म हो जाती है। हम फील्ड पर इसके बारे में काफी बात करते हैं, कोशिश करना और अपनी पूरी ऊर्जा लगाना। आपको रन लेते हुए भी इसका ध्यान रखना चाहिए।'' हीली ने यह भी कहा कि बेलिंडा क्लार्क ने बेल्स गिराने के लिये फोन पर उनकी तारीफ की थी, हालांकि ऐसी स्थितियों में आमतौर पर बेल्स नहीं गिराती हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि यह (बेल्स गिराना) समय की बर्बादी है क्योंकि मुझे उन्हें वापस रखना पड़ता है। उस दिन किसी कारण से मुझे इसकी आवश्यकता महसूस हुई।'' गौरतलब है कि बुखार से उभरकर सेमीफाइनल खेलने उतरीं हरमनप्रीत ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध सेमीफाइनल में 34 गेंद पर 52 रन की पारी खेली और जब भारत को 33 गेंद पर 36 रन की जरूरत थी तब वह रनआउट हो गयी। पारी के 16वें ओवर में शॉट खेलकर दो रन लेने चाहे। हरमनप्रीत जब दूसरा रन पूरा करने वाली थीं तब उनका बल्ला क्रीज़ के बाहर पिच पर फंस गया और वह रनआउट हो गयी थीं।

बयान शास्त्री ने आईसीसी की रिव्यू पॉडकास्ट पर कहा, टीम प्रबंधन को राहुल की मानसिक स्थिति का पता है

राहुल की जगह गिल को खेलने चाहिये बाकी दो टेस्ट : शास्त्री

- भारतीय टीम को घरेलू परिस्थितियों में खेलते हुए उपकप्तान चुनने से बचना चाहिये
- सर्वश्रेष्ठ एकादश के साथ मैदान पर उतरना चाहिये: शास्त्री

राष्ट्रीय खबर

दुबई: भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध जारी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के बाकी दो मैचों में भारत को केएल राहुल के स्थान पर शुभमन गिल को मौका देना चाहिये। शास्त्री ने आईसीसी की रिव्यू पॉडकास्ट पर कहा, टीम प्रबंधन को राहुल की फॉर्म के बारे में पता है। उन्हें उसकी मानसिक स्थिति के बारे में पता है। वह जानते हैं कि उन्हें गिल जैसे खिलाड़ी को किस तरह देखना चाहिये।

गौरतलब है कि लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे राहुल ने अपनी पिछली पांच टेस्ट पारियों में सिर्फ 50 रन जोड़े हैं। दूसरी ओर, गिल ने दिसंबर 2022 में बंगलादेश दौरे पर खेले गये पहले टेस्ट में शतक जड़ा था, जबकि उसके बाद से वह सीमित ओवर क्रिकेट में तीन शतक और एक दोहरा शतक बना चुके हैं। शास्त्री ने कहा कि भारतीय टीम को घरेलू परिस्थितियों में खेलते हुए उपकप्तान चुनने से बचना चाहिये और सर्वश्रेष्ठ एकादश के साथ मैदान पर उतरना चाहिये। शास्त्री ने कहा, मुझे हमेशा विश्वास रहा कि कभी भारतीय परिस्थितियों में उपकप्तान न चुनूं। मैं सर्वश्रेष्ठ एकादश चुनना पसंद करता था, और अगर कप्तान को मैदान छोड़ने की जरूरत होती थी तो आप ऐसे खिलाड़ी को जिम्मेदारी देते जो उस समय स्थिति को संभाल सकता है।

सिर्फ इसलिये क्योंकि आपको चीजें मुश्किल बनाने की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि राहुल को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती दो मैचों के लिये चयनित टीम का उपकप्तान नामित किया गया था, हालांकि तीसरे और चौथे टेस्ट के लिये नामित टीम में उनके नाम के आगे से यह उपाधि हटा ली गयी। शास्त्री ने कहा, अगर उपकप्तान प्रदर्शन न करे तो कोई उसकी जगह ले सकता है, कम से कम यह ठप्पा तो नहीं लगा होगा। मैं सच कहूं तो मुझे घरेलू परिस्थितियों में कभी भी उपकप्तान रखना पसंद नहीं आया।

विदेशों में स्थिति अलग होती है। यहां आपको ऐसा खिलाड़ी चाहिये जो दमदार फॉर्म में हो। आपको गिल जैसे किसी खिलाड़ी की जरूरत है। उन्हें बार-बार वह दरवाज़ा खटखटाकर टीम में आना होगा। अब जब वह (राहुल) उपकप्तान नहीं हैं, तो यह टीम प्रबंधन का फैसला है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट एक मार्च से इंदौर में खेला जायेगा। शास्त्री ने कहा कि भारत में प्रतिभाओं की इतनी भरमार है कि किसी भी खिलाड़ी को टीम में बने रहने के लिये लगातार प्रदर्शन करना जरूरी है। ''उन्हें (टीम प्रबंधन को) फॉर्म, उसकी मनःस्थिति देखनी होगी। वह जबरदस्त खिलाड़ी है, लेकिन (देश में) इतनी अधिक प्रतिभा है। उन्होंने कहा, ''कभी-कभी उन परिस्थितियों में खिलाड़ी के लिये एक ब्रेक बेहतर होता है क्योंकि वह अपने खेल पर काम करना बंद कर सकता है और मजबूत होकर वापस आ सकता है। मेरे कार्यकाल में पुजारा को बाहर कर दिया गया था। उसने (काउंटी क्रिकेट में) शतकों के साथ वापसी की। केएल राहुल को हटा दिया गया, उसने जोरदार वापसी की। आप टी20 फॉर्म को टेस्ट क्रिकेट में नहीं ले जा सकते। रोहित शर्मा की टीम ने चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाकर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी है। अगर वह इंदौर टेस्ट जीत लेती है तो जून में इंग्लैंड के ओवल मैदान पर होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में जगह बना लेगी। शास्त्री का मानना है कि भले ही इंग्लैंड में परिस्थितियां अलग होंगी, लेकिन भारत इस सीरीज की जीत से ऑस्ट्रेलिया के ऊपर मानसिक दबाव बना सकता है। उन्होंने कहा, (भारत की जीत का) प्रभाव होगा लेकिन (ओवल में) परिस्थितियां अलग होंगी।

मनोवैज्ञानिक चोट भारत को विश्वास दिलायेगी कि वह ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ सकता है

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पूरी तरह से फिट होकर वापस आएंगे तो खेल अलग होगा, लेकिन मनोवैज्ञानिक चोट भारत को विश्वास दिलायेगी कि उन परिस्थितियों में भी वह ऑस्ट्रेलिया को पछाड़ सकता है। उम्मीद है कि जसप्रीत बुमराह वापस आ जाएंगे, शमी वहां होंगे ही और सिराज भी सुंदर गेंदबाजी कर रहे हैं। यहां 4-0 की जीत मनोवैज्ञानिक तौर पर मजबूत संदेश देगी। भारत दौरे पर अब तक ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी चुनौती स्पिन के खिलाफ उनकी अकुशलता रही है। दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन तक ऑस्ट्रेलिया भारत के विरुद्ध मजबूत स्थिति में था, लेकिन तीसरे दिन के पहले सत्र में निराशाजनक बल्लेबाजी करते हुए उसने 52 रन में ही नौ विकेट गंवा दिये, जो उसकी हार का कारण बना। शास्त्री का कहना है कि अगर कंगारू बल्लेबाज अनुशासन के साथ अपनी तकनीक पर अमल करें तो उनके हाथ सफलता लग सकती है। पूर्व ऑलराउंडर शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि तकनीक पर अमल न करने से उन्हें सबसे ज्यादा निराशा मिली है। उन्हें अपने डिफेंस पर विश्वास नहीं है। तकनीक और अनुशासन की कमी अवास्तविक थी और ऑस्ट्रेलिया ने इसके लिये बड़ी कीमत चुकाई।'' उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को संबोधित करते हुए कहा, ... ड्रॉइंग बोर्ड पर वापस जाएं। यदि आप अपने डिफेंस पर भरोसा नहीं करते हैं, तो आपके पास कोई मौका नहीं है क्योंकि तब आप समय से पहले ही हाथ खोलने की कोशिश करते हैं।

फॉलो ऑन के बाद लैथम, कॉनवे ने न्यूजीलैंड को संभाला

एजेंसियां

वेलिंगटन: न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को फॉलो ऑन मिलने पर टॉम लैथम (83) और डेवन कॉनवे (61) के अर्द्धशतकों की मदद से दूसरी पारी में तीन विकेट गंवाकर 202 रन बना लिये। पहली पारी में 435 रन बनाने वाली इंग्लैंड ने मेज़बान न्यूज़ीलैंड को मात्र 209 रन पर ऑलआउट कर दिया। फॉलो ऑन के लिये उतरे सलामी बल्लेबाज लैथम ने 172 गेंद की जुझारू पारी में 11 चौकों के साथ 83 रन बनाये, जबकि कॉनवे ने 155 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के के साथ 61 रन की पारी खेली। लैथम-कॉनवे ने पहले विकेट के लिये 149 रन की साझेदारी करके न्यूजीलैंड को संकट से निकाला। जैक लीच (59/2) ने कॉनवे को आउट करके यह साझेदारी समाप्त की। कुछ देर बाद जो रूट ने लैथम को पगबाधा करके पवेलियन भेज दिया और विल यंग भी मात्र आठ रन बनाकर लीच का शिकार हो गये। न्यूजीलैंड पर पारी की हार का संकट मंडरा रहा था लेकिन केन विलियम्सन और हेनरी निकोल्स ने चौथे विकेट के लिये अविजित 35 रन की साझेदारी करके स्टंप्स तक कीवी टीम का कोई और नुकसान नहीं होने दिया। लगभग पूरे तीसरे सत्र में बल्लेबाजी करने के बाद विलियम्सन 25 रन बनाकर जबकि निकोल्स 18 रन बनाकर क्रीज़ पर मौजूद हैं। न्यूज़ीलैंड को इंग्लैंड के सामने लक्ष्य रखने से पहले मेहमान टीम की 24 रन की बढ़त समाप्त करनी होगी। इससे पूर्व, न्यूज़ीलैंड ने दिन की शुरुआत 138/7 से की और कप्तान टीम साउदी ने मैदान को अपने छक्के-चौकों से जगमग करके कीवी टीम को 200 रन के पार पहुंचाया।

टेलर ने एशेज से पहले वार्नर के टेस्ट भविष्य पर फैसला करने की मांग की

एजेंसियां

सिडनी: ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने चयनकताओं से मांग की है कि वे इस साल होने वाली एशेज श्रृंखला से पहले टेस्ट क्रिकेट में डेविड वार्नर के भविष्य को लेकर फैसला करें। खेल के सबसे लंबे प्रारूप में वार्नर काफी समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। उन्होंने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट की तीन पारियों में एक, 10 और 15 रन बनाए जिसके बाद वह कनकशन (सिर में चोट लगने से बेहोशी जैसी स्थिति) और कोहनी में फ्रेक्चर के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए।टेलर ने कहा, ह्यह्यडेव (वार्नर) ने कहा है कि वह 2024 तक खेलना चाहता है। वह इस साल इंग्लैंड जाना चाहता है और ऑस्ट्रेलिया में अगली गर्मियों के सत्र में खेलना चाहता है।

14 साल बाद सामने आयी 3 इडियट्स से करीना कपूर की लुक टेस्ट तस्वीर

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की सुपरहिट फिल्म 3 इडियट्स से उनकी लुक टेस्ट तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। करीना कपूर ने वर्ष 2008 में प्रदर्शित सुपरहिट फिल्म '3 इडियट्स' में स्मार्ट और फनी 'पिया' का किरदार निभाया था।करीना कपूर ने इस फिल्म में एक मेडिकल स्टूडेंट का रोल प्ले किया था जिसे आमिर खान यानी रैंचो से प्यार हो जाता है।अब फिल्म रिलीज के करीब 14 साल बाद '3 इडियट्स' के लिए करीना कपूर के लुक टेस्ट की फोटोज सामने आई हैं। विधु विनोद चोपड़ा फिल्म्स ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर फोटोज शेयर कीं। उन्होंने पोस्ट के साथ लिखा, ''3 इडियट्स में पिया के लिए करीना कपूर खान का लुक टेस्ट बिहाइंडसीन्सकरीना कपूर3 इडियट्स लुकटेस्ट विदुविनोदचोपड़ा पहली तस्वीर में करीना को हरे रंग के कुर्ते में और बालों को पोनीटेल में बांधे हुए दिखाया गया है। दूसरी फोटो में करीना बैंगनी रंग की साड़ी और पतले चश्मे के साथ महाराष्ट्रियन लुक में दिखाई दे रही है। तीसरी फोटो में करीना एक कॉलेज स्टूडेंट के रूप में दिख रही हैं, उन्होंने गुलाबी रंग का टॉप, नीले रंग का दुपट्टा और कंधों पर एक बैग रखा हुआ है। चौथा लुक में करीना को गुलाबी और सफेद कुर्ती पहने बॉब कट में दिखाया गया था। पांचवे तस्वीर में करीना लाल रंग का हेलमेट पहने नारंगी रंग का टॉप पहने पिया के रूप में नजर आ रही है।

हेरा फेरी 3 में काम करेगे संजय दत्त !

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त हेराफेरी 3 में काम करते नजर आ सकते हैं। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल की तिकड़ी ह्यहेरा फेरी 3ह्ल में नजर आयेगी। कहा जा रहा है कि हेरा फेरी 3 में संजय दत्त की भी एंट्री हो गई है। बताया जा रहा है कि फिल्म में संजय नेगेटिव रोल में नजर आने वाले है। संजय दत्त फिल्म में एक विलेन की भूमिका निभाएंगे। फिल्म में वह विलेन के साथ-साथ एक अंधे व्यक्ति के किरदार में नजर आएंगे। उनका किरदार काफी विचित्र होने वाला है। फिल्म के निर्माताओं को लगा कि वह इस भूमिका के लिए संजय दत्त परफेक्ट साबित होंगे।

संजय दत्त ने वर्कआउट वीडियो शेयर किया

वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। संजय दत्त अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में रहते हैं। संजय दत्त अक्सर जिम में वर्कआउट करते हुए सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करते रहते हैं। संजय दत्त ने अपना वर्कआउट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। अपने जिम के वीडियो को संजय दत्त ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में संजय दत्त को ब्लैक कलर के जिम आउटफिट में देखा जा सकता है। वीडियो में संजय दत्त भारी वजन उठाकर जमकर वर्कआउट करते नजर आ रहे हैं।

राजकुमार हिरानी ने शाहरूख खान की तारीफ की

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक राजकुमार हिरानी ने शाहरूख खान की तारीफ की है। राजकुमार हिरानी इन दिनों शाहरुख खान को लेकर फिल्म डंकी बना रहे है। डंकी के जरिए शाहरुख पहली बार राजकुमार हिरानी के साथ काम कर रहे हैं। राजकुमार हिरानी ने शाहरुख खान की तारीफ की है। राजकुमार हिरानी ने कहा, '''डंकी एक हाई परफॉर्मेंस फिल्म है। इसमें बहुत सारे मोनोलॉग और लंबे सीन हैं। लेकिन, शाहरुख ने पूरी स्क्रिप्ट याद कर ली और अच्छी तरह से अपने दिमाग में बिठा ली। उनके साथ काम करना एक शानदार अनुभव था।शाहरुख अपने घर पर एक-एक सीन के वीडियो शूट करते हैं और मुझे भेजते हैं। वह करीब 15 तरह से हर एक सीन करके बताते हैं। इससे पहले कि मैं सेट पर जाऊं, मुझे पता होता है कि वह क्या करने वाले हैं। हिरानी ने कहा, 'कभी-कभी मैंने एक शूट के लिए दो दिन रखे हैं लेकिन शाहरूख उसे दो घंटे में पूरा कर लेते हैं। उनका लैंग्वेज पर बहुत अच्छा कमांड है और उनकी पर्सनालिटी बेहद अट्रैक्टिव है। शाहरुख अपनी टीम को बेहद खुश रखते हैं। सब एक साथ खाते और पार्टी करते हैं।

अक्षय कुमार ने अपनी फ्लॉप हो रही फिल्मों की रिस्पांसिबिलिटी खुद पर ली

एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने अपनी फ्लॉप हो रही फिल्मों की रिस्पांसिबिलिटी खुद पर ली है। अक्षय कुमार की पिछले साल रक्षाबंधन, सम्राट पृथ्वीराज, रामसेतु और इस साल सेल्फी फ्लॉप हुई है। अक्षय ने फ्लॉप फिल्मों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अक्षय कुमार नेलगातार फ्लॉप हुई फिल्मों की रिस्पांसिबिलिटी खुद पर ली है। उन्होंने कहा कि जब उनकी बैक टू बैक फिल्म काम नहीं कर रही है, तब समय इंतजार करने का है और बदलाव को स्वीकार करने का है। उन्होंने कहा कि यह कोई उनके लिए नया दौर नहीं है। इससे पहले भी उन्होंने अपने करियर में 16 फिल्में फ्लॉप दी है। एक बार उनकी 8 फिल्में लगातार फ्लॉप हुई थी। अब उनकी तीन से चार फिल्में लगातार फ्लॉप हुई है। अक्षय कुमार ने कहा, ''मुझे लगता है यह मेरी गलतियों के कारण फिल्में फ्लॉप हुई है। दर्शक बदल गए हैं। आपको भी बदलना होगा। आपको अपने आपको नए तरीके से ढालना होगा। आपको फिर से शुरू करना होगा क्योंकि दर्शक अब कुछ नया देखना चाहते हैं।यह एक अलार्म की तरह है। आपकी फिल्म नहीं चल रही है तो गलती आपकी है। मैं कोशिश कर रहा हूं। वही कर सकता हूं।''

प्रदेश ›› अपडेट

सावरकर को नमन किया शिवराज ने

भोपाल : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। चौहान ने अपने निवास स्थित सभाकक्ष में सावरकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि वे मां भारती के सच्चे सपूत सावरकर जी की पुण्यतिथि पर उनके चरणों में कोटि कोटि नमन करते हैं।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

शिवराज ने नड्डा से की मुलाकात

भोपाल : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा से मध्यप्रदेश के मुख्मयंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। चौहान ने दिल्ली में कल रात मुलाकात के बाद ट्वीट किया है। चौहान ने बताया कि उन्होंने नड्डा से सौजन्य भेंट कर राज्य में चल रही विकास यात्रा, विभिन्न योजनाओं और राजनैतिक गतिविधियों की जानकारी दी।

भारतीय वायुसेना ने 388 लोगों को जम्मू से लेह पहुंचाया

जम्मू : भारतीय वायु सेना ने बर्फ से ढके श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने के मद्देनजर रविवार को 388 नागरिकों को जम्मू से लेह पहुंचाया। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने कहा कि भारतीय वायु सेना ने इस काम के लिए आईएल-76 विमान की सुविधा प्रदान की, जिसने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के 388 नागरिकों को जम्मू से लेह तक एयरलिफ्ट किया। कर्नल आनंद ने कहा,ऑपरेशन सद्भावना के तहत,भारतीय वायु सेना जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों के नागरिकों को सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने आगे कहा,दो आईएल 76 विमान आज सुबह वायु सेना स्टेशन जम्मू में उतरे और 388 नागरिकों को जम्मू से लेह पहुंचाया।

संक्षिप्त ›› अपडेट्स

वैवाहिक कार्यक्रम में भोजन के बाद 45 बीमार

खरगोन : मध्यप्रदेश के खरगोन जिला मुख्यालय स्थित न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रात्रि में आयोजित वैवाहिक समारोह के भोजन के उपरांत 45 लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। खरगोन जिला अस्पताल के सिविल सर्जन अनार सिंह चौहान ने बताया कि रात 12:00 बजे से सुबह तक 45 लोग पेट दर्द और उल्टी दस्त की शिकायत के साथ भर्ती हुए हैं।इनमें से 41 लोग 12:00 से 4:00 बजे के बीच भर्ती हुए। उन्होंने प्रारंभिक जानकारी के आधार पर कहा कि वैवाहिक समारोह के दौरान किसी भोज्य पदार्थ के प्रदूषित होने के चलते यह घटनाक्रम हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकांश की हालत स्थिर है और अब कुछ लोगों को अस्पताल से छुट्टी भी दी जा रही है।

आतंकवादियों ने एक अल्पसंख्यक की गोली मारकर हत्या कर दी

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में रविवार को आतंकवादियों ने अल्पसंख्यक समुदाय के एक सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने सुबह अचन पुलवामा निवासी काशीनाथ शर्मा के पुत्र संजय शर्मा के रूप में पहचाने जाने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के एक नागरिक पर उस समय गोलीबारी की जब वह स्थानीय बाजार जा रहा था। पुलिस ने कहा, ''घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई।'' इस बीच हमलावरों को पकड़ने के लिए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। पुलिस ने एक ट्वीट में कहा,''आतंकवादियों ने स्थानीय बाजार के रास्ते में अल्पसंख्यक नागरिक अर्थात संजय शर्मा पुत्र काशीनाथ शर्मा निवासी ओ अचन पुलवामा पर गोलीबारी की।

निर्देश शराब घोटाले में सीबीआई के समक्ष पेश होने से पहले कहा

जेल भी जाना पड़े तो परवाह नहीं : सिसोदिया

▶▶ करोड़ो देशवासियो का आशीर्वाद साथ है

▶▶ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट किया जा रहा

एजेंसियां

नयी दिल्ली : दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कथित शराब घोटाले में सीबीआई के समक्ष पेश होने से पहले कहा कि वह भगत सिंह के अनुयायी हैं इसलिए कुछ महीने जेल में भी रहना पड़े तो परवाह नहीं है। सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा,''आज फिर सीबीआई जा रहा हूँ,सारी जाँच में पूरा सहयोग करूँगा। लाखों बच्चो का प्यार व करोड़ो देशवासियो का आशीर्वाद साथ है। कुछ महीने जेल में भी रहना पड़े तो परवाह नहीं। भगत सिंह के अनुयायी हैं। देश के लिए भगत सिंह फाँसी पर चढ़ गए थे। ऐसे झूठे आरोपों की वजह से जेल जाना तो छोटी सी चीज है।''मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा,''भगवान आपके साथ है मनीष। लाखों बच्चों और उनके अभिभावकों की दुआयें आपके साथ हैं। जब आप देश और समाज के लिए जेल जाते हैं तो जेल जाना दूषण नहीं,भूषण होता है। प्रभू से कामना करता हूँ कि आप जल्द जेल से लौटें। दिल्ली के बच्चे, अभिभावक और हम सब आपका इंतजार करेंगे।''उन्होंने कहा,''जिस देश में गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा देने वाले और उन बच्चों का भविष्य बनाने वाले जेल में हों और अरबों का घोटाला करने वाले प्रधानमंत्री के जिगरी दोस्त हों,वो देश कैसे तरक्की कर सकता है।''

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट किया जा रहा है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि सिसोदिया की गिरफ्तारी के लिए मोदी जी की पुलिस मुस्तैदी के साथ तैनात है। आम आदमी पार्टी ने ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज अरविंद केजरीवाल से डर लग रहा है इसलिए वह मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रहें हैं। भाजपा की पुलिस द्वारा हमारे पार्षदों-विधायकों को डिटेन किया जा रहा है।

हम देश के लिए एक बार नहीं, हजार बार गिरफ्तारी देंगे।''

दरअसल 19 फरवरी को सीबीआई ने सिसोदिया को पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन उन्होंने कुछ दिनों की छूट यह कहते हुए मांगी थी कि वह दिल्ली का वित्त मंत्री होने के नाते बजट बनाने में व्यस्त हैं, जिससे उन्हें छूट मिल गई थी। सीबीआई ने फिर से नोटिस जारी कर रविवार (आज) को पूछताछ के लिए उन्हें बुलाया है।

सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने

अमृतसर में पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया

एजेंसियां

अमृतसर : सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने अमृतसर के गाँव शाहजादा, के पास के क्षेत्र में पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले एक संदिग्ध ड्रोन को मार गिराया है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने रविवार को बताया कि आज तड़के लगभग 02 बजकर 11 मिनट सीमा पर तैनात बल के जवानों ने गाँव शाहजादा, जिला अमृतसर (ग्रामीण) के पास के क्षेत्र में पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले एक संदिग्ध ड्रोन की भनभनाहट सुनी। उन्होंने बताया कि निर्धारित अभ्यास के अनुसार सैनिकों ने फायरिंग के साथ ड्रोन को रोकने का प्रयास किया। पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई और पुलिस और संबंधित एजेंसियों को सूचित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक तलाशी के दौरान बीएसएफ के जवानों ने एक काले रंग का ड्रोन डीजेआई मैट्रिस (चीन निर्मित) बरामद किया, जो आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त स्थिति में गांव शहजादा के पास धुस्सी बांध के पास पड़ा हुआ था। इलाके में तलाशी की जा रही है।

टिहरी जी-20 की बैठक संबंधी सभी तैयारियां समय पर पूर्ण की जाए : धामी

एजेंसियां

टिहरी/देहरादून : उत्तराखंड के टिहरी जनपद के दो दिवसीय भ्रमण के अंतिम दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जी-20 की जिले में प्रस्तावित बैठकों की तैयारियों के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने चंबा में राइफल मैन बी०सी० गब्बर सिंह एवं अमर शहीद श्रीदेव सुमन के स्मारक पर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं स्थानीय जनता द्वारा नकल विरोधी कानून पारित किए जाने पर आयोजित अभिनंदन, आभार रैली में प्रतिभाग के बाद प्रधानमंत्री के मन की बात को भी स्थानीय लोगों के साथ सुना। जिला मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारी गांवों में जाकर चौपाल लगायें। समय-समय पर अधिकारियां रात्रि चौपाल लगाकर जन समस्याओं को सुनें और उनका मौके पर निदान करें। उन्होंने कहा कि तहसील दिवसों का रोस्टर बनाकर नियमित आयोजन किया जाए। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का आम जन को लाभ मिले, इसके लिए प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। धामी ने कहा कि टिहरी जनपद में जी-20 की जिन दो बैठकों का आयोजन होना है, उस दौरान हम अपनी सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, जनपद के धार्मिक एवं पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों एवं विशिष्ट कार्यों में से क्या प्रस्तुतीकरण दे सकते हैं, इसकी पूरी तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को वैश्विक पटल पर लाने का यह हमारे पास सुनहरा मौका है। अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए यह अच्छा अवसर है।

पंजाब गहरे वित्तीय संकट की ओर अग्रसर : विज

एजेंसियां

चंडीगढ़ : पंजाब प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अमित विज ने रविवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की अनुभवहीनता और गलत वित्तीय ढांचे के कारण राज्य गहरे वित्तीय संकट की ओर अग्रसर है और राज्य सरकार की गलत नीतियों से गरीब और मध्यमवर्गीय बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। विज ने यहां जारी बयान में कहा कि कैग की दिसम्बर तक की रिपोर्ट के अनुसार राज्य का राजस्व घाटा 15349 करोड़ को छू गया है जो मार्च तक 20 हजार करोड़ पहुंच जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि रेवन्यू जेनरेशन का लक्ष्य 95375 करोड़ रखा था जो दिसम्बर तक 60095 करोड़ यानी 61 फीसदी लक्ष्य पूरा हुआ जो मार्च तक 80 फीसदी तक हो सकता है। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने आबकारी नीति से 9647 करोड़ का लक्ष्य रखा था 6056 करोड़ हुआ यानी 62.17 फीसदी ही पहुंचा । अन्य टैक्स व ड्यूटी का लक्ष्य 5390 करोड़ का था जो मात्र 2039 करोड़ तक सीमित रह गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरे साल का ऋण लेने का लक्ष्य 23835 करोड़ रखा था पर दिसंबर तक 19540 करोड़ का ऋण उठा लिया जो 81.98 फीसदी है। उन्होंने कहा पंजाब सरकार दावा कर रही है कि उसने 80 हजार करोड़ का रेवन्यू दिसंबर तक प्राप्त कर लिया है जबकि उसमें 19540 करोड़ तो ऋण ही है। सब्सीडी जो लोगों को देनी हैं अभी सरकार को 1000 रुपए प्रति महिला को भी देना है ।

पर्यटकों को बाघिन एसटी-19 की शावक के हुए दर्शन

एजेंसियां

अलवर : राजस्थान में अलवर के सरिस्का बाघ परियोजना के बफर जोन के बाला किला क्षेत्र में दो दिन से बाघिन एसटी-19 के शावक घूमता नजर आने से पर्यटक खुश नजर आये। शनिवार शाम को जंगल सफारी के दौरान रावण देवरा के समीप एक शावक ने पर्यटकों को दर्शन दिए थे वहीं रविवार को सुबह की सफारी में भी पर्यटको को यह शावक नजर आया जिससे पर्यटक काफी खुश नजर आए। ऐसा ही नहीं उसके बाद यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या भी बढ़ने लगी है। पर्यटक ने बताया कि सुबह के समय जब वह सफारी में बाला किला जंगल में घूमने के लिए जा रहे थे तो उन्हें विकट मोड़ के समीप बाघ दिखाई दिया जिसे देखकर वह काफी रोमांचित हो गए। कई बार सरिस्का भी घूमने गए थे लेकिन वहां उन्हें बाग के दर्शन नहीं हो पाए लेकिन आज इस क्षेत्र में उन्हें जंगल के राजा ने काफी देर तक दर्शन दिए वहीं सरिस्का विभाग में इस जंगल में बात को देखते हुए पैदल घूमने पर रोक लगा दी है।

रंगोत्सव राधारानी की नगरी बरसाना में

शुरू होने जा रहा है ब्रज की होली का धूम-धड़ाका

▶▶ नन्दगांव की लठीमार होली होगी

▶▶ गोपियों पर श्यामसुन्दर के सखा रंग डालते हैं

एजेंसियां

मथुरा : राधारानी की नगरी बरसाना में सोमवार से परंपरागत होली एवं रंगोत्सव की धूम शुरू हो रही है। बरसाने की लठामार होली 28 फरवरी को खेली जाएगी। परंपरागत होली में सोमवार को लड्डू होली तथा अगले दिन लठामार होली खेली जाएगी वहीं उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग एवं जिला पशासन के सामूहिक सहयोग से रंगोत्सव का आयोजन होगा जिसमें ब्रज की विभिन्न प्रकार की होलियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में होनेवाली होली का प्रस्तुतीकरण होगा।

जिलाधिकारी पुलकित खरे ने बताया कि रंगोत्सव का आयोजन 27 फरवरी से शुरू होकर 15 मार्च तक चलेगा। प्रयास यह किया जा रहा है कि यहां आनेवाले तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों के सामने ब्रज के विभिन्न क्षेत्र में होनेवाली होली का प्रस्तुतीकरण किया जाय। उन्होंने बताया कि जहां 27 फरवरी को नन्दगांव का पंडा फाग का निमंत्रण लेकर बरसाने आएगा तथा इसी दिन लाडली मन्दिर में लड्डू होली होगी, वहीं अगले दिन रंगोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की होली का प्रस्तुतीकरण होगा । इसी शाम बरसाने की रंगीली गली में लठामार होली का आयोजन होगा जिसमें नन्दगांव के हुरिहार बरसाने की गोपियों के साथ होली खेलेंगे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि एक मार्च को नन्दगांव की लठीमार होली होगी जिसमें बरसाने के हुरिहार नन्दगांव की हुरिहारिनों से होली खेलेंगे। इसी दिन राधारानी के ननिहाल रावल में भी लठामार होली खेली जाएगी। उन्होने बताया कि तीन मार्च को जहां श्रीकृष्ण जन्मस्थान की होली होगी जिसमें ब्रज की विभिन्न होली का प्रस्तुतीकरण होगा वहीं इसी दिन से वृन्दावन के मन्दिरों में होली तेज हो जाएगी और गुलाल के साथ ही रंग की होली शुरू हो जाएगी।

इसी दिन प्राचीन केशवदेव मन्दिर की होली होगी जिसमें ब्रज की विभिन्न प्रकार की होली का प्रस्तुतीकरण होगा। इसी श्रंखला में 4 मार्च को गोकुल की छड़ीमार होली होगी तथा 7 मार्च को होलिका दहन एवं फालैन में होली होगी।

न्यूज फटाफट

पाकिस्तान ने आईएमएफ की एक और मांग स्वीकार की

इस्लामाबाद : पाकिस्तान ने ऋण कार्यक्रम को पुनर्जीवित करने के लिए ऋणदाता द्वारा निर्धारित शर्तों को पूरा करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को अपनी नीति दर में दो प्रतिशत की वृद्धि करने का आश्वासन दिया है। सूत्रों ने जियो न्यूज को बताया कि आईएमएफ के साथ आभासी बातचीत देर रात तक जारी रही। अंतरराष्ट्रीय ऋणदाता के अधिकारी हर पहलू की समीक्षा कर रहे थे। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान अपनी नीति दर को दो प्रतिशत बढ़ाने पर सहमत हो गया है जो वर्तमान में 17 प्रतिशत है। सूत्रों ने यह भी कहा कि बिजली क्षेत्र में सुधारों के विवरण को अंतिम रूप दिया जा रहा है और समझौते के बाद एक कर्मचारी स्तर के समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। जियो न्यूज के अनुसार बिजली क्षेत्र पाकिस्तान और आईएमएफ के बीच प्रमुख बाधाओं में से एक बन गया है। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान ने ऋणदाता को जून तक बाहरी वित्तपोषण के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। आईएमएफ आश्वासन के लिए उन देशों के साथ भी बातचीत कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान की राजनीतिक स्थिति के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है।

यूरोपीय संघ ने रुस के तीन बैंकों पर लगाये प्रतिबंध

मास्को : यूरोपीय संघ (ईयू) ने रुस के तीन बैंकों पर प्रतिबंध लगाये हैं एवं प्रतिबंधों के 10वें पैकेज के हिस्से के रूप में संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया है। यूरोपीय परिषद ने यह जानकारी दी। परिषद के एक बयान में कहा गया है कि रुस के तीन बैंकों को परिसंपत्तियों की फ्रीज और धन और आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराने पर रोक लगाने वाली संस्थाओं की सूची में जोड़ा गया है। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के कारण रूस पर विभिन्न दशों व संगठनों की ओर से इसप्रकार के प्रतिबंधों का सिलसिला जारी है।

पाकिस्तान को 58 हजार करोड़ कर्ज देकर चीन ने फंसाया

इस्लामाबाद : कंगाली की कगार पर खड़े पाकिस्तान को चीन ने एक दो नहीं बल्कि 2.5 लाख करोड़ रुपए के कर्ज तले दबा दिया है। अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से इनकार के बाद चीन ने 70 करोड़ डॉलर यानी यानी 58 हजार करोड़ रुपए का और कर्ज दिया। चीन ने पाकिस्तान को ये बेल आउट ऐसे वक्त में दिया गया है, जब आईएमएफ जैसी संस्था ने हाथ खड़े कर दिए थे। चीन से मिलने वाले इस कर्ज से पाकिस्तान का विदेश मुद्रा भंडार 20 फीसदी तक बढ़ जाएगा। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार रात को ट्वीट कर बताया कि चीन ने पाकिस्तान को 58 हजार करोड़ रुपए का कर्ज दे दिया है। चीन का दिया हुआ यह कर्ज फौरी तौर पर तो पाकिस्तान को राहत देगा, लेकिन यह पाकिस्तान के बोझ को और बढ़ाएगा। द गार्जियन के मुताबिक, पाकिस्तान इस वक्त 100 अरब डॉलर यानी 8.3 लाख करोड़ रुपए के कर्ज तले दबा है। इसमें चीन का हिस्सा 30 फीसदी है। इटली की संस्था ओसरवेओरिया ग्लोबलाईज्जेजिओन के मुताबिक, चीन ने यह नया कर्ज इस शर्त पर दिया है कि वह लाहौर ऑरेंज लाइन प्रोजेक्ट के लिए मिले 5.56 करोड़ डॉलर का रिपेमेंट नवंबर 2023 तक कर दे। द गार्जियन के मुताबिक, चीन ने 700 मिलियन डॉलर का जो कर्ज दिया है वह पाकिस्तान के कुल कर्ज का 1 प्रतिशत से भी कम है। यहां सबसे बड़ी बात है कि चीन अन्य कर्जदाताओं की तुलना में ज्यादा ब्याज वसूलता है। पाकिस्तान को अभी भी वेस्ट एशियन बैंक को 8.77 अरब डॉलर चुकाने हैं। इसमें चीन का बैंक ऑफ चाइना, आईसीबीसी और चाइना डेवलपमेंट बैंक शामिल हैं। चीनी कमर्शियल बैंक अन्य कर्जदाताओं की तुलना में 5.5 से 6 प्रतिशत पर कर्ज देते हैं।

इटली में यूक्रेन में शांति के लिए रैली का आयोजन

रोम : रूस और इटली की ओर से यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति पर लगाए गए पश्चिमी प्रतिबंधों के खिलाफ इटली की राजधानी रोम में एक रैली का आयोजन किया गया। शनिवार को रोम के केंद्र में सैंटी अपोस्टोली चौक पर करीब सौ प्रदर्शनकारी जमा हुए। कुछ यूरोपीय संघ और नाटो से इटली की वापसी की मांग कर रहे थे, अन्य इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की सरकार के खिलाफ विरोध कर रहे थे। एक प्रदर्शनकारी ने एक एजेंसी को बताया,''हम मानते हैं कि रूस के खिलाफ प्रतिबंधों को हटाना और इस बेकार संघर्ष की समाप्ति एक तत्काल आवश्यकता है। हमारी दृष्टि हमारे रूसी दोस्तों के साथ संबंध बहाल करने और दुनिया की भलाई के लिए काम करने की है।''प्रदर्शनकारियों का मानना है कि रोम की यूरोपीय संघ समर्थक नीति और रूस के साथ टकराव ने इटली की आबादी के लिए हानिकारक आर्थिक परिणामों को जन्म दिया है,जो अब रूस जैसे विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्तिकर्ता से यूरोप को वंचित करने की वाशिगटन की योजना के कारण पीड़ति है। शनिवार को कई अन्य इतालवी शहरों में यूक्रेन संघर्ष के खिलाफ रैलियां आयोजित की गई। जेनोआ में, 2,000 से अधिक लोग सड़कों पर उतरे। यूक्रेन में शांति का आ''ान करने वाले प्रदर्शनकारी पीसा, मिलान, फ्लोरेंस और लेसे में भी एकत्रित होकर शांति प्रदर्शन किये।

नेवादा में हवाई एंबुलेंस दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

नेवादा : अमेरिका के नेवादा राज्य में केयर फ्लाइट हवाई एंबुलेंस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी है। मीडिया ने यह जानकारी दी। यूएस ब्रॉडकास्टर एबीसी न्यूज ने बताया कि पश्चिमी नेवादा में स्टेजकोच के पास शुक्रवार रात करीब नौ बजकर 15 मिनट पर केयर फ्लाइट विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक मरीज, मरीज के परिवार का सदस्य, पायलट, नर्स सहित पांच लोगों की मौत हो गई। एबीसी न्यूज ने बताया कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण अभी तक ज्ञात नहीं है। कारणों की जांच जारी है।

आज का इतिहास

▶▶ 1594 : हेनरी चतुर्थ फ्रांस का राजा बना।
▶▶ 1700 : विलियम डैम्पियर द्वारा पश्चिमी प्रशांत में नए ब्रिटेन के द्वीप की खोज की गयी।
▶▶ 1816 : डचों ने नेपोलियन की हार के बाद फ्रांस से पुन:सूरीनाम वापस ले लिया।
▶▶ 1829 : तारकी की लड़ाई हुई थी।
▶▶ 1870 : जापान के वर्तमान झंडे को पहली बार जापानी व्यापारी जहाजों के लिए राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया था।
▶▶ 1874 : पहली बार बेसबॉल लॉड्र्स क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड में खेला गया।
▶▶ 1900 : एफसी बेयर्न म्यूनिख, जर्मनी का सबसे सफल फुटबॉल क्लब, फ्रांज जॉन के नेत्रत्व में ग्यारह खिलाड़ियों द्वारा किया गया था।
▶▶ 1902 : अमेरिकी लेखक जॉन स्टाइनबेक का जन्म।
▶▶ 1921 : वियना में इंटरनेशनल वर्किंग यूनियन ऑफ सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना हुई।
▶▶ 1933 : बर्लिन की रीचस्टैग इमारत, जर्मन संसद की विधानसभा स्थिति, जर्मनी में नाजी शासन की स्थापना में एक महत्वपूर्ण घटना (चित्र), आग लगा दी गई थी।
▶▶ 1943 : भारतीय राजनीतिज्ञ बी.एस.येदुरप्पा का जन्म।
▶▶ 1951 : अमेरिकी संविधान में 22वें संशोधन के तहत राष्ट्रपति के लिए दो कार्यकाल सीमित किये गये।
▶▶ 1956 : लोकसभा के पहले स्पीकर जी. वी. मावलंकर का निधन।
▶▶ 1982 : गिल्बर्ट और सुलिवन के सावॉय ओपेरा के प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली डीऑली कार्टे ओपेरा कंपनी ने अपना अंतिम प्रदर्शन दिया।
▶▶ 1995 : उत्तरी इराक के जाखो में एक कार बम विस्फोट में लगभग 54 लोग मारे गये।
▶▶ 1996 : मीडिया फ्रैंचाइजी पोकेमॉन को वीडियो गेम पॉकेट मॉन्स्टर्स आका और मिडोरी के पहले संस्करण के साथ लॉन्च किया गया था।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची सोमवार 12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

27:02:2023

बीएयू में निकली 134 पदों पर वैकेंसी

रांचीः बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने 134 पोस्ट के लिए वैकेंसी निकाली है। इस वैकेंसी में आदेश पाल के लिए 40,प्रयोगशाला सेवक के लिए 21, माली के लिए 20,स्वीपर के लिए 26,प्लम्बर/प्लम्बर हेल्पर के लिए 4,सरदार/ फॉर्म सरदार के लिए 3,डोम जमारदार/जमादार के लिए 2, सईस के लिए 8, दफ्तरी के लिए 4, वार्ड सेवक के लिए 4,फरास के लिए 4 और सराफ के लिए 1 रिक्तियां है।

चुनौती

विधानसभा का बजट सत्र के दौरान ही जी20 की बैठक

राजधानी के पुलिस के सामने दोहरी चुनौती, सुरक्षा प्लान तैयार

राष्ट्रीय खबर

रांचीः झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 27 फरवरी से आहूत किया गया है। सत्र के दौरान सुरक्षा के इंतजाम काफी पुख्ता हैं। बजट सत्र को सुरक्षित संपन्न करवाने के लिए रांची पुलिस ने अपना प्लान भी तैयार कर लिया है। चुकी इसी दौरान 2 और 3 मार्च को जी-20 देशों की बैठक भी रांची में होनी है।ऐसे में रांची पुलिस के लिए इस दोहरी जिम्मेदारी को निभाना एक कठिन टास्क होगा।

रांची एसएसपी किशोर कौशल में सीएम आवास से लेकर विधानसभा तक के सुरक्षा के लिए विशेष तैयारी की है।विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहे। इसके लिए पूरे परिसर में चार लेयर की सुरक्षा चक्र की व्यस्था की गई है। 500 जवानों की तैनाती तो की ही गई है, इसके अलावा 20 इंस्पेक्टर और 10 डीएसपी रैंक के अधिकारी भी सुरक्षा में तैनात रहेंगे। वहीं सत्र के दौरान विधानसभा और उसके आस-पास के क्षेत्रों में भी सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की जा रही है। सत्र के दौरान सुरक्षा में तैनात होने वाले सुरक्षाकर्मियों को कई तरह के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई गलती ना हो, इसका खास ख्याल रखा गया है।

बजट सत्र के दौरान लोगों के साथ शालीनता और कुशल व्यवहार के साथ पेश आने का भी जवानों को टिप्स दिया गया, विधानसभा के आस-पास कई जगहों पर बैरिकेडिंग की भी व्यवस्था की जा रही है।विधानसभा सत्र के दौरान कई तरह के आंदोलन अचानक शुरू हो जाते हैं, इसे देखते हुए पुलिस ने अपनी विशेष रणनीति बनाई है। चुकी 2 और 3 मार्च को जी-20 देशों की बैठक भी रांची में होने वाली है।

ऐसे में पुलिस इस बात का ख्याल रखेगी कि किसी आंदोलन की वजह से विदेशी मेहमानों को कोई दिक्कत ना हो जाए। आंदोलनकारियों को विधानसभा के पास स्थित विस्थापित भवन के पास बने मैदान तक ही सीमित रहने का निर्देश जारी किया गया है। वहीं विशेष सत्र के दौरान ड्यूटी पर तैनात रहने वाले पुलिस के पदाधिकारियों और जवानों को मोबाइल का इस्तेमाल ना करने की सख्त हिदायत दी गई है। सभी को यह कहा गया है कि बिना बहुत जरूरी के, जवान मोबाइल के इस्तेमाल करते मिले तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने बताया कि विधानसभा के बजट सत्र को लेकर हाल में संपन्न हुई क्राइम मीटिंग में भी सभी डीएसपी और थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं। खासकर हटिया के अलावा धुर्वा, नगड़ी, जगन्नाथपुर, डोरंडा और अरगोड़ा थाना को विशेष रूप से सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। उन्हें नियमित सड़कों पर गश्त करते रहने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्यभर के डॉक्टर 1 मार्च को रहेंगे हड़ताल पर

राष्ट्रीय खबर

रांचीः झारखंड के सभी डॉक्टर चाहे वे सरकारी हो या प्राइवेट 1 मार्च को हड़ताल पर रहेंगे। आइएमए और झासा की हुई संयुक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया है। गढ़वा में डॉक्टरों के साथ मारपीट की घटना को लेकर आंदोलन तेज कर दिया गया है। गढ़वा में डॉक्टर पहले से ही ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। इमरजेंसी की सेवाओं को छोड़कर अब पूरे राज्य में आंदोलन की तैयारी है। डॉक्टरों का कहना है कि जामताड़ा, धनबाद, हजारीबाग की घटना के बाद भी सरकार की ओर से आरोपियों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिए जाने से वे आक्रोशित है। डॉक्टरों के प्रति सरकार का रवैया उदासीन है। इसलिए उन्हें ऐसा कदम उठाना पड़ रहा है। आइएम ने हजारीबाग में डॉक्टर के साथ मिसबिहेव की घटना के आरोपी अधिकारी डीडीसी को पद से हटाने की मांग की है।सिविल सर्जन ऑफिस गढ़वा में पिछले दिनों सिविल सर्जन, सदर हॉस्पिटल डीएस और डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर के साथ गाली गलौज के बाद मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। इसके विरोध में 25 फरवरी को गढ़वा में डॉक्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल कर दिया था। साथ ही मांग की गई कि अगर 72 घंटे में दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो राज्यभर में आंदोलन किया जाएगा। इसी के तहत डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान हॉस्पिटलों में केवल इमरजेंसी सर्विस चालू रहेगी। आइएमए और झासा ने राज्यभर के हल्थ वर्करों से भी समर्थन मांगा है ताकि उनका आंदोलन कमजोर न पड़े।

नागालैंड में झारखंड के जवानों से भरी बस पलटी, कई घायल

राष्ट्रीय खबर

रांचीःनागालैंड में जवानों से भरी एक बस पलट गई। हादसे में बस ड्राइवर की मौत हो गई, वहीं बस में सवार कई जवान घायल हो गए। बस में सवार जवान झारखंड पुलिस के जवान हैं। सभी जैप और आईआरबी के जवान हैं। दुर्घटना का कारण बस का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है।बता दें कि झारखंड पुलिस के जवान नागालैंड में चुनाव ड्यूटी के लिए गए थे। दुर्घटना की जानकारी झारखंड पुलिस के अधिकारियों को दे दी गई। घायल जवानों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

फरवरी में ही राजधानी गर्मी से तपी

रांचीः अमूमन झारखंड में फरवरी के महीने में हल्की ठंड रहती है। लोग गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इस बार फरवरी का महीना ही मार्च के महीने जैसा एहसास कराने लगा है। लोग तपती धूप से परेशान होने लगे हैं। बिना पंखा के नहीं रह पा रहे हैं। वहीं राज्य के कई जिलों में तापमान सामान्य से चार से पांच डिग्री सेल्सियस से अधिक है। जो आने वाले मॉनसून के लिए अच्छा संकेत नहीं है। बता दें कि हर साल ठंड खत्म होते-होते रांची व आसपास के जिलों में बसंत ऋतु आ जाता था। लेकिन इस बार ठंड भी पहले खत्म हो गयी और पतझड़ का एहसास भी अब हल्का देखने को मिल रहा है, जो पहले की तरह नहीं है।मौसम विभाग के रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी रांची में जहां अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डीग्री ऊपर चला गया है। वहीं, चाईबासा का अधिकतम तापमान सामान्य से 5.9डीग्री, बोकारो का अधिकतम तापमान सामान्य से 5.6डीग्री, डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान सामान्य से 3.8डीग्री और जमशेदपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 4.6डीग्री ऊपर पहुंच गया है।

कुटुंबकम थीम पर किया युवा सदन का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

रांचीः सरला बिरला विश्वविद्यालय में नेहरु युवा केंद्र ने युवा सदन का आयोजन किया। युवा सदन वसुधैव कुटुम्बकम थीम पर आधारित थी। 2 मार्च को राजधानी रांची में जी 20 की बैठक है। जी 20 की बैठक को लेकर ये आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथियों ने पर्यावरण पर अपनी चिंता जतायी। अतिथियों ने युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए सतर्क रहने की बात कही।युवा सदन के कार्यक्रम को तीन भागों में बांटा गया था। कार्यक्रम के पहले भाग में जी 20 के प्रारुप को तैयार किया गया था। 20 युवाओं को जी 20 के 20 देशों का प्रतिनिधि बनाया गया था। दूसरे भाग में वाई 20 का प्रारुप बनाया गया था। जिसका नाम आस-पड़ोस युवा संसद दिया गया था।

17 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

राष्ट्रीय खबर

रांचीः राजधानी रांची रेलवे स्टेशन पर होली त्यौहार के मद्देनजर हर जगह चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान जीआरपी को सूचना मिली थी कि कुछ लोग गांजा की तस्करी कर रहे हैं, जिसके बाद शनिवार को रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 से जीआरपी एवं आरपीएफ के संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान रांची से दिल्ली जाने वाली गाड़ी में जाने वाले दो गांजा तस्करों को कुल 17 केजी गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया, जिन्हें आज न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है। इस कांड में कुल 5 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इस मामले में सभी नामजद लोगों की गिरफ्तारी करने का प्रयास किया जा रहा है।

झारखण्ड सरकार
मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग

मतदाताओं के लिए आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में **झारखण्ड राज्य अन्तर्गत 23–रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव 2023** में, सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है, मतदान स्थल पर मत डालने से पहले पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना **निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)** दिखाएंगे तथा ऐसे निर्वाचक, जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, तदनुसार निम्न दस्तावेज पहचान हेतु स्वीकार किये जायेंगे:–

1 निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)

वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजः–

2 आधार कार्ड
3 मनरेगा जॉब कार्ड
4 बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक
5 श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
6 ड्राइविंग लाइसेंस
7 पैन कार्ड
8 एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड
9 भारतीय पासपोर्ट
10 फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
11 केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान–पत्र
12 सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र।
13 यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

किसी अन्य सभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते निर्वाचक का नाम जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

फोटो मतदाता पर्ची को मतदान केन्द्र में पहचान के उद्देश्य के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा। आपसे अपेक्षित है कि आप मतदान के लिए निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) या आयोग द्वारा उपरोक्त निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेजों में से एक मतदान के समय अपने साथ अवश्य लाए।

प्रवासी निर्वाचक को, जो अपने पासपोर्ट में उल्लेखित विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, को मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

झारखण्ड राज्य अन्तर्गत 23–रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील है कि निर्भिक एवं स्वतंत्र रूप से मतदान हेतु निर्धारित तिथि दिनांक–27.02.2023 को मास्क का प्रयोग एवं Social Distancing का पालन करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
झारखण्ड, राँची।

PR 291295 (Election) 22-23

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

नौ कदम और

दिल्ली
तेलेंगना
हिमाचल प्रदेश
जम्मु-कश्मीर
गुवाहाटी
आंध्रप्रदेश
चंडीगढ़
बिहार
झारखंड

e-mail (bangla) : rashtriyokhobor@gmail.com
http://rashtriyakhabar.com/epaper
e-mail : rastriyakhabarhn@gmail.com
web : www.rashtriyakhabar.com
Rashtriya khabar
Rashtriyakhabar LIVE
jatiyokhobor.co.in

Visit us @Ph.
0651-2244505
0651-2244605